


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद
शनिवार, 21 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष 06 संवत 2081
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
वर्ष : 2, अंक : 250
मूल्य ₹ 6
आमंत्रण मूल्य ₹ 3 मात्र
पृष्ठ संख्या : 12



जसप्रीत बुमराह का सामना करना बुरे सपने देखने जैसा है ▸ 10

एक देश-एक चुनाव... से जुड़ा विधेयक जेपीसी को भेजा गया ▸ 12


**जयपुर में एलपीजी टैंकर ब्लास्ट**

# 11 लोग जिंदा जले, 14 लापता, मातम

## सुबह-सुबह दहला शहर... इतना भयावह कि उड़ते पक्षी जल गए, बाइक सवार का हेलमेट चेहरे से चिपक गया

एजेंसी। जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुए भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया. दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास एक एलपीजी टैंकर और ट्रक की टक्कर में भयानक विस्फोट हो गया. इस हादसे में 11 लोगों की मौके पर ही जल कर मौत हो गई. जबकि 35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए. हादसे के बाद 14 यात्री और बस का ड्राइवर-कंडक्टर लापता हैं. एलपीजी टैंकर अजमेर की ओर से जयपुर आ रहा था. डीपीएस स्कूल के पास टैंकर यू-टर्न ले रहा था, तभी जयपुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी. नोजल से करीब 18 टन गैस फैल कर 200 मीटर के दायरे में गैस का चैंबर बन गया. कुछ ही सेकेंड में टैंकर में जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास की गाड़ियों में आग लग गई.

### टैंकर ब्लास्ट में 34 पैसेंजर्स से भरी स्लीपर बस भी जल गई, इसमें सवार 34 पैसेंजर्स में से 20 झुलसे हैं





**भीषण आग और तबाही :** विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आग की लपटें आसमान तक पहुंच गईं. घटनास्थल पर खड़ी एक स्लीपर बस में 34 यात्री सवार थे. बस पूरी तरह जल गई, जिसमें 20 लोग गंभीर रूप से झुलस गए. वहीं, कई पक्षी आग की लपटों में जल गए. एक बाइक सवार का हेलमेट उसके चेहरे से चिपक गया, जिससे उसकी आंखें भी जल गईं. अस्पताल में एक ऐसी लाश पहुंची, जिसका केवल धड़ बचा था, सिर और पैर गायब थे. धमाके के घंटों बाद तक इलाके में घुटन और आंखों में जलन महसूस हो रही थी. आसपास की कई गाड़ियां जल कर राख हो गईं. गेल इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से 100 मीटर दूर कच्चे तेल की पाइपलाइन सुरक्षित है, लेकिन इलाके में भारी नुकसान हुआ है.

### जांच और राहत कार्य जारी

फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. प्रशासन ने पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है. घायल यात्रियों को जयपुर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. लापता लोगों की तलाश और मृतकों की पहचान का काम जारी है. यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही की दर्दनाक तस्वीर पेश करता है. प्रशासन से लेकर आम नागरिक तक, सभी के लिए यह चेतावनी है कि सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए.

### जानिए कैसे हुआ हादसा

- एलपीजी से भरा टैंकर अजमेर की तरफ से जयपुर आ रहा था।
- भांकरोटा में डीपीएस स्कूल के सामने से टैंकर यू-टर्न ले रहा था।
- जयपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने गैस के टैंकर के नोजल में टक्कर मार दी।
- नोजल से करीब 18 टन गैस हवा में फैल गई और 200 मीटर का एरिया गैस का चैंबर बन गया।
- इसके कुछ सेकेंड बाद ही टैंकर में जोरदार धमाका हुआ और आसपास की गाड़ियों में आग फैल गई।
- गेल इंडिया के DGM ने बताया कि हादसा स्थल से करीब 100 मीटर दूर कच्चे तेल की पाइपलाइन भी है, लेकिन वो सेफ है।

## न्यूज इन ब्रीफ



### जाकिर हुसैन सुपुर्द-ए-खाक

**न्यूयॉर्क।** विश्व प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन को शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों ने अंतिम विदाई दी. उन्हें सैन फ्रांसिस्को में 19 दिसंबर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया. 73 वर्षीय उस्ताद जाकिर हुसैन का फेफड़ों की बीमारी से उत्पन्न जटिलताओं के कारण पिछले दिनों सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था. तबला वादक अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन को तबले की थाप को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सीमाओं से परे जैज और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत तक पहुंचाने का श्रेय है.

### बांग्लादेश में 2200 व पाकिस्तान में 112 केस

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि साल 2024 में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 2200 मामले सामने आए हैं, वो भी बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद. सरकार ने कहा कि इसी अवधि में पाकिस्तान में भी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के 112 मामले सामने आए हैं. विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों को पत्र लिख कर उनसे अपने देशों में हिंदुओं की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कहा है.

**शीर्ष कोर्ट ने कहा- पति से पैसे ऐंठने के औजार नहीं हैं कानून**

# हिंदू विवाह कोई व्यापारिक सौदा नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसियां। नयी दिल्ली

महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाले कानूनों के दुरूपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बड़ी टिप्पणी की है. शीर्ष अदालत ने कहा है कि महिलाओं के कल्याण के लिए बने सख्त कानून पतियों को सजा देने, धमकाने, दबाने या उनसे पैसे ऐंठने के लिए नहीं हैं. जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मित्तल ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र बंधन है, परिवार की नींव है, कोई व्यापारिक सौदा नहीं. सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी एक वैवाहिक विवाद का निपटारा करते हुए की.

शीर्ष अदालत ने तलाक को मंजूरी देते हुए पत्नी की तरफ से पति के खिलाफ दर्ज कराए गए सभी आपराधिक मामलों को भी रद्द कर दिया. यह मामला एक अलग हुए दंपती के बीच तलाक का था, जिसमें पति को पत्नी को 12 करोड़ रुपए का स्थाई गुजारा देने का आदेश दिया गया था. कोर्ट ने उन मामलों पर चिंता जताई जहां पत्नी और उसका परिवार पति और उसके परिवार से पैसे ऐंठने के लिए आपराधिक शिकायतों का इस्तेमाल करते हैं. बेंच ने देखा कि वैवाहिक विवादों से जुड़ी ज्यादातर शिकायतों में भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं मसलन बलात्कार, आपराधिक धमकी और विवाहित महिला के साथ क्रूरता का एक बंडल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी सुप्रीम कोर्ट ने कई मौकों पर निंदा की है. जजों ने कहा, महिलाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके हाथ में कानून के ये सख्त प्रावधान उनके कल्याण के लिए फायदेमंद कानून हैं, न कि उनके पतियों को सजा देने, धमकाने, दबाने या उनसे पैसे ऐंठने के साधन.

### शीर्ष कोर्ट की बड़ी टिप्पणी



1. सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के कल्याण के लिए बनाए गए कानूनों के दुरूपयोग पर चिंता जताई
2. जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस मित्तल ने कहा कि विवाह एक पवित्र बंधन है, न कि कोई व्यापारी सौदा
3. कोर्ट ने तलाक के मामले में पत्नी द्वारा पति के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों को रद्द कर दिया

### कानूनों का होता है गलत इस्तेमाल

यह टिप्पणी उस समय आई है, जब बेंच ने एक अलग हुए दंपती के बीच शादी को भंग कर दिया. पति को पत्नी को उसके सभी दावों के अंतिम निपटारे के रूप में एक महीने में 12 करोड़ रुपए का स्थाई गुजारा देने का आदेश दिया गया था. बेंच ने कई टिप्पणी की जहां पत्नी और परिवार अपराधों के साथ आपराधिक शिकायत का इस्तेमाल सौदेबाजी के लिए करती हैं. वे इनका इस्तेमाल पति और उसके परिवार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करती हैं, जो आर्थिक प्रकृति की होती हैं. पति-पत्नी के बीच छोटे-मोटे विवाद भी अहंकार और प्रतिष्ठा की लड़ाई में बदल जाते हैं और गंदी बातें सामने आती हैं, जिससे रिश्ता इतना खराब हो जाता है कि सुलह या साथ रहने की संभावना नहीं रहती. कोर्ट ने कहा कि पत्नी द्वारा भोपाल की अदालत में लंबित हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) के तहत दायर तलाक की याचिका को पुणे की अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई थी. पति ने संविधान के अनुच्छेद 142(1) के तहत वैवाहिक संबंध खत्म करने की मांग की थी. अदालत ने कहा कि पक्षकार और उनके परिवार के सदस्य अपने वैवाहिक संबंधों की संक्षिप्त अवधि के दौरान कई मुकदमों में शामिल रहे. बेंच ने कहा कि शादी वास्तव में बिल्कुल भी नहीं चली.

### गुजारा भत्ता 10 करोड़ देने का दिया आदेश

गुजारे के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि पत्नी ने दावा किया कि अलग हुए पति की कुल संपत्ति 5,000 करोड़ है. उसके अमेरिका और भारत में कई व्यवसाय हैं. पत्नी ने दावा किया कि अलग हुए पति ने अपनी पहली पत्नी को अलग होने पर वर्जीनिया के एक घर के अलावा 500 करोड़ रुपए का भुगतान किया था. महिला ने इसी के मुताबिक अपने लिए भी गुजारा भत्ते की मांग की थी. इस पर बेंच ने कहा कि गुजारा के लिए आवेदन में पक्ष जीवनसाथी की संपत्ति, स्थिति और आय का जिक्र करते हैं और फिर ऐसी राशि मांगते हैं जो जीवनसाथी की संपत्ति के बराबर हो सके. हालांकि, इसमें विसंगति है, क्योंकि बराबरी की मांग केवल उन मामलों में की जाती है जहां जीवनसाथी साधन संपन्न है. बेंच ने कहा कि पारस्परिक तलाक के आदेश द्वारा अपनी शादी को भंग करने की याचिका में पति सभी दावों के अंतिम निपटारे के लिए 8 करोड़ की राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गया था. बेंच ने कहा, पुणे की अदालत ने 10 करोड़ का आकलन किया है, जो याचिकाकर्ता के हकदार स्थाई गुजारे की मात्रा है. हम पुणे की अदालत के निष्कर्ष को स्वीकार करते हैं. याचिकाकर्ता को 2 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाना चाहिए, ताकि वह एक और फ्लैट प्राप्त कर सके.

# नहीं रहे ओमप्रकाश चौटाला

## हरियाणा में तीन दिन का शोक, श्रद्धांजलियों का तांता

एजेंसियां। गुरुग्राम




हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार को 89 साल की उम्र में निधन हो गया. घर में तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. उनके निधन से राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई. उन्हें देश भर से लोग श्रद्धांजलि दे रहे हैं. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष राहुल गांधी समेत तमाम लोगों ने चौटाला को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी है. चौटाला के निधन पर हरियाणा सरकार ने तीन दिन का शोक घोषित किया है.

भारत के उप-प्रधानमंत्री रहे चौधरी देवीलाल के राजनीतिक वारिस ओमप्रकाश चौटाला अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं. ओमप्रकाश चौटाला चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे. पहली बार उन्होंने दो दिसंबर 1989 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. उनका यह कार्यकाल 171 दिनों का रहा. वे 12 जुलाई 1990 को फिर से हरियाणा के मुख्यमंत्री बने. इस बार मात्र पांच दिन ही वे इस पद पर रहे. अगले साल यानी 12 जुलाई 1991 को एक बार फिर उन्होंने मुख्यमंत्री पद संभाला. उनका यह कार्यकाल मात्र 15 दिन का रहा. वर्ष 1991 के बाद वे लंबे समय यानी आठ साल तक मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रहे. 24 जुलाई 1999 को एक बार फिर वे सत्ता में वापसी की और दो मार्च 2000 तक मुख्यमंत्री रहे. ओमप्रकाश चौटाला तीन बार तो थोड़े-थोड़े कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री रहे, लेकिन वर्ष 2000 में जब उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभाला तो पूरे पांच साल (2005) तक कुर्सी पर काबिज रहे.

### सपा सांसद के घर पर चला योगी का बुल्डोजर

**लखनऊ।** संभल से सपा के सांसद जिया उर्रहमान बर्क की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. जिला प्रशासन ने बीते 24 घंटों में उनके खिलाफ एक के बाद एक कार्रवाई की हैं. गुरुवार को बिजली चोरी का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को उनके घर पर प्रशासन का बुलडोजर चला. सांसद पर बिजली चोरी का केस दर्ज करते हुए 1.91 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है. विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि सांसद और पूर्व सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के नाम से लगे दो मीटरों की एमआरआई जांच में गड़बड़ी पाई गई. नगर निगम ने सपा सांसद के घर के बाहर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाली पर बनी सीढ़ियां और स्लैब तोड़ दिए.

## आज सूर्य होंगे उत्तरायण, दिन छोटा व रात होगी सबसे लंबी



**खगोल**

- शनिवार, 21 दिसंबर को सूर्य किरणें दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं

एजेंसी। भोपाल

वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर शनिवार को सूर्य अपनी छह माह की दक्षिण यात्रा का समापन करने जा रहा है. इसके बाद इसकी यात्रा उत्तर की ओर आरंभ होगी. यानी, सूर्य इस दिन उत्तरायण हो जाएंगे. इस दौरान दिन इस साल का सबसे छोटा (कम अवधि का) और रात की अवधि सबसे लम्बी होगी.

नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शुक्रवार को विंटर सोलिस्टस की इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार, 21 दिसंबर को सूर्य किरणें भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 50 मिनट पर मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं. इसके बाद सूर्य की कर्क रेखा की ओर उत्तरायण यात्रा आरंभ होगी. उत्तरायण यात्रा आरंभ होने की तारीख को देखते हुए भारत के सहप्रायोजन में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस यानी वर्ल्ड मेडिटेशन डे घोषित किया है. उन्होंने बताया कि इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरों में शनिवार को दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी. सारिका ने बताया कि विगत छह माह से उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था, लेकिन अब यह उत्तर की ओर जाना आरंभ करेगा. वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो शनिवार को दोपहर 2 बजकर 50 मिनट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो जाएगा. उन्होंने बताया कि विंटर सोलस्टिस की यह खगोलीय घटना 20, 21 ,22 या 23 दिसम्बर को हो सकती है, लेकिन 20 या 23 दिसंबर को यह कम ही होती है.

## कार्टून कोना




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,500 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

**राजनीति** भारत में कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां सभी समान हैं

# दूसरों के देवताओं का अपमान हमारी संस्कृति नहीं : भागवत

एजेंसी। नयी दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग ऐसे मुद्दों को उठाकर खुद को हिंदुओं का नेता बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो स्वीकार्य नहीं है. भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत-विश्वगुरु विषय पर व्याख्यान देते हुए समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि हमें दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत सद्भावना और एकता के साथ रह सकता है. उन्होंने भारतीय समाज की बहुलता की सराहना करते हुए उदाहरण दिया कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है. भागवत ने

### भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत-विश्वगुरु पर रखे विचार



कहा कि हमारी संस्कृति में दूसरों के देवताओं का अपमान करना नहीं है और हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं.संघ प्रमुख ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था. उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है. इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता. भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं. उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए. उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है. इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं. आधिपत्य के दिन चले गए.

उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन भी इसी तरह की कट्टरता के लिए जाना जाता था, हालांकि उसके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया था. उन्होंने कहा, यह तय हुआ था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी. तब से, अलगाववाद की भावना अस्तित्व में आई. परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया. भागवत ने कहा कि अगर सभी खुद को भारतीय मानते हैं तो वर्चस्व की भाषा का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है. आरएसएस प्रमुख ने कहा, कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक? यहां सभी समान हैं. इस देश की परंपरा है कि सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धति का पालन कर सकते हैं. दूसरों के देवताओं का अपमान करना हमारी संस्कृति नहीं है. आवश्यकता केवल सद्भावना से रहने और नियमों एवं कानूनों का पालन करने की है.

मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल ने जारी की नई गाइडलाइन, कहा

# रखें ध्यान! मनरेगा का पैसा दूसरे मद में न हो खर्च

विशेष संवाददाता। रांची

अब महात्मा गांधी नरेगा योजना के प्रशासनिक मद की राशि का इस्तेमाल दूसरे मद नहीं होगा. मसलन इस मद की राशि का खर्च भवनों के सुंदरीकरण, वाहन खरीदी, मरम्मत आदि पर पूरी तरह से केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है. इस निर्देश के आलोक में राज्य मनरेगा आयुक्त मृत्युंजय बरनवाल ने गाइडलाइन के अनुसार कार्यों का क्रियान्वयन करने का निर्देश राज्य के सभी उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर दिया है. मनरेगा आयुक्त ने कहा है कि गाइडलाइन के आलोक में अपने स्तर से संबद्ध कर्मियों के निर्देश दें, ताकि प्रशासनिक मद का उपयोग मनरेगा प्रावधानों के तहत हो.



**दिए निर्देश का अनुपालन हक हाल में कराया जाए :** उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक झारखंड से सुसंगत 1 एवं सम्बद्ध प्राधिकृत/ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा निर्गत निर्देशानुसार कार्यवाही के लिए दिए निर्देश का अनुपालन कराने को कहा गया है, यह स्पष्ट किया है कि विभागीय निर्देश का उल्लंघन होने पर अपने स्तर से जांच करते हुए संबद्ध प्राधिकृत/मंत्रालय को विशेष अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभाग को अवगत कराया जाये. दरअसल, कई माध्यमों से यह शिकायत मिल रही थी रोजगार सेवक या अन्य पदाधिकारी मनरेगा के पैसे स्कोर्पियो, बड़े वाहन आदि की खरीद कर ले रहे हैं, जो वित्तीय अनियमितता है. कई पर कार्रवाई का भी निर्देश दिया गया है. इसके बाद नये सिरे से गाइडलाइन जारी किया गया है.

### प्रशासनिक मद से राशि खर्च करने के लिए बताये प्रावधान

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत कार्यों के निष्पादन के लिए प्रशासनिक मद में व्यय किए जाने को लेकर मनरेगा योजनांतर्गत प्रावधान व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार का गाइडलाइन सभी जिलों को भेजा गया है. यह स्पष्ट किया गया है की मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध करायी जा रही प्रशासनिक मद की राशि का उपयोग केवल मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए किया जा सकता है.

### प्राप्त मनरेगा मद में प्रशासनिक मद का उपयोग निम्नलिखित के लिए किया जा सकता है

**यह करें**

- जिला स्तर पर प्रशासनिक व्यय की सीमा 5 प्रतिशत के अंतर्गत मनरेगा कर्मियों के मानदेय का भुगतान किया जाएगा.
- प्रति माह 80 लीटर से अधिक ईंधन पर व्यय नहीं किया जाएगा.
- लेपटॉप/कंप्यूटर/प्रिंटर का क्रम 5 वर्षों के प्रावधान किया जा सकता है.
- मनरेगा योजना में उपयोगी होने वाले सभी सामग्री (स्टेशनरी, लैपटॉप, कंम्यूटर, प्रिंटर आदि) का क्रय जेम पोर्टल से किया जाएगा.
- वर्कसाईट फैसिलिटी का खर्च प्रशासनिक मद से किया जा सकता है.
- रजिस्टर/जॉबकार्ड/MB का खर्च आवश्यकतानुसार किया जा सकता है.

**यह नहीं होगा**

- भवनों का सुंदरीकरण, पर्वत एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मनरेगा से राशि का व्यय नहीं किया जाएगा.
- वाहनों की खरीद एवं मरम्मत नहीं होगा.

## देवेंद्रनाथ समेत 100 लोगों के खिलाफ केस

**रांची ।** रांची में जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन मामले में पुलिस ने जेएलकेएम नेता देवेंद्रनाथ महतो सहित 100 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. यह प्रदर्शन जेएसएससी कार्यालय के सामने हुआ था, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रमाण पत्र जांच कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की थी. नामकुम के सीओ की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया हैं. उन्होंने बताया कि एसडीओ रांची द्वारा लगाए गए निषेधाज्ञा के बावजूद, महतो के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी नामकुम से जेएसएससी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक विरोध की अपील की, पर वो नहीं माने. सरकारी काम में बाधा डाली. इस दौरान बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया और पुलिस पर हमला किया, जिसमें कई जवान घायल हो गए.

स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 कौशल से कुशलता की ओर कार्यक्रम का उद्घाटन

# श्रम विभाग नए जॉब रोल शामिल करेगा : श्रम मंत्री




विशेष संवाददाता। रांची

स्किल स्टेकहोल्डर्स कनेक्ट 2024 कौशल से कुशलता की ओर कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित हुआ. इस कार्यक्रम में श्रम मंत्री एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगार एवं कार्यबल का सृजन विभाग का उद्देश्य है. हम प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समय की मांग के अनुसार नए जॉब रोल शामिल करेंगे, जिससे झारखंड के युवा प्रतिभा प्रतिस्पर्धा में पीछे न रहें. श्रम विभाग कौशल विकास के क्षेत्र में जल्द ही नए जॉब रोल शामिल करेगा, जिसमें से एक विदेशी भाषा प्रशिक्षण में शामिल होगी. कम जनसंख्या वाले देशों में बेहतर वेतन के साथ रोजगार की काफी संभावनाएं हैं. हमारी कोशिश है कि हमारे युवाओं को हम रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराएं.

### हमारा उद्देश्य कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढ़ना है

श्रम मंत्री ने स्टेकहोल्डर्स को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम विभाग कौशल विकास के महत्वपूर्ण ढांचे के रूप में काम कर रहा है. हमारा प्रयास कौशल विकास की चुनौतियों का समाधान ढूंढ़ना है. इसके लिए आवश्यक है कि सभी हितधारक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं. सभी हितधारकों के बीच सामूहिक प्रयास एवं जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता ही हमारी सफलता सुनिश्चित करेगी.

### समय के साथ चलना ही समय की मांग

विभागीय सचिव मुकेशकुमार ने कहा कि हम सब के लिए यह मूल्यांकन का समय है कि कौशल के मानकों पर हमारी उपलब्धि क्या हैं. समय महत्वपूर्ण है और समय तेजी से बदलता है. जो समय के साथ नहीं चलता वह पीछे रह जाता है. कौशल विकास के हितधारक होने के नाते हमें समय की मांग को पूरा करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है. मिशन निदेशक शैलेन्द्र कुमार लाल ने कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में आने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए नए वर्ष में भविष्य के कौशल की मांग पर ध्यान केंद्रित करने को वर्तमान समय की जरूरत बताया. उन्होंने विभागीय मंत्री के मार्गदर्शन एवं विभागीय सचिव के नेतृत्व में विभाग को ज्यादा बेहतर एवं गतिशील बनाने की बात कही. कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन सोसाइटी अंतर्गत सूचीबद्ध प्रशिक्षण सेवा प्रदाता एजेंसी के प्रतिनिधि, सेक्टर स्किल काउन्सिल के प्रतिनिधि, उद्योग समूहों के प्रतिनिधि एवं नियोक्ता कंपनियों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.

## पति की हत्यारी पत्नी व उसके प्रेमी को आज सजा सुनायी जाएगी

**रांची।** पति की हत्या मामले में आरोपी अंजली व उसके प्रेमी राज मुंडा को अपर न्याययुक्त मनीष रंजन की अदालत ने दोषी करार दिया है.दोनों की सजा पर कोर्ट शनिवार को सुनवाई करेगा. हत्या की घटना खेलगांव क्षेत्र के गाड़ीगांव पाहन टोली की है. मृतक राजू मिर्धा की पत्नी अंजली का राज से अवैध संबंध था. राजू मिर्धा कमाने गुजरात गया था, उसी दौरान उसकी पत्नी का परिचय नामकुम के लालखटंगा के राज मुंडा से हो गया था. राजू की पत्नी और बच्चे गाड़ीगांव पाहन टोली में किराये के मकान में रहते थे. वही राजू मिर्धा की अनुपस्थिति में राज उनके घर आना जाना करता था और वह दोनों शादी करना चाहते थे.26 अगस्त 2021 की रात राजू मिर्धा घर पर सो रहा था, तभी उनकी पत्नी अंजली देवी और उसकी पत्नी के प्रेमी राज मुंडा ने राजू मिर्धा की गला दबाकर हत्या कर दी थी.

## सजायफ्ता नक्सली जेठा कच्छप की अपील पर हाईकोर्ट ने मांगा एलसीआर

**रांची।** पुलिस मुखबिर के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या मामले में सजायफ्ता नक्सली जेठा कच्छप की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल अपील की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई. खंडपीठ ने राज्य सरकार से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड( एलसीआर) की मांग की है. दरअसल, अपर न्याययुक्त दिनेश कुमार की कोर्ट ने नक्सली जेठा कच्छप और पौलुस सुरीन को दोहरे हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी. अदालत ने जेठा कच्छप पर 45 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था .जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी.

आजसू चीफ सुदेश महतो ने किया बड़ा दावा

# झारखंड में बंद हो जाएगी 'मंईयां सम्मान योजना'?

संवाददाता। रांची



आजसू चीफ सुदेश महतो ने कहा है कि जेएमएम के नेतृत्व वाली झारखंड की सरकार को योजनाओं को बंद करने के बहाने बनाए बिना यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह महिलाओं और किसानों से किए वादे पूरी करेगी. सुदेश महतो ने यह बात विधानसभा चुनाव के नतीजे और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए पार्टी की बैठक से इतर मीडिया से कही. सुदेश महतो ने कहा, किसानों और महिलाओं को लेकर जो वादे किए थे उसको लेकर मैंने सरकार का समर्थन किया. झारखंड की महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से प्रभावित हुई थीं. मैं चाहता हूं कि सरकार ने जैसा वादा किया था दिसंबर से लाभार्थी महलाओं के खाते में 2500 देना शुरू करे. उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार अपनी लोकप्रिय मंईयां सम्मान योजना को बंद करने के लिए बहाने ढूंढ़ लेगी या फिर कोर्ट जाएगी.

**जेएमएम सरकार ने किया था यह वादा :** जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार ने अगस्त में योजना की शुरुआत की थी और 18-50 वर्ष की महिलाओं को 1000 रुपए देना शुरू किया था. अभी राज्य में इस योजना की 55 लाख लाभार्थी महिलाएं हैं. सुदेश महतो ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि 2024-25 के बजट में सरकार ने ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया था. इसके अलावा इसके लिए कोई गाइडलाइन भी नहीं बनाई थी. इसमें बिना पात्रता जांचे वोट के लिए चुनाव से पहले महिलाओं को पैसे दिए गए. अब यह कह रही है कि जो गैर-पात्र हैं उन्हें पैसा लौटना होगा. सुदेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार ने धान की खरीद पर किसानों को प्रति क्विंटल 3200 रुपए देने का वादा किया था. महतो ने कहा, सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता राज्य में धान खरीद के सेंटर का उद्घाटन कर रहे हैं लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि किसानों को प्रति क्विंटल 3200 रुपए मिलेंगे.

मोरहाबादी में जूस दुकान संचालक व उनके कर्मचारी रोहन हत्याकांड

# दोहरे हत्याकांड में आरोपी दो सगे भाई की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

संवाददाता। रांची

व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता में हुए दोहरे हत्याकांड केस के आरोपी दो सगे भाई अशोक गुप्ता और धर्मेंद्र की डिस्चार्ज पिटीशन पर अपर न्याययुक्त की कोर्ट ने खारिज कर दी. मामले में आरोपियों के खिलाफ 4 जनवरी 2025 को आरोप गठन होगा. पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था. इस मामले में आरोप गठित होना है, जिसे लेकर आरोपियों ने डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल कर आरोप मुक्त करने की गुहार लगायी थी.

11 जुलाई 2023 को बरियातू थाना क्षेत्र की चिरौंदी बस्ती में दोहरे हत्याकांड में मोरहाबादी स्थित जूस दुकान के संचालक मुकेश साव और उनके कर्मी रोहन की हत्या कर दी गयी थी.व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर जूस दुकानदार मुकेश साव और आरोपी अशोक कुमार गुप्ता के बीच रंजिश था . 11 जुलाई 2023 की रात लगभग 10 बजे मुकेश साव अपने कर्मचारी रोहन के साथ दुकान बंद कर घर जा रहे थे, तभी घात लगाए अशोक कुमार गुप्ता और धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने अपने सहयोगियों के संग मिलकर चिरौंदी साइंस सीटी के समीप दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी थी. मामले में पुलिस ने चार लोगों को आरोपी बनाया है.

मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने पहुंचीं मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कहा

# राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर बढ़ाया जाएगा, बिचौलिया प्रथा भी खत्म होगी

**खास बातें**

- राज्य में 10 हजार लीटर दुग्ध कलेक्शन से काम शुरू हुआ था
- आज प्रतिदिन तीन लाख लीटर दुग्ध का कलेक्शन हो रहा है
- बाजार में 10 लाख लीटर दूध की डिमांड प्रति दिन है



विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड के पशुपालकों के लिए एक अच्छी खबर है . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा करेगी. इसका उद्देश्य राज्य के पशु पलकों से उचित मूल्य पर दुग्ध कलेक्शन करना है. रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने पहुंचीं कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये बातें कहीं . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 10 हजार लीटर से दुग्ध कलेक्शन का काम शुरू हुआ था. आज प्रति दिन तीन लाख लीटर दुग्ध का कलेक्शन हो रहा है . लेकिन बाजार की डिमांड 10 लाख लीटर प्रति दिन है. बाजार के डिमांड को दूसरे कंपनी पूरा कर रहे है . जबकि मेधा के उत्पाद की क्वालिटी सबसे ज्यादा बेहतर है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पशुपालक किसानों को दुग्ध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है. ग्रामीण इलाकों में बिचौलिएं सक्रिय हैं . ऐसे में ये जरूरी है कि मिल्क कलेक्शन सेंटर में इजाफा कर बिचौलियों के सिंडिकेट को खत्म किया जाए. मंत्री शिल्पी ने बताया की मांडर की एक महिला 2016 से पशुपालन से जुड़ी है और आज दूध बेच कर प्रति माह दो लाख रुपए तक कमा रही है. मेधा के उत्पाद को राज्य के अंदर ही नहीं आसपास के दूसरे राज्य तक भी पहुंचाना है . इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कैटल फीड प्रोडक्शन का भी जायजा लिया .

समस्याओं से अवगत कराया, चार सूत्री ज्ञापन सौंपा

# झारखंड राज्य विवि संविदा शिक्षक संघ के सदस्य राज्यपाल से मिले

संवाददाता। रांची



झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं. साथ ही राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की समस्याओं से अवगत कराया और चार सूत्री मांग पत्र भी सौंपा. राज्यपाल ने मांगों का ध्यान से अवलोकन कर अपने स्तर से मांगों को सरकार तक भेज देने की बात कही. प्रतिनिधि मंडल में शोभा देवी, प्रिया सिंह, नवनीत सिंह, डॉ. रामानुज पांडेय शामिल थे.

राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के सात साल के कार्यानुभव को ध्यान में रखते हुए उन्हें समायोजित करने, सहायक प्राध्यापकों की सेवा 65 वर्ष सुनिश्चित करने तथा ग्रॉस सैलरी के साथ डीए. प्रदान देने, जेपीएससी द्वारा नियमित बहाली में 25 वरीयता अंक प्रदान करने, नियमित बहाली के बाद भी स्वीकृत पद पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की सेवा समाप्त नहीं करने की मांग की गयी. कहा गया कि वर्षों पूर्व स्वीकृत पद की तुलना में आज विद्यार्थियों की अत्यधिक संख्या सभी विषयों में बढ़ गयी है. ऐसे में शिक्षकों की संख्या बढ़ाना भी जरूरी है.

# झारखंड से कुंभ मेले के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

संवाददाता। रांची

झारखंड के लोगों के लिए खुशखबरी है. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले कुंभ मेले के लिए भारतीय रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है. ट्रेनों की बुकिंग शुरू हो चुकी है. अधिक जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या स्थानीय रेलवे स्टेशन से संपर्क कर सकते हैं.

**कब चलेंगी ये ट्रेनें?**

- **19 जनवरी :** टाटा से टुंडला के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 08057) चलेगी
- **21 जनवरी :** टुंडला से टाटा के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 08058) चलेगी
- **19 जनवरी :** रांची से टुंडला के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 08067) चलेगी
- **20 जनवरी :** टुंडला से रांची के लिए कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 08068) चलेगी

**ट्रेनों का समय**

- **टाटा-टुंडला स्पेशल (08057) :** टाटा से रात 8 :55 बजे चलेगी, गोमो में रात 1 :13 बजे और टंडवा में अगले दिन शाम 7 :20 बजे पहुंचेगी
- **टुंडला-टाटा स्पेशल (08058) :** टुंडला से रात 3 :00 बजे चलेगी, गोमो में शाम 7 :10 बजे पहुंचेगी
- **रांची-टुंडला स्पेशल (08067) :** रांची से दोपहर 10 :30 बजे चलेगी, गोमो में दोपहर 2 :05 बजे और टंडवा में अगले दिन सुबह 6 :30 बजे पहुंचेगी
- **टुंडला-रांची स्पेशल (08068) :** टुंडला से शाम 4 :20 बजे चलेगी

**अदालत** रिटायर्ड डीडीसी अरविंद चौधरी व बेटे मनीष आनंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

# विधवा महिला का 16 साल तक यौन शोषण का आरोप

संवाददाता। रांची




अपर न्यायायुक्त मनीष रंजन की अदालत ने शादी का झांसा देकर महिला का 16 साल तक यौन शोषण करने के आरोपी सेवानिवृत्त डीडीसी अरविंद कुमार चौधरी को राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने आरोपी चौधरी और उनके बेटे मनीष आनंद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. महिला की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पक्ष रखा.

पीडिता की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट को बताया कि महिला विधावा है और नामकुम इलाके की रहनेवाली है. उसकी अरविंद कुमार चौधरी की मुलाकात 2008 में नौकरी को लेकर हुई. नौकरी देने का वादा करते हुए पाकुड़ में तैनात अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने महिला को मिलने के लिए बुलाया. फिर एक होटल में ले जाकर उसका यौन शोषण किया. जब महिला ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने उससे शादी करने का वादा किया. डीडीसी के पद पर कार्यरत रहे अरविंद कुमार ने खुद को कुंवारा बताते हुए महिला को अपने झांसे में फंसा लिया, और लगातार उसके संपर्क में रहा. लोहरदगा ट्रांसफर होने के बाद अरविंद कुमार ने फिर से महिला को बुलाया और उसे साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया. आरोपी वर्ष 2012 में अरविंद कुमार डीडीसी पद से सेवानिवृत्त हो गया.

### सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट में पीड़िता का पक्ष रखा

**नामकुम इलाके में महिला को फ्लैट में रखा**

अधिवक्ता शिशिर राज ने कोर्ट को बताया कि आरोपी अरविंद चौधरी ने महिला को नामकुम में ही एक फ्लैट लेकर रहने को दिया. फ्लैट में वह खुद भी महिला के साथ रहने लगा और उसका शारीरिक शोषण करता रहा. महिला के दो बच्चे भी हैं. सेवानिवृत्ति के बाद अरविंद कुमार चौधरी महिला से दूरी बनाने लगा. महिला ने उससे फोन पर बातचीत की. उसने पटना में रहने की बात बताई तो महिला वहां पहुंच गयी.

**एससी-एसटी थाने में शिकायत दजर्ज करायी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई**

अधिवक्ता शिशिर ने बताया सेवानिवृत्त डीडीसी अरवंदि ने पटना में महिला को पटना हाईकोर्ट के पास मिलने बुलाया था. तभी उसका बेटा वहां पहुंचा और उसने महिला के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज की. किसी तरह से महिला रांची पहुंची और उसने पूरे मामले की शिकायत एससी-एसटी थाना में की. लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उसने सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया. कोर्ट के आदेश के बाद अरविंद कुमार चौधरी और मनीष आनंद के खिलाफ एससी-एसटी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. इसके बाद आरोपी पिता-पुत्र की ओर से कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल कर राहत की गुहार लगायी गयी.

राष्ट्रीय स्कूल खेल का आयोजन पांच जनवरी से रांची में

# शिक्षा सचिव ने खेलकूद विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य नगर निगम के पदाधिकारियों को दिए कई निर्देश

- खिलाड़ियों के रहने और सुरक्षा व्यवस्था में कोताही न बरतें

विशेष संवाददाता। रांची

68 वें राष्ट्रीय स्कूल खेल की मेजबानी और उसकी तैयारियों को लेकर शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें खेलों के आयोजन के दौरान सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी. उमाशंकर सिंह ने पदाधिकारियों को जल्द सभी तैयारी पूरा कर लेने का निर्देश दिया. उन्होंने आयोजन में आ रहे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवासन एवं परिवहन के लिए किये गए प्रबंधों की लगातार निगरानी और आदर्श मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने आवासन के लिए होटलों के चयन में सावधानी बरतने की सलाह दी. उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान किसी भी तरह से सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होना चाहिए, इसके लिए रांची जिला प्रशासन आयोजन समिति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिस बलों की तैनाती सुनिश्चित करे.

सचिव उमाशंकर सिंह ने नगर निगम के पदाधिकारियों को आयोजन स्थल की लगातार साफ सफाई कराने और स्वछता के लिए मानव बल को तैयार रखने का निर्देश दिया. बैठक में राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग निदेशक संदीप सिंह, उपनिदेशक राजकिशोर खाखा, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक संघ के महासचिव मधुकांत पाठक, झारखंड ओलिंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शिवंदु दुबे समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची नगर निगम के पदाधिकारी, विभिन्न खेल संघों, एनसीसी के पदाधिकारी शामिल हुए.

### अबतक झारखंड की झोली में आये हैं 46 पदक

68वें राष्ट्रीय स्कूल खेल 2024-25 में अबतक झारखंड को कुल 46 पदक प्राप्त हुए हैं. इनमे 16 स्वर्ण पदक, 20 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल हैं. झारखंड को अबतक सर्वाधिक पदक आर्चरी में मिले हैं. आर्चरी में राज्य को 10 स्वर्ण, 13 रजत और 4 कांस्य पदक मिले हैं.

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 | 09.9 |
| जमशेदपुर | 27.4 | 10.2 |
| धनबाद | 23.9 | 12.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, शनिवार 21 दिसंबर 2024, पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी संवत 2081


वीर का हिस्सा बनते-बनते रह गई थीं कैट



## ब्रीफ खबरें

### कोयले के आयात में 3.1 फीसदी की कमी

■ कोयला मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट

**धनबाद ।** वित्तीय वर्ष-2024-25 की अप्रैल से अक्टूबर अवधि के दौरान कोयले के आयात में 3.1% की कमी आई है. पिछले वर्ष की इसी अवधि में 154.17 मिलियन टन की तुलना में 149.39 मिलियन टन (एमटी) कोयले का आयात किया गया है. इसके अतिरिक्त, गैर-विनियमित क्षेत्र (बिजली के अलावा) में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-अक्टूबर 24 के दौरान 8.8% की कोयला आयात में कमी आई है. यह जानकरी कोयला मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में है.

### स्मार्ट मीटर से बिजली बिल पाना अब हुआ आसान

**रांची ।** राजधानी रांची में स्मार्ट लगाने और इसके प्री-पेड करने का काम अंतिम चरण हैं. कई कंज्यूमर का स्मार्ट मीटर प्री-पेड में भी तब्दील हो रहा है. अगर कोई कंज्यूमर अपने स्मार्ट मीटर से अब बिजली बिल पाना जा चाहते हैं, तो जेबीवीएनएल ने बिला पाना आसान बना दिया है. बिजली बिल पाने के लिए यह करें कंज्यूमर : स्मार्ट मीटर एकाउंट नंबर को अपने वाट्सऐप नंबर से लिंक कराएं. अगर किसी तरह की तकनीकी समस्या आती है, तो अपने निकटतम बिजली कैंप में जाकर मोबाइल नंबर को लिंक करने के लिए अपने वाट्सऐप नंबर की जानकारी दें. मालूम हो कि सभी निकटत्तम बिजली कार्यालय में अभी बिजली कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो जनवरी 2025 तक चलेगा. उपभोक्ता स्मार्ट मीटर हेल्पलाइन के वाट्सऐप नंबर 9155029417 पर अपना पुराने बिजली की स्पष्ट फोटो या उपभोक्ता संख्या भेज सकते हैं. क्यूआर कोड के जरिए भी प्राप्त कर सकते हैं बिजली बिल जेबीवीएनएल ने क्यूआर कोड भी जारी किया है.

### होटल में खाने खाते हो गई बोलेरो की चोरी

**बरवाअड्डा ।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत के हीरक रोड़ ऐट लेन के समीप एक होटल के समीप से शुक्रवार को एक बेलोरो संख्या जेएच02एएच-3468 चोरी हो गयी. इस संबंध गाड़ी मालिक नावाडीह निवासी अशोक ठाकुर ने बरवाअड्डा थाना में गाडी चोरी होने की लिखित शिकायत दर्ज करायी है. आवेदन में ठाकुर ने कहा है कि अपने बेटे को डाक्टर से दिखाने धनबाद आए थे. वापस लौटने के दौरान आठ लेन रोड में एक होटल में खाना खाने उतरे कुछ देर के बाद गाडी के पास आए तो देखा गाडी नहीं है. काफी खोजबीन के बाद भी गाडी नहीं. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

## सावधान : वासु ऑटो में नकली सामानों के कारोबार पर पुलिस का बड़ा छापा

# हीरो के नकली पार्ट्स और मोबिल कारोबार का भंडाफोड़

**खास बातें**

- 50 लाख से अधिक के नकली सामान बरामद
- ग्राहकों और पार्ट्स विक्रेताओं में मचा हड़कंप

संवाददाता। धनबाद







शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत वासु ऑटो में नकली मोबिल और नकली हीरो के स्पेयर पार्ट्स के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है. शुक्रवार को सेल्ट बिजनेस ऑफ इंटलक्चुकल प्रोपर्टी राइट्स की टीम ने बैंक मोड़ पुलिस के सहयोग से वासु ऑटो में छापेमारी की. जिसमें भारी मात्रा में हीरो, गल्फ, मोटुल और अन्य कंपनियों के नकली मोबिल के साथ-साथ हीरो के रैपर,नकली स्पेयर पार्ट्स और सील करने वाली मशीन बरामद किया है.

टीम की इस छापेमारी के बाद इतनी बड़ी मात्रा में नकली सामानों की बरामदगी से शहर के व्यापारियों और ग्राहकों के बीच हड़कंप मच गया है. क्योंकि बैंक मोड़ में ही पूरे जिले से लोग वाहनों के पार्टस की खरीदारी करते हें. ऐसे में हड़कंप मचना स्वाभाविक है. छापेमारी टीम में शामिल कंपनी के डायरेक्टर विप्लप घोष ने कहा कि पिछले कई महीनों से सूचना मिल रही थी कि बैंक मोड़ स्थित वासु ऑटो में नामी कंपनी का नकली सामान बेचे जा रहे हैं. सूचना मिलने के बाद टीम द्वारा दुकान की रैकी की गई. जिसमें सूचना सही पाई गई. इसके बाद मामले की लिखित जानकारी धनबाद लॉ एंड ऑर्डर डीएसपी को दी गई. छापेमारी के लिए डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर द्वारा बैंक मोड़ थाना से एक टीम दी गई और इसके बाद छापेमारी की गई.

छापेमारी के दौरान दुकान में भारी मात्रा में हीरो का रैपर, स्टिकर, सील करने वाली मशीन, हीरो, गल्फ, मोटुल व अन्य कंपनियों का नकली मोबिल बरामद किए गए. उन्होंने बताया कि यहां से बरामद सामान की कीमत 50 लाख से अधिक है. वासु ऑटो बाजार में कंपनी के नाम पर नकली सामान बेच कर जनता को तो चूना लगा रहा था. बड़े पैमाने पर जीएसटी की भी चोरी की जा रही थी .फिलहाल माल को जब्त कर बैंक मोड़ थाना के सुपुर्द कर दिया गया है. मुकदमा दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी.

### रिटायर्ड आईएएस अरुण कुमार को सीबीआई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** पूर्व स्वास्थ्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह को रांची सीबीआई की विशेष अदालत ने सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है. कोर्ट उन्हें 50-50 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर अग्रिम बेल दी है. उनकी ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. दरअसल उषा मार्टिन माइंस आवंटन घोटाला मामले में रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी अरुण कुमार सिंह के खिलाफ समन जारी किया था. इसके बाद अरुण कुमार सिंह ने हाईकोर्ट का रुख किया है. यह मामला वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन में हुए कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है.

# खलिहान में सोये माँ-बेटे की आग में जलकर मौत

## घटना के बाद गांव में पसरा मातम, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता। डुमरी



छछंदो पंचायत के जोभी में शुक्रवार की सुबह आगलगी में मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गयी. घटना सुबह करीब 8 बजे की है. दोनों के शव पूरी तरह से जल गए थे. मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनका छोटा पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है.



सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और उनका पुत्र खलिहान में सोने गया था. सुबह जब लोगों की चीख-पुकार सुनी तो वह भागकर खलिहान पहुंचा जहां आग लगी हुई थी और उसके चपेट में आकर दोनों की मौत हो चुकी थी. बताया कि उसके 6 बच्चे हैं जिनमें से सबसे छोटा चांद मुर्मू था. जानकारी मिलते ही मधुबन पुलिस घटना स्थल पर पहुंच छानबीन कर रही है. पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी . आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव की पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया गया. आशंका जताई जा रही है कि खेत समीप खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग ताप सोने चली होगी जिसकी चिंगारी संभवतः रह गई हो और फिर वह पुआल से बने ढाक (घर) में पकड़ लिया हो . जिससे जलकर दोनों की मौत हो गई. पुलिस जांच में जूटी है. घटना के बाद गांव में मातम पसरा है .

घटना की खबर सुनकर स्थानीय विधायक जयराम कुमार महतो गांव पहुंचे. पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढ़स बंधाया और सहयोग करने की बात कही. भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव ने भी शोक संतप्त परिवार से मिल सांत्वना दी .

### घर में लगी आग, सामान व बाईक समेत दो मवेशी भी जले

टुंडी. मनियाडीह थाना क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत अंतर्गत बंदोजोर गांव अशोक टुडू घर के एक घर में आग लग गयी. इस आगलगी में घर में रखे सामान के साथ एक मोटरसाईकल में भी आग लग गई. साथ में दो मवेशी भी जल गये, जिससे उनकी तड़प तड़प कर मौत हो गई. घटना के बाद आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण सदमे में हैं. बताया जाता है कि गुरुवार रात को अशोक टुडू घर में बोरसी जलाकर सेंक रहे थे. इसी बीच वे शौच करने चले गए. बोरसी से धुंआ उठ रहा था. वे समझ नहीं पाये की आग धधक जायेगी. बस उसके जाने के बाद आग धधक उठी व पूरे घर को चपेट में ले लिया. वहां धधकती आग देखकर लोग कुछ समझ पाते, आग ने घर को आगोश में ले लिया. घर के साथ गोहाल में बंधे दो मवेशी जिंदा जल में गये. किसी तरह से ग्रामीण जुटे व आग को बुझाया. घटना की जानकारी भुक्तभोगी ने टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को दी. उन्होंने तुरंत यह सूचना टुंडी बीडीओ व सीओ को दिया. सूचना पाकर बीडीओ विशाल पाण्डेय,सीओ जितेन्द्र प्रसाद घटनास्थल पूरे टीम के साथ पहुंचे व क्षतिपूर्ति का जायजा लिया. इस घटना से पूरा परिवार व आसपास के ग्रामीण सदमे में हैं. अंचलाधिकारी ने बताया कि जो भी सरकारी मुआवजा बनता है, जांच रिपोर्ट के आने के बाद स्वीकृति के लिए धनबाद मुख्यालय भेज देंगे.

### फर्जी तरीके से सीसीएल में नौकरी पाने वाले 23 आरोपियों को सजा

पिपरवार । सीसीएल पिपरवार क्षेत्र में फर्जी तरीके से नौकरी पाने वाले 23 आरोपियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है. इस मामले में सीबीआई ने 28 को चार्जशीटेड आरोपी बनाया था, जिनमें तीन आरोपी समीर घोष, सुभाष कुमार पालिक और विजय नारायण अप्रूवल बन गए थे. मामला 29 साल पुराना है. मामले की सजा एडिशनल ज्यूडिशियल कमिशनर प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने सजा सुनायी. सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र में अधिग्रहित जमीन के एवज में मूल रैयत को नौकरी देना था, लेकिन मूल रैयत की जगह किसी और को सीसीएल में नौकरी दे दी गयी. साल 1995 में दो बार में 18 लोगों को जमीन के एवज में नौकरी दी गई थी.वही साल 1996 में 10 लोगों को सीसीएल में नौकरी दी गई थी.फर्जी कागजात पर कुल 28 लोगों को नौकरी दी गई. सभी जमीन का गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर अधिकारियों की मिलीभगत से नौकरी पाने में सफल रहे थे.

## गैंगस्टर प्रिंस खान के घर एटीएस ने की कुर्की



■ धनबाद के क्लिनिलैब पर फायरिंग मामले में की गई कुर्की

संवाददाता। धनबाद

रांची से एटीएस की टीम बैंक मोड़ थाना की पुलिस के साथ गैंगस्टर प्रिंस खान के वासेपुर कमर मखदमी रोड स्थित आवास की कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने पहुंची. उक्त कार्यवाई पिछले दिनों धनबाद के क्लिनिलैब में घटित फायरिंग की घटना मामले में की गई. इस संबंध में एटीएस टीम में शामिल पदाधिकारी रोशन बाड़ा ने बताया कि पिछले दिनों धनबाद के गया पुल स्थित क्लिनिलैब में घटित फायरिंग की घटना में बैंक मोड़ थाना में प्रिंस खान पर केस दर्ज हुआ था. इसी मामले यह कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा रही है. कुर्की के वक्त प्रिंस के घर कोई सामान बरामद नहीं हुआ. क्योंकि पहले भी उसके घर पर दो तीन बार कुर्की जब्ती की कार्रवाई हो चुकी है. इस कारण अब घर पर कोई सामान नहीं मिला. पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई पूरी की.

## कांग्रेस कार्यकर्ता हत्याकांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। जमशेदपुर



जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 4 के पास बुधवार सुबह कांग्रेस कार्यकर्ता हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही सुलझा ली है. मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इनमें भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा और शक्ति विभर शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तीन देसी कट्टा, एक गोली और तीन खोखा भी बरामद कर लिया है. बता दें कि इस वारदात में बाइक सवार अपराधियों ने आलोक भगत उर्फ आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी थी.

वर्चस्व को लेकर हुई थी आलोक मुन्ना की हत्या : एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर आलोक मुन्ना की हत्या की गयी थी. आकाश और आलोक के बीच काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था. काली पूजा विसर्जन के दिन भी दोनों के बीच झड़प हुई थी. इसके बाद आकाश ने आलोक की हत्या की योजना बनायी थी. आरोपी विकास सिंह और शक्ति ने आलोक की रेकी शुरू की थी. घटना के दिन सभी ने आलोक को रोका. आकाश ने पहली गोली चलायी, जो आलोक को लगी. इसके बाद आलोक घायल हो सड़क पर गिर गया. उसने खुद को संभाला और पास ही एक घर में जा घुसा. विशाल और पंकज ने आलोक का पीछा किया और घर में घुसकर उसे फिर से गोली मारी. सभी गली के अंदर से होते हुए मौके से फरार जो गए.

**वर्चस्व को लेकर की गयी थी हत्या**

ये हुए गिरफ्तार : भाजपा कार्यकर्ता विकास सिंह, साजिशकर्ता आकाश सिंह उर्फ छोटू बच्चा, विशाल कुमार उर्फ भीखे बाबा, पंकज साव उर्फ बच्चा और शक्ति विभर

## जमीन मापी करने गए सीओ का घेराव, पत्थरबाजी

कोडरमा। कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो खरीटांड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जमीन मापी कराने पहुंचे सीओ हलधर कुमार सेठी को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा. मापी के दौरान ग्रामीणों ने सीओ को घेर लिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी. स्थिति बिगड़ने पर सीओ बिना मापी कराए ही लौट गए. इस मामले में सीओ हलधर कुमार सेठी के आवेदन पर पुलिस ने 17 नामजद और 50 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. घटना को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बतााया कि गुमो खरीटांड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाना जरूरी है. इस प्लांट से झुमरी तिलैया और कोडरमा शहर में जलापूर्ति की समस्या हल होगी. उपायुक्त ने यह भी कहा कि इस भूमि को लेकर 3 साल पहले ग्रामीणों की सहमति ली जा चुकी थी. जुडको की ओर से चिन्हित भूमि पर मापी का काम चल रहा था, तभी ग्रामीणों ने विरोध कर दिया. उन्होंने मापी कार्य रोकने के लिए पत्थरबाजी की और अधिकारियों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया. पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है.

## मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने की उच्चस्तरीय बैठक, डीसी और एसएसपी हुए शामिल

# रणनीति बना नशे के कारोबार की कसें नकेल: मुख्य सचिव

विशेष संवाददाता। रांची



- ■ सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर पोस्ते की खेती करनेवालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें : अलका तिवारी
- ■ लोग पोस्ते की खेती से दूर हों, इसके लिए उचित आमदनी का विकल्प दें
- ■ अभियान चलाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करें

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि सभी संबंधित विभाग नशे के कारोबार पर रणनीति बना कर नकेल कसें. उन्होंने निर्देश दिया कि पोस्ते की खेती, उसकी फसल से अफीम का उत्पादन और वितरण मार्ग पर पैनी नजर रखें. उन्होंने कहा कि पोस्ते की खेती से ज्यादा आमदनी होने के कारण ही लोग इसमें संलग्न होते हैं. वे जेल जाने तक से नहीं डरते. इसे लेकर पोस्ते की खेती से लोगों को निरुत्साहित करने और कृषि विभाग से मिलकर आमदनी का वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराने की जरूरत है. वे शुक्रवार को सचिवालय में पोस्ते की खेती पर रोकथाम को लेकर गृह विभाग द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं. बैठक में गृह सचिव वंदना डाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये. बैठक में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं वन विभाग के सचिव अबूबकर सिद्दिकी भी उपस्थित थे.

धर-पकड़ से अधिक जरूरी सजा दिलाने पर फोकस : उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की पहचान करने, धर-पकड़ करने के साथ ज्यादा जरूरी है कि उन्हें सजा दिलाने के बिंदू पर भी फोकस करें. नशे के कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त कर ही हम मुकम्मल सफलता प्राप्त कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि ज्यादातर पोस्ते की खेती जंगल में जलाशयों के पास होती है.

### शिक्षा विभाग जागरूकता चलाए : अलका

अलका तिवारी ने कहा कि नशे के कारोबार पर जन जागरूकता के माध्यम से भी नकेल कसा जा सकता है. इसके लिए हर स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए. खासकर पंचायती राज विभाग को इसमें शामिल कर उनके संसाधनों का उपयोग जागरूकता अभियान में काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है. उन्होंने कतिपय शहरों में ड्रग्स की बढ़ती लत पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जागरूकता अभियान में शिक्षा विभाग को जोड़ कर स्कूल स्तर से नशे के खिलाफ माहौल बनाने की जरूरत है. इस पर भी रणनीति बना कर कार्य करने पर उन्होंने बल दिया. उसके पहले बैठक में पोस्ते की खेती से प्रभावित जिलों चतरा, खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, पलामू, रांची, चाईबासा और सरायकेला-खारसावां जिले के पुलिस अधीक्षकों और उपायुक्तों ने पोस्ते की खेती पर नकेल कसने की कार्रवाई से अवगत कराया. साथ ही आगे की रणनीति भी बतायी. एनडीपीएस की ओर से पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से नशे के कारोबार पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और उसकी रोकथाम के उपायों पर सुझाव साझा किया गया.

## धनबाद के अनन्य को कैट में 99.80 परसेंटाईल

संवाददाता। धनबाद



कैट 2024 की परीक्षा में धनबाद के अनन्य मनोहर को 99.80 परसेंटाईल प्राप्त हुए है. अनन्य के पिता राम मनोहर आईआईटी आईएसएम में चीफ सिक्योरिटी इंचार्ज हैं. बेटे की इस कामयाबी पर पिता काफी खुश है और अपने आप को गौरवान्वित भी महसूस कर रहे हैं. अनन्य ने कहा कि वह आगे कॉरपोरेट सेक्टर में जाना चाहते हैं. अनन्य मनोहर ने बताया कि कैट में तीन सेक्शन होते हैं. पहला वीआरसी दूसरा एलआरडीआर तीसरा प्वाइंट रहता है. मेन टारगेट स्कोर मैक्सीमाइज करना रहता हैं.इस बार टोटल 204 मार्क्स का था.मेरा वीआरसी में सबसे अधिक मार्क्स रहा. अनन्य ने कहा कि बजाज ऑटो में भी बतौर असिस्टेंट मैनेजर रहे ने कहा कि उन्हें वापस कॉर्पोरेट में जाना है. यूपीएससी दो बार अटेम्प्ट किया हैं हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली. अनन्य ने बताया कि 10th की पढ़ाई उन्होंने कर्नाटक से की है. 11th और 12th की पढ़ाई हैदराबाद से की है. साल 2017 से 2021 तक आईआईटी गुवाहाटी से बैचलर ऑफ़ टेक्नोलॉजी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी की. अनन्य मनोहर ने बताया कि बजाज ऑटो में भी बतौर असिस्टेंट मैनेजर के रूप में कर चुके है.

# इंडिया गठबंधन ने फूंका अमित शाह का पुतला

## डा. भीम राव अंबेडकर को अपमानित करने का विरोध



संवाददाता। निरसा बाजार

निरसा बाजार : राज्य सभा में गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा डा. भीम राव अंबेडकर को अपमानित करने के विरोध में 20 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की ओर से गोपीनाथपुर धरना स्थल पर प्रतिवाद दिवस मनाया गया. गृह मंत्री अमित शाह का पुतला भी फूंका गया. अध्यक्षता झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन व संचालन माले नेता सह जिप सदस्य बादल बाउरी ने किया. वक्ताओं ने कहा कि संसद में गृहमंत्री अमित शाह ने अंबेडकर पर की गई टिप्पणी अपमानजनक और संघ भाजपा की मनुवादी मानसिकता का प्रमाण है. मांग करते हैं कि मोदी सरकार देश से माफी मांगे और गृह मंत्री को बर्खास्त करे. अंबेडकर ने अपने विचारों और संविधान के जरिए समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और समानता के आदर्श वाले भारत की नींव रखी थी. इसलिए देश के करोड़ों दलितों-वंचितों के अंबेडकर आदर्श हैं. अमित शाह के बयान से दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, छात्र-नौजवानों की भावनाओ को ठेस पहुँचाने वाला है.

# तोपचांची झील गेट के समीप ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन



संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत स्थित तोपचांची झील गेट के समीप दर्जनों ग्रामीणों ने झील के पानी से बर्बाद फसल का मुआवजा, गांव में मुफ्त बिजली, पानी, सड़क, झील में मछली पालन तथा गांव के विस्थापितों को अनुबंध के आधार पर नौकरी देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन के दौरान माडा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई. ग्रामीणों ने करीब 10 बजे सुबह झील गेट के समीप धरने पर बैठ गए. करीब 1 बजे माडा के कार्यपालक अभियंता मयंक कुमार भगत धरना स्थल पर पहुंचे. ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने आश्वासन दिया. कार्यपालक अभियंता के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया.

### तीन घंटा झील में आवाजाही बंद माडा को हजारों का नुकसान

तोपचांची झील के गेट पर धरना में बैठे ग्रामीणों के कारण करीब 3 घंटों तक झील में आवाजाही बंद हो गई. आवाजाही बंद हो जाने के कारण झील घूमने पहुंचे पर्यटकों की वाहनों की लंबी कतार लग गई. धरना प्रदर्शन देख कर कुछ पर्यटक झील के प्रवेश द्वार से ही लौट गए. करीब 3 घंटों का धरना प्रदर्शन के कारण माडा को करीब हजारों रुपए का नुक़सान हुआ. करीब 1 बजे माडा के कार्यपालक अभियंता से वार्ता होने के बाद स्थित सामान्य हो पाई.

#### जोरिया में बह रहा फिल्टर का गंदा पानी

धरना प्रदर्शन में बैठे ग्रामीण मनोज महतो ने कहा कि झील का पानी खेत में पहुंचने से फसल बर्बाद हो चुका है. जिसका मुआवजा आज तक माडा के द्वारा नहीं दिया गया है. फिल्टर से निकलने वाला गंदा पानी को लगातार जोरिया में बहाया जा रहा है. झील के पानी से सबसे ज्यादा नुकसान भंवरदहा गांव के ग्रामीणों को उठाना पड़ता है लेकिन आज तक ग्रामीणों को झील से कोई लाभ नहीं मिल पाया है. उन्होंने कहा ग्रामीणों की मांग को लेकर आश्वासन मिला है. 25 दिसंबर तक अगर पहल नहीं की गई तो फिर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा. मौके पर शंकर राय, शिबू महतो, नंदलाल महतो, विकास महतो, दीपक राय, फुचू महतो, प्रदीप महतो, उर्मिला देवी, अनीता देवी, अंजू देवी, पार्वती देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### कटनियां गांव के दो घरों में चोरी

**टुंडी:** दक्षिणी टुंडी कटनियां गांव में दो घरों में अज्ञात चोरों ने हजारों की संपत्ति चोरी कर ली है. गुरुवार की रात को कटनियां गांव सह पंचायत के पूर्व सरपंच युगल किशोर सिंह के यहां रात को कुंआ में लगाए पंप की चोरी कर ली. उनके पुत्र सह सहायक अध्यापक राजीव सिंह ने बताया चोरी किए गए पंप की मूल्य लगभग पंद्रह हजार रुपए है. इधर कटनियां गांव की राधा रमण उर्फ भोला सिंह के यहां छिटकनी लगाकर बगल के रुम से कई सामान व खाद्य पदार्थ की चोरी कर ली. सूचना मिलने पर टुंडी थानेदार उमाशंकर दलबल के साथ पहुंचे व घटना की जानकारी ली.

### पंसस सनाउल्लाह के पुत्र का निधन, मातम

**महुदा ।** बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत हाथुडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सनाउल्लाह अंसारी के बड़ा पुत्र इमरान अंसारी उम्र 25 वर्ष का निधन हो गया है. वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे. निधन की खबर सुनकर बाघमारा प्रखण्ड के उपप्रमुख रंजीत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि बैजनाथ साव, पंसस सुरेश कुमार रजक,रूपदेव रवानी,राजेश राम, दिलखुश अंसारी ,भवानी देवी,पूर्व मुखिया सम्पद घोषाल , समाजसेवी, भागीरथ सिंह, संजय सिंह ,कालीपद कर्मकार, वार्ड सदस्य राकेश कुमार वाउरी के अलावे समाज के सैंकड़ों लोगों ने उनके आवास कुमारडीह पहुँचकर शोक व्यक्त किया.

### बढ़ी मजदूरी, काम पर लौटे मजदूर

**तोपचांची:** रामाकुण्डा पंचायत में रेल परियोजना में कार्य कर रहे मजदूर अपनी मजदूरी बढ़ाने को लेकर बीते मंगलवार से हड़ताल पर चले गए थे. शुक्रवार को तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो के नेतृत्व में रेल परियोजना के कार्य में लगे प्लांट के अधिकारियों से मजदूर के मजदूरी बढ़ाने को लेकर वार्ता हुई. जिसमें प्लांट के अधिकारियों द्वारा मजदूरों की मजदूरी में इजाफा किया गया. मजदूरों की मजदूरी में इजाफा करने के बाद मजदूरों ने उप प्रमुख हेमलाल महतो को धन्यवाद दिया.

### शिवरात्रि को लेकर कमलिया शिव मंदिर में बैठक

**महुदा ।** महाशिव रात्रि पूजा की तैयारी को लेकर नागदा स्थित कमलिया शिव मंदिर के प्रांगण में मन्दिर कमेटी की एक बैठक हुई. इसमें महाशिव रात्रि पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया. कमेटी पुनर्गठन एवं महाशिव रात्री पर्व को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया. समाजसेवी बिनोद महतो ने कहा कि पूजा से पूर्व मंदिर का रंग-रोगन सहित अन्य जरूरी कार्य करने हैं. नई कमेटी में अध्यक्ष पद पर सतिश महतो, सचिव भुतनाथ राय, कोषाध्यक्ष अभिमन्यु महतो, उपाध्यक्ष गौतम प्रमाणिक, राम हरि महतो आदि का चयन किया गया.

### भौंरा 13 नंबर में दिनदहाड़े चोरी

**झरिया ।** सुदामडीह थाना क्षेत्र के भौंरा 13 नंबर निवासी मुन्ना कुमार यादव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े नगदी समेत हजारों की संपत्ति चोरी कर ली. यादव ने बताया कि सुबह वे किसी काम से धनबाद गये हुए थे. जब दोपहर में करीब एक बजे वापस अपने घर लौटे तो देखा कि घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है. घर के अंदर जाकर सामानों की छानबीन किया तो बिस्तर के नीचे रखे 13 हजार रूपये नगद, एक सोने की अंगूठी व चार्ज में लगा सैमसंग का एंड्रॉयड स्मार्ट मोबाइल फोन गायब था. वहीं घर के अन्य सामान व कागजात इधर उधर बिखरे पड़े थे. पीडित ने घटना की लिखित शिकायत सुदामडीह थाना में की है.

# कुसुंडा में भू-धंसान झेल रहे नागरिकों ने निकाला जुलूस

## रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले किया आंदोलन, कार्मिक प्रबंधक को सौंप मांग पत्र





संवाददाता। केंदुआ

कोयला खदानों में लगी आग,भू धंसान, प्रदूषण,असुरक्षा ,विस्थापन का दंश झेल रहे ग्रामीणों ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए रैयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को कुसुंडा क्षेत्र के कार्मिक प्रबंधक वेद प्रकाश को 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने प्रबन्धन से मांग पत्र के आलोक में समस्या का अविलम्ब निदान करने कि मांग की. जुलूस में बसेरिया,धरिया जोबा,गोन्दुडीह, गोधर,गड़ेरिया,निचितपुर,बाँसजोड़ा, गोधर,कुर्मिडीह, ख़रीक़ाबाद आदि गांव के ग्रामीण जुलूस में शामिल थे.ग्रामीणों ने क्षेत्रीय प्रबन्धन से अग्नि व भू धँसान का दंश झेल रहे ग्रामीणों का रैयत जमीन का अधिग्रहण कर नौकरी, मुआवजा देने, ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर सुविधा पूर्ण तरीके से बसाने,निजी कम्पनी में 75 प्रतिशत स्थानीय को रोजगार ,प्रदूषण का नियंत्रण,ग्रामीण बच्चों को मुफ्त शिक्षा, ग्रामीणों को मुफ्त चिकित्सा,लोयाबाद -भूली सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने सहित 11 सूत्री मांग किया. तेतुलमुडी से मोटरसाइकिल जुलूस निकाला. ग्रामीण समस्या को लेकर तेतुलमुड़ी शक्ति चौक से शहीद शक्ति नाथ महतो को माल्यार्पण कर करीब तीन सौ से ज्यादा की संख्या में ग्रामीण कुसुंडा एरिया के लिए मोटरसाइकिल जुलूस लेकर निकले व करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय कर कुसुंडा क्षेत्रीय प्रबन्धन को ज्ञापन सौंपा. रास्ते में सुभाष चन्द्र बोस को तेतुलमारी,राजू यादव को लोयाबाद,नेपाल रवानी को गोधर व रसिक हांसदा को कुर्मीडीह में जुलूस के जत्था ने माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी.

**वर्षों से ग्रामीण झेल रहे दंश :** ग्रामीण भागीरथ रवानी ने कहा कि बीसीसीएल के गलत कोयला खनन नीति का दंश वर्षों से ग्रामीण झेल रहे हैं. इलाके के 10 से ज्यादा गांव के डेढ़ हजार एकड़ भूमि खनन के कारण प्रभावित हुई है.जमीन के नीचे कोयला निकलने से जगह खाली हो गया है.वहां आग धधक रहा है. प्रबन्धन इसपर जल्द कार्रवाई करे व ग्रामीणों को नौकरी,मुआवजा व अन्य सुविधा देकर मामले को सुलझाए. मोर्चा के जुलूस व ज्ञापन सौंपने में रमेश रवानी,डालू महतो,कांति मुर्मू,वीरेंद्र किस्कू,गोविंद मांझी,जगदीश हरि,रवि सोरेन,मंटू महतो, सुनील बेसरा,शकील अंसारी,कृष्णा निषाद, सुरेश मरांडी आदि शामिल थे.

## भाजपा ने शैलेश सिंह को दी श्रद्धांजलि

# शैलेश सिंह के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति : राज सिन्हा



संवाददाता। धनबाद

भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर ओबीसी मोर्चा ने जेसी मल्लिक रोड स्थित जिला परिषद भवन में भाजपा के दिवंगत नेता स्व. शैलेश सिंह चंद्रवंशी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की. इस सभा में धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय सहित सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की. मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि शैलेश जी के जाने से धनबाद जिला भाजपा में एक विशेष स्थान रिक्त हो गया. उनकी भरपाई संभव नहीं है. स्वर्गीय शैलेश चंद्रवंशी झरिया सहित पूरे धनबाद में हिंदुत्व का चेहरा थे. उन्होंने भाजपा में कई प्रमुख दायित्वों को अच्छे ढंग से निभाया था. झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि शैलेश सिंह चंद्रवंशी की मृत्यु भारतीय जनता पार्टी के लिए अपूर्णिय क्षति है. स्वर्गीय शैलेश सिंह हमारे बड़े भाई के रूप में थे. बीते विधानसभा चुनाव में भी वह झरिया विधानसभा चुनाव संचालन एवं प्रबंधन समिति के सहसंयोजक थे. भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हमने अपना पार्टी के प्रति समर्पित नेता को खो दिया. संगठन को बड़ा नुकसान हुआ. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह, रमेश राही, जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, जिला मंत्री पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, बीरेंद्र हांसदा, निवर्तमान पार्षद अशोक पाल, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, दिलीप सिंह, रिंकू सिंह, उमेश यादव, अमरजीत कुमार, मनोज मालाकार, राजकुमार मंडल, जिराखान सिंह, सन्नी रवानी, मनोज सिंह भवानी, पप्पू गुप्ता, अमित मोदक, बबलू फ़रिदि, विजय ठाकुर, रंजीत कुमार, मनोज सिंह, अजीत पोद्दार सहित सैंकड़ो पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

### तोपचांची में जमुनिया जलापूर्ति योजना विफल, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**तोपचांची।** तोपचांची क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा शुरू की गई जमुनिया जलापूर्ति योजना पूरी तरह से विफल साबित हुई है. यह योजना 28 करोड़ की थी और इसका उद्देश्य चार पंचायतों के लगभग 20 से 25 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था. ग्रामीणों का कहना है कि यह योजना शुरू होने के बाद से ही विफल है. तांतरी पंचायत के गोप टोला निवासी दुर्गा प्रसाद यादव ने बताया कि योजना के शुरुआत से ही एक बूंद पानी उनके गांव नहीं पहुंच रहा है. इसी तरह, चलमुंडरी निवासी डब्लू चौधरी ने कहा कि उनके टोला में पाइप लाइन बिछाई गई है, लेकिन आज तक कोई लाभ नहीं मिल पाया है. सामाजिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार की बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है जो अब केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है. उन्होंने कहा कि नई सरकार को इस योजना में जो भी त्रुटि है, उसे दुरुस्त करते हुए चार पंचायत के 20 से 25 हजार आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करानी चाहिए. बताते चलें इस योजना के विफल होने से ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ,

# खेल हमें टीमवर्क की भावना सिखाता है : अनिल कुमार

## मैथन केन्द्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस



संवाददाता। मैथन

केंद्रीय विद्यालय मैथन में शुक्रवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथी सीआईएसएफ मैथन यूनिट के डिप्टी कमांडेंट अनिल कुमार ने कार्यक्रम का उदघाटन किया. मौके पर कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, जो हमारे शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करते हैं. खेल हमें अनुशासन, संघर्ष और टीमवर्क की भावना सिखाते हैं. खेलों के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ और मजबूत बना सकते हैं. इसलिए स्कूलों में हर साल खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. इसके अलावा विद्यालयों में हर दिन खेलकूद के लिए एक निश्चित समय होता है. इस समय में शिक्षक बच्चों को अलग-अलग खेलकूद के तरीके सिखाते हैं. वार्षिक खेल दिवस के दौरान विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित किया गया. जिसमें बुक बैलेंस रेस, सैक रेस, दो सौ मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट आदि शामिल है. छात्रों ने खेलों में काफी उत्साह से हिस्सा लिया.

## कलियासोल में विधायक ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

# किसानों को प्रति क्विंटल धान का मूल्य 24 सौ रुपया मिलेगा : अरूप चटर्जी



संवाददाता। निरसा बाजार

कालूबथान कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के कलियासोल लालपहाड़ी इंटर कालेज के समीप निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने शुक्रवार को सिमुलदोन पैक्स मे धान क्रय केंद्र का उदघाटन फीता काटकर किया. उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष किसानों को प्रति क्विंटल धान का मूल्य 24 सौ रूपया मिलेगा. देखा गया है कि धान क्रय करने बिचौलिया एक हजार से 15 सौ रुपया प्रति क्विंटल के दर से धान खरीदकर बंगाल भेज देते थे. अब आज से ही इस पैक्स में किसानों का धान क्रय किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को धान का सही मुल्य मिलेगा. उक्त अवसर पर विधायक के पत्नी अनंदिता चटर्जी, प्रमुख विवेक मंडल, मुखिया राजीव मंडल, पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार मंडल, पापिया बाउरी, रमेश मंडल, बीसीओ कार्तिक उरांव, विकास कुमार, मिशिल हांसदा, समीरण दे, सुरेश दास आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन की नई कमेटी का पुनर्गठन

**निरसा बाजार।** निरसा गुरुदास भवन निरसा पार्टी कार्यालय मे शुक्रवार को गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन की एक विशेष बैठक आयोजित की गयी.बैठक में फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित हुए. बैठक में पुराने कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संयोजक लाखन सिंह, लालू ओझा, अध्यक्ष बापीन घोष, उपाध्यक्ष छोटन गुराई, सचिव दिनेश सिंह, सह सचिव हरे राम, कोषाध्यक्ष दीपक सिंह सह कोषाध्यक्ष गुलाम रब्बनी एवं शंकर सिंह, मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह एवं मन्नू सिंह, महिला सलाहकर जिला परिषद दीपाली रविदास को बनाया गया. बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाइर जाएगी. आगामी बैठक 27 दिसंबर शुक्रवार को रखी गयी है. बैठक में मुख्य रूप से दिनेश सिंह, राजू राय, भीम गौराई, भीम महतो, किंन्नू महतो, प्रदीप दास, बैजनाथ रविदास, मोहम्मद हाशिम, मदन दे, विजय शर्मा, सरफराज अहमद, दीपू दलाई,राजुद्दीन शेख इत्यादि उपस्थित थे.

### डीवीसी अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**मैथनः** डीवीसी के बीपी नियोगी अस्पताल, मैथन में शुक्रवार को "डीशन हॉस्पिटल" कोलकाता के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में जनरल मेडिसिन और हृदय रोग विशेषज्ञों ने 61 मरीजों की जांच की. शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस नंदी, डॉ. एस मलिक, डॉ. मोइनाथ बसु और डॉ. ए सिद्दीकी ने किया. मौके पर डॉ. नंदी ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे समय पर अपनी चिकित्सा करा सकें. उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल की ओर से इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी. इससे लोगों को काफी लाभ हुआ है. शिविर में मरीजों का ईसीजी और अन्य रूटीन जांच भी की गई. बीपी नियोगी अस्पताल के चिकित्सकों और पैरा-मेडिकल स्टाफ ने इस आयोजन में सक्रिय सहयोग किया. डीशन हॉस्पिटल के पैरा-मेडिकल स्टाफ मधुमिता दास, मौप्रिय नंदी, वरीय प्रबंधक अभिषेक लाहिरी, प्रीतम साहा और शिविर को सफल बनाने के लिए मेट्रन एमिली जोश, रमा सील, स्वर्णमोई साहा, प्राणमिता चंद्रा, अनंतो महतो, महेंद्र राम और बिटू मंडल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### मजदूरों को मिले रोजगार की गारंटी : कोमवयू

**तेतुलमारी :** सिजुआ स्थित कतरास क्लब में कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के सेंट्रल कमिटी की बैठक हुई. जिसमें कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के महासचिव शुभेंदु सेन और अध्यक्ष उपेंद्र सिंह उपस्थित थे. मीटिंग के मुख्य एजेंडा में राष्ट्रीय सम्मेलन में कोल माइंस के नेतृत्वकारी भागीदारी, असंगठित मजदूरों को रोजगार की गारंटी चाहे स्किल्ड हो अनस्किल्ड हो, झारखंड सरकार का एक लाख छत्तीस हजार करोड़ केंद्र के पास बकाया को देना होगा,गुलामी के चार श्रम कोड की वापसी आदि थे.मोदी का कॉरपोरेट नीति और मोदी अदानी का दोस्ताना संबंध से देश और गरीब किसान मजदूर का हाल बेहाल है. सरकारी कंपनी को औने पौने दाम पर बेचा जा रहा है. कोल माइंस वर्कर्स यूनियन आंदोलन में उतरेगी. ऐक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल करने की रणनीति बनी. कोल माइंस वर्कर्स यूनियन में नए एक्जीक्यूटिव को शामिल किया गया. जिसका नाम विक्रमादित्य यादव, कासी कोइरी, बिपिन मंडल, विकाश, खूब लाल है. कृष्णा सिंह, बैद्यनाथ मिस्त्री, बलदेव, जगदीश शर्मा, कासी कोइरी, बिपिन मंडल, भोला सिंह, कामता नोनिया, नागेश्वर, बृजेश सिंह, सरोज कुमार सिंह, परदेशी नोनिया, लिखेंद्र पासवान आदि मौजूद थे.

# सौंदर्यीकरण में घटिया बालू का हो रहा इस्तेमाल

## गोमो रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर टाइल्स लगाने में हो रहा उपयोग

**खास बात**

- प्लेटफार्म नंबर-2 में अवैध बालू का हो रहा भंडारण, अधिकारियों की आंखें बंद



संवाददाता। सतीश गोस्वामी

**गोमो।** बालू अवैध खनन एवं भंडारण को लेकर धनबाद जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई के दिशा निर्देश दिये गये हैं. दूसरी ओर रेल नगरी गोमो ने जिला प्रशासन के निर्देश को ताक पर रख कर बालू की तस्करी व भंडारण खुले आम हो रही हैं. निम्न स्तरीय बालू से रेलवे की करोड़ों रुपये की लागत से अनेक योजनाएं चल रही हैं. जिसमे निम्न स्तरीय बालू का प्रयोग किया जा रहा है. स्थानीय हरिहरपुर पुलिस एवं अंचलाधिकारी तोपचांची अवैध बालू तस्करी को नजरअंदाज कर रहे हैं. गोमो स्टेशन प्लेटफार्म दो नंबर के कई स्थानों पर बडे पैमाने पर अवेध बालू का भंडारण किया गया है. रेलवे की योजना को इसी बालू से पूरा किया जा रहा है. गोमो रेलवे स्टेशन परिसर में करोड़ों की लागत से चल रहे स्टेशन सोंदर्यकरण में इसी घटिया बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है. संवेदक पूरी तरह स बेखौफ होकर उक्त कार्य करवा रहा है. जानकार बताते हैं कि रेलवे की विकास योजनाओं में ग्रेट वन बालू के इस्तेमाल का प्राकल्लन है परंतु जो योजनाएं चल रही हैं, उसमें मिट्टी कंक्रीट युक्त बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है. इसके अलावा उसमें निम्न स्तरीय सीमेंट भी मिलाई जा रही है. इसी बालू से प्लेटफार्म पर टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है. रेलवे के संबंधित अभियंता संवेदक के द्वारा किए जा रहे निम्न स्तरीय कार्य पर उंगली उठाने से परहेज कर रहे हैं. सूत्रों की मानें तो रेलवे के वरीय पदाधिकारी की मिली भगत से गोमो स्टेशन में निम्नस्तरीय कार्य किया जा रहा है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि वर्तमान केन्द्र सरकार के कार्यकाल में योजना के नाम पर रेलवे में लूट हो रही है. ठेकेदार और संबंधित विभाग के अधिकारी मालामाल हो रहे हैं. जिसे कोई देखने वाला नहीं है.

### बैंक केवाईसी और सरकारी अनुदान दिलाने का झांसा दे करते थे ठगी

## पुलिस ने 3 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**खास बातें**

- सात मोबाइल, चार सिम और बाइक बरामद



**संवाददाता। गिरिडीह**

साइबर थाना की पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली मोड़ से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में गांडेय थाना क्षेत्र के पंदनाटांड़ निवासी साहिल अंसारी (19 वर्ष) एवं नजमुल अंसारी (23 वर्ष) के अलावे बेंगाबाद थाना क्षेत्र पुर्री निवासी प्रमोद यादव (30 वर्ष) शामिल हैं. इनके पास से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड एवं एक बाइक भी बरामद किया है. साइबर डीएसपी आबिद खान ने प्रेसवार्ता कर उक्त जानकारी दी. बताया कि एसपी गिरिडीह को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से यह सूचना मिली कि खंडोली मोड़ के समीप कुछ साइबर अपराधी साइबर क्राइम की घटना को अंजाम दे रहे हैं. उक्त सूचना पर एसपी ने एक टीम गठित कर इस मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया. साइबर डीएसपी की गठित टीम में साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि पुनीत कुमार गौतम, गुंजन कुमार, सअनि गजेंद्र कुमार आरक्षी कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान थे। छापामारी कर तीनों को मौका ए वारदात से अपराध करते धर दबोचा. गिरफ्तार साइबर अपराधियों के मुतिबिक वे खुद को बैंक अधिकारी बताकर बैंक केवाईसी अपडेट करने के नाम पर एपीके फाइल भेजते और बैंक खाते की जानकारी चुराकर ठगी करते थे. इसके अलावा कोरोना का टीका लगवाने के एवज में 10 हजार की सरकारी सहायता का झांसा देकर भी लोगों को ठगा जाता था. पकड़े गये युवकों के विरुद्ध कांड संख्या 44/2024 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया.

### आंगनबाड़ी और पीडीएस में जमकर हो रही मनमानी : पंसस

**गावां(गिरिडीह)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंसस की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में पूर्व बैठक में लिए गए प्रस्तावों के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई. सभी विभागों के कार्यकलापों की समीक्षा की गई. सदस्यों ने प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में मनमानी पर चिंता व्यक्त की. आंगनबाड़ी को सुचारू रूप से चलाने पर जोर दिया गया. सदस्यों का कहना था कि कई आंगनबाड़ी केंद्र समय पर नहीं खुलते है. कई केंद्र अक्सर बन्द देखे जाते है. पदाधिकारी व पर्यवेक्षिका आदि नियमित केंद्रों की जांच करें. प्रखंड के विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की स्थिति में सुधार करने की बात कही. मध्यान्ह भोजन चावल की कालाबाजारी का मामला भी उठा. मामले की निष्पक्षता पूर्वक जांच करने की मांग की गई.

## सरस महोत्सव में दिखेगा कसमार के घोड़ा लोक नृत्य का जलवा



**संवाददाता। कसमार**

रॉंची के मोरहाबादी में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मेला में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कसमार के सिंहपुर निवासी विनोद कुमार महतो की टीम जागो जगाओ सांस्कृतिक कला मंच भी अपनी प्रस्तुति देगा. मेला में घोड़ा लोक नृत्य एवं खोरठा लोक गीत नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी. विनोद कुमार महतो ने बताया कि 21 सदस्यों के टीम रवाना हो गई है. कलाकारों में अशोक कुमार महतो, बलराम महतो, हरि महतो, कांशी नाथ महतो, प्रेमचन्द कालिन्दी, करण कुमार महतो, अमर कुमार महतो, बैजनाथ महतो, संदीप कुमार महतो, संजीत कुमार गंझु, धनंजय घांसी, शक्ती कुमार साव, डिंपल कुमारी, प्रिती कुमारी, सोनी कुमारी, सुष्मिता कुमारी मुर्मू, बसंती कुमारी, रेखा कुमारी, रानी कुमारी, रेखा कुमारी, अनिता कुमारी आदि टीम में शामिल हैं.

**ब्रीफ खबरें**

### शव दफनाने को लेकर जमीन विवाद

**तलगड़िया।** सियालजोरी थाना क्षेत्र के चंदाहा में शव दफनाने को लेकर हुई जमीन विवाद के बाद मामला एक बार फिर गरमा गया. दोनों पक्ष जमीन पर अपना दावा कर रहे है. सूचना पर सियालजोरी पुलिस, चास बीडीओ प्रदीप कुमार, पिण्ड्राजोरा, चंदनकियारी, आमलाबाद थाना की पुलिस पदाधिकारी पहुंचे. सियालजोरी थाना व प्रशासन के पहल पर मामला फिलहाल शांत है. प्रशासन की ओर से विवादित जमीन पर 163 धारा लागू किया गया. आपसी सुलह के बाद शव को अन्यत्र दफनाया गया. इसी जमीन को लेकर जगदीश मोदक, संजय मोदक तथा डा० अब्दुल अंसारी के बीच विवाद है. मोदक परिवार की ओर से भी आवेदन दिया गया था जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने धारा 163 लगा दिया है. बीडीओ प्रदीप कुमार व प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि मामले पर नजर रखे हुए है.

### पुलिस कस्टडी में युवक की बिगड़ी तबीयत

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना में पूछताछ के लिए लाये युवक की तबीयत बिगड़ गयी. पुलिस ने युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां स्थिति बिगड़ने पर रांची रेफर कर दिया गया है. पुलिस कस्टडी में युवक की तबियत बिगड़ने पर परिजनों का आरोप है कि थाने में उसके साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. गंभीर हालत में उसे गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. इधर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि चोरी की बाइक रखने के आरोप में करहरबारी निवासी प्रेम कुमार पासवान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था.

### ब्राइडल मेकअप से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर

**मधुपुर।** शहर के काली मंडा रोड स्थित निजी होटल के सभागार में शुक्रवार को एसएम मेकओवर द्वारा में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. आयोजन में ब्राइडल मेकअप समेत विभिन्न प्रकार के मेकअप प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के बाद नीलम कुमारी, निशा जावेद, प्रीति शर्मा, और प्रिया कुमारी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. मेकअप आर्टिस्ट और प्रशिक्षक शोभा सोरेन ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर बैठना नहीं है. प्रशिक्षण में सीखे हुए हुनर का पूरी क्षमता से इस्तेमाल कर खुद का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनें.

# पुलिस की मिलीभगत से हो रही जमकर गौ तस्करी

- पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस नहीं चलाती है कोई अभियान
- ग्रामीण सड़कों से होकर रात में बंगाल बार्डर की ओर जाते हैं मवेशी लदे पिकअप





**संवाददाता। गोड्डा**

मवेशी तस्करों का सुरक्षित पनाहगार के रूप में संताल परगना के जिला का नाम सबसे ऊपर चल रहा है. खासकर गोड्डा जिला इस मामले में सबसे आगे है. बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे होने के कारण गोड्डा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में मवेशी तस्करी का धंधा पूरी तरह से परवान पर है. अवैध कारोबार से मोटी कमाई होने के कारण पुलिस वालों का तस्करों को खुला संरक्षण प्राप्त रहता है. प्रतिदिन सप्ताह सैकड़ों की संख्या में बेजुबानों को कष्टकारी परिस्थितियों में वाहनों के जरिए बंगाल बार्डर की ओर ले जाया जाता है. यूपी से चलकर बिहार झारखंड के रास्ते बंगाल की सीमा में प्रवेश करने का एक प्रमुख मार्ग हंसडीहा से कमराडोल (पौडेयाहाट) थाना क्षेत्र से पार करते हुए आगे देवदांड थाना की सीमा से निकलकर पाकुड़ और दुमका जिला के हिस्से से गुजरते हुए बांग्लादेश और बंगाल में घुस जाते है. पूर्व में कभी कभार एकाध बार कुछ बरामदगी और गिरफ्तारियां दिखाकर खानापूर्ति करने की कार्रवाई कर दी जाती थी मगर अब पशु तस्करी पर नियंत्रण से बाहर है. गोड्डा जिला के राजाभीठा थाना क्षेत्र के केड़ो और बांसजोरी के बीच ग्रामीणों ने रात में गौ वंश से लदे वाहनो को रोककर तस्करों से पूछताछ किया था. इस तरह की दस गाड़ियां हर दो से तीन दिन में फेरी मारती है. रात के अंधेरे में पिकअप वैन में गौ तस्करी होती है. जो गाड़ी दुमका जिला से रजिस्टर्ड नंबर की गाड़ी में लदे पशु की दयनीय स्थिति देखकर गांव वालों ने वीडियो बनाकर वायरल भी किया, मगर प्रशासन पहले भी चुप थी और आगे भी चुप ही रहने की संभावना है. भले ही मासूम पशु बेजुबान हो मगर उसकी भी तो आह कभी ना कभी असर जरूर दिखाएगी.

### वेदांता तीरंदाजी अकादमी के कुलदीप का नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयन



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के उभरते सितारे कुलदीप महतो ने 14 दिसंबर, 2024 को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जमशेदपुर में आयोजित राज्य चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन किया। बिजुलिया हाई स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र कुलदीप सियालजोरी पंचायत के बुढिबिनोर गांव के रहने वाले हैं और उन्हें अनुभवी हेड कोच बुधेश्वर मुर्मू के शागिर्द हैं। कुलदीप 3 से 10 जनवरी, 2025 तक जयपुर राजस्थान में आयोजित चैंपियनशिप भाग लेंगे. कुलदीप वेदांता ई एस एल तीरंदाजी अकादमी के अत्याधुनिक तीरंदाजी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है. अकादमी ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी स्थापना के बाद से कुल 185 पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कुलदीप को शुभकामनाएं दी. कहा कि कुलदीप का उत्कृष्ट प्रदर्शन वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के माध्यम से भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है.

**न्यूज अपडेट**

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन में आरूष को राज्य में पहला स्थान

**बोकारो।** विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र आरूष रंजन ने पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है. आरुष ने कक्षा 10 के समूह में राज्य में सबसे ज्यादा अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है. पहली रैंक पाते हुए आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है. विदित हो कि बीते 23 अक्टूबर और 27 अक्टूबर को ऑनलाइन मोड में वीवीएम 2024-25 की परीक्षा हुई थी, जिसमें डीपीएस बोकारो के नौ विद्यार्थी राज्य स्तर पर चयनित किए गए थे. इसके बाद 15 दिसंबर को सीएसआईआर सीआईएमएफआर धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय शिविर में प्रैक्टिकल और लिखित परीक्षा के बाद पूरे झारखंड से आरूष रंजन ने 10वीं कक्षा के ग्रुप में रैंक 1 लाकर अपनी कामयाबी का परचम लहराया.

### झामुमो ने किया गृह मंत्री का पुतला दहन

**गिरिडीह।** झामुमो ने शुक्रवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में टावर चौक पर पुतला दहन किया. कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से जुलूस की शक्ल में निकल टावर चौक तक नारेबाजी की. जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि अंबेडकर पर गृहमंत्री द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी भाजपा के सामंतवादी सोच का परिचायक है. गृह मंत्री की टिप्पणी ने बाबा साहेब अंबेडकर समर्थकों के दिलों को आहत किया है. इसकी जितनी निंदा की जाए कम है. उन्होंने देश के आम जनों से दलित व किसानों से नफरत करने वालों का बहिष्कार करने की अपील की. कहा कि अमित शाह की टिप्पणी देश व समाज को बांटने का काम करेगी. सिंह ने कहा कि झारखंड के विधानसभा चुनाव में भी भाजपाइयों की सोच और बोल ने समाज को बांटने का प्रयास किया, पर यहां के मतदाताओं ने भाजपा को करारा जवाब दिया. ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए. मौके पर कृष्ण मुरारी शर्मा, शाहनवाज अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### कांग्रेस नेताओं पर दर्ज केस के विरोध में प्रदर्शन

**गिरिडीह।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमे के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर के टावर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया. विरोध प्रदर्शन की अगुवाई करते जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि कांग्रेसी भाजपा से हर मुकाबले के लिए तैयार है. केंद्र सरकार बौखलाहट में तानाशाही पर उतर आई है. पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में उनकी आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाते रहे. राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज की गई है. गृह मंत्री के द्वारा भीमराव अंबेडकर के बारे में बेहद आपतजनिक टिप्पणी से ध्यान हटाने के लिए यह भाजपा का घिनौना प्रयास है. भाजपा की कार्रवाई न केवल व्यक्तिगत नेताओं पर बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है.

### एसडीएम-सीओ ने रक्तदान कर युवाओं को किया प्रेरित

**डुमरी।** गिरिडीह रक्त अधिकोष में रक्त की कमी एवं अधिकोष में नियमित रूप से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार सदर अस्पताल गिरिडीह की ओर से शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान 22 यूनिट रक्त संग्रहित हुए. रक्तदान शिविर गिरिडीह सदर अस्पताल के डॉ सोहेल अख्तर के नेतृत्व में हुआ. सहयोगी के रूप में एलटी संत कुमार, जीएनएम, सरिता सिन्हा, एलटी विनिता मराण्डी, एमएसडबल्यू आनंद सिंह व डीओ सुधीर कुमार थे. शिविर में एसडीएम शहजाद परवेज सीओ शशिभूषण वर्मा रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ राजेश महतो सामाजिक कार्यकर्ता आशीष उर्फ टींकू जायसवाल, डॉ केके वर्मा, बीटीटी मानिकचन्द महतो, रवीन्द्र कुमार,योगेन्द्र कुमार आदि ने रक्तदान कर अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. एसडीएम कहा कि रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद की जीवन बचा सकते हैं. रक्तदान को लेकर आमजनों में जो भ्रांतियां हैं, वे निराधार है. बताया कि 7 जनवरी 2025 को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया जायेगा.

### संचारी रोग से संबंधित कार्यो का प्रशिक्षण संपन्न

**साहिबगंज।** सिविल सर्जन साहिबगंज के सभागार में शुक्रवार को इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी ) एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के तहत बीपीएम, बीडीएम, एलटी, फार्मासिस्ट, एएनएम, निजी हॉस्पिटल के रिपोर्टिंग कर्मी आदि का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया. सिविल सर्जन साहिबगंज की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में आईडीएसपी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया. प्रशिक्षक डीडीएम तौसीफ अहमद ने संचारी रोग से संबंधित सभी बीमारियों आईएचआईपी पोर्टल में कैसे एंट्री करना है के बारे में जानकारी दी गई. किसी भी बीमारियों के आरंभिक स्थिति में पहचान कर आईएच आईपीपोर्टल में रिपोर्ट करने एवं इसकी सूचना ब्लॉक एवं जिला स्तर को दिए जाने के संबंध में बताया गया. इस दौरान अब तक किए गए रिपोर्टिंग का संस्थानवार समीक्षा की गई. आईएचआईपी पोर्टल में आंकड़ों की शत प्रतिशत प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिया गया. आगे से रिपोर्टिंग शत प्रतिशत नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार करवाई करने की बात कही.

### होल्डिंग टैक्स के लिए कमर्शियल प्रतिष्ठानों की मापी

**बोकारो।** अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को होल्डिंग टैक्स के लिए नगर निगम की ओर से चास क्षेत्र के कमर्शियल प्रतिष्ठानों की मापी की गयी. सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी के नेतृत्व में निगम की गठित टीम, चास स्थित वाणिज्यिक एरिया के होल्डिंग टैक्स निर्धारण के लिए 15 कमर्शियल प्रतिष्ठान का मापी किया. सहायक प्रशासक ने 30 दिसंबर 2024 तक हर हाल में सभी बकाये होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने का सख्त निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि निर्देश के अवहेलना करने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम-2011 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए घृतिकर प्रबंधन स्वयं जिम्मेवार होंगे, क्योंकि भुगतान करने हेतु कई बार समय दिया गया हैं. मौके पर नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक कर संग्रहकर्ता, पीआइयू मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे.

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में खेल प्रतियोगिता

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 36वां वार्षिक द्विदिवसीय खेल प्रतियोगिता ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का समापन शुक्रवार को हुआ. विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि सुभाष रजक, खेल नागरिक सेवा प्रबंधक सेल, डॉ मनीषा तिवारी, निदेशक, डीपीएस चास का सम्मान किया गया. प्राचार्या पी शैलजा जयकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जीवंत और ऊर्जावान स्कूल खेल दिवस से एथलेटिक्स के साथ रचनात्मक और लयबद्ध प्रतिभा को भी प्रदर्शित करने का मार्ग प्रशस्त करते है. बच्चों में मानसिक और शारीरिक संतुलन आवश्यक है.

## एटीएम से हुई 29.56 लाख की चोरी मामले में दो गिरफ्तार



**संवाददाता। बोकारो**

चन्दनकियारी बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीम मशीन तथा उससे 29.56 लाख रूपये की चोरी का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है. मामले में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जबकि एक फरार है. पुलिस ने टूटे हुए एटीएम मशीन को भी बरामद कर लिया है. मामले की जानकारी देते हुए बोकारो एसपी मनोज सवार्गीयारी ने बताया की सन्नी कुमार के लिखित आवेदन के बाद त्वरित कार्रवाई के लिए एसडीपीओ चास के नेतृत्व मे एसआईटी का गठन किया था. एसआईटी टीम के द्वारा तकनीकी शाखा एवं मानवीय सूचना के आधार पर घटना का उदभेदन करते हुए कांड में शामिल दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है. निशानदेही पर एटीम मशीन एवं मशीन को ले जाने में प्रयुक्त ट्रॉली को भी बरामद किया गया है. फरार अपराधी के गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है. चोरी किये गये रुपयो की बरामदगी के लिए प्रयास कर रहे है. गिरफ्तार अपराधियों में तेतुलमारी के मनोहर कुमार साहनी तथा रामकुमार शामिल है.

## डॉक्टर की अनुपस्थिति में अल्ट्रासाउंड करने पर पाटलावती डायग्नोस्टिक सील

- गिरिडीह के तिसरी में चल रहा था जांच सेंटर
- अल्ट्रासाउंड करने वाला युवक मौके से फरार मशीन-लैपटॉप जब्त



**संवाददाता। तिसरी**

पाटलावती अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में शुक्रवार को गिरिडीह के सिविल सर्जन एसके मिश्रा के औचक निरीक्षण से अफरातफरी मच गया. निरीक्षण के दौरान जांच वाले केबिन में एक महिला का अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। निरीक्षण टीम को देखते ही अल्ट्रासाउंड करने वाला युवक भाग खड़ा हुआ. भागन के क्रम में युवक अपना मोबाईल वहीं छोड़ गया. सीएस डायग्नोस्टिक सेंटर से अल्ट्रासाउंड की मशीन सहित अन्य सामग्री व रजिस्टर जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गये है. कार्रवाई में सीएस के साथ तिसरी के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.देवव्रत, प्रवीण कुमार,एएसआई कोलेश्वर राम, प्रशांत कुमार, मनीष कुमार आदि शामिल थे. सिविल सर्जन ने बताया कि तिसरी के पाटलावती अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर जांच के लिए पहुंचे थे. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सक की अनुपस्थिति में कलावती देवी नामक महिला का अल्ट्रासाउंड किया गया था. अल्ट्रासाउंड करने वाला युवक अपना मोबाइल फोन वहीं छोड़कर फरार हो गया. मौके से अल्ट्रासाउंड मशीन, लैपटॉप, मोबाइल, कीबोर्ड और व्हीलचेयर को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया गया है. हालांकि पाटलावती अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर का लाइसेंस है. जांच के क्रम में कई अव्यवस्था उजागर हुई है. बगैर विशेष चिकित्सक के अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था. अल्ट्रासाउंड रूम में एसी भी नहीं लगाया गया है.

## सीएचसी के औचक निरीक्षण में सीएस ने दिए सख्त निर्देश



**संवाददाता। गावां(गिरिडीह)**

सीएस डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने शुक्रवार को गावां सीएचसी का औचक निरीक्षण किया . बारी-बारी से सभी वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए. ओपीडी, इमरजेंसी निरीक्षण कर इसे अलग शिफ्ट करने का निर्देश दिया. प्रसव वार्ड, शीत श्रृंखला, दवा भंडार का निरीक्षण कर दवाओं को व्यवस्थित रूप से रखने का सख्त निर्देश दिया. दवा भंडारण में आगत और निर्गत पंजी का भी उन्होंने निरीक्षण करते हुए दवाओं का मिलान किया. कार्यालय के अन्य दस्तावेजों आदि का भी निरीक्षण किया. उन्होंने भवन के सीढ़ी की मरम्मती एवं भवन का रंग-रोगन करने का निर्देश देते हुए बिजली उपकरण को ठीक कर करवाने पर जोर दिया. कहुवाई स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचकर नव निर्मित भवन का निरीक्षण कर उसे व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिये. मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वम, बीपीएम प्रमोद बरनवाल, डॉ हब्बीबुल्लाह खान, डॉ मुकेश कुमार, बीडीएम गंगा राणा, प्रभात रंजन समेत कई लोग उपस्थित थे.

### संस्था वर्दी वेलनेस ने कराई थी नृत्य स्पर्धा

## डीपीएस बोकारो की छात्रा त्रिनयोना को मिला विश्वरत्न सम्मान




**संवाददाता। बोकारो**

डीपीएस बोकारो की 10वीं कक्षा की होनहार छात्रा त्रिनयोना को उत्कृष्ट नृत्यकला के लिए प्रतिष्ठित विश्वरत्न सम्मान से नवाजा गया है. विद्यालय संगीत, कला सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभाओं का मूल्यांकन कर प्रोत्साहित करने वाली जानी-मानी संस्था वर्दी वेलनेस ने व्यापक स्तर पर एक स्पर्धा करवाई थी. इसमें नृत्य संबंधी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि के लिए विद्यार्थियों की कैटेगरी में पूरे झारखंड से एकमात्र त्रिनयोना को विश्वरत्न सम्मान के लिए चयनित किया गया. उसे स्मृति-चिह्न, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने त्रिनयोना को पुरस्कृत करते हुए बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कहा कि प्रत्येक बच्चे में अपनी खास प्रतिभा होती है और डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों की हर प्रतिभा को निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता रहा है. त्रिनयोना के पिता प्रोसांता कुमार डीपीएस बोकारो के शिक्षक है मां दीपान्विता कुमार मेकअप आर्टिस्ट है. उन्होंने बताया कि उसे बचपन से ही नृत्य में रुचि रही है और वह इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती है. पांच साल की उम्र से ही उसने नृत्य सीखना शुरू कर दिया था. नृत्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार अर्जित किए हैं. उसे आधुनिक एवं समकालीन नृत्य के विभिन्न स्टाइलों में विशेषज्ञता हासिल है. त्रिनयोना अपने पिता को ही अपना प्रेरणा-स्रोत मानती है.

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणितज्ञ रामानुजन को श्रद्धांजलि

**कसमार।** पीएम श्री एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनायी गई. कार्यक्रम संयोजक शिक्षक अशोक कुमार रजवार ने विस्तार से श्रीनिवास रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला. प्रभारी प्राचार्य डॉ रणजीत कुमार झा, डॉ अवनीश कुमार झा आदि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की. गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र मनीष कुमार, दिया मुखर्जी, ज्ञान रंजन, धनंजय कुमार, शिवम मुखर्जी, धीरज कुमार, गौतम कुमार, संतोषी कुमारी, नंदनी कुमारी, किरण कुमारी एवं उनकी टीम ने आकर्षक रंगोली बनाकर श्रीनिवास रामानुजन के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय बाल संसद के प्रधानमंत्री रोहित कुमार महतो एवं शिबू कुमार घांसी ने किया. मौके कैलाश कुमार, राजेश कुमार एवं दिनेश कुमार महतो उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**धनबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म करने के एक मामले में धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने रामगढ़ निवासी कृष्ण जीवन पांडे को बीस वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. गुरुवार को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर मधुबन थाने में 28 मई 2024 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता जब स्कूल जाती थी तो आरोपी हमेशा उसे छेड़छाड़ करता रहता था. आरोप था कि 2 जून 2023 की रात को पीड़िता घर में अकेली थी तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था. इसका वीडियो भी बना लिया था. आरोप था कि वीडीयो दिखाकर वह बराबर पीड़िता को ब्लैकमेल करता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था. पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 29 मार्च 2024 एवं 2 अप्रैल 2024 को भी आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया था.

### दहेज हत्यारोपी पति को दस वर्ष कैद

**धनबाद।** दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मार देने के एक मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायधीश कुलदीप की अदालत ने जोड़ापोखर निवासी मनोज प्रमाणिक को दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है. 13 दिसंबर को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था. प्राथमिकी मृतका की मां की शिकायत पर जोड़ापोखर थाने मे 26 अप्रैल 2022 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक मृतका शोभा कुमारी ने मनोज के साथ 30 जून 2021 को शादी की थी. प्राथमिकी के मुताबिक दोनों एक साथ मिठाई दुकान मे काम करते थे. आरोप था कि शादी के बाद से मनोज एक लाख रुपए दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा था. आरोप था कि 24 अप्रैल 2022 को रात दस बजे शोभा की गला दबाकर हत्या कर दी गई. अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 जुलाई 22 को आरोप पत्र दायर किया था.10 नवंबर 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. इस दौरान अभियोजन ने कुल दस गवाहों का परीक्षण कराया था.

# धनबाद में रोजगार मेला

## एमटेक-बीटेक छात्र भी जॉब की तलाश में पहुंचे

संवाददाता। धनबाद



श्रम ,नियोजन , प्रशिक्षण एवं कौशल विकास,झारखण्ड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर धनबाद में शुक्रवार को 1466 पदों के लिए दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया. जिसमें बेरोजगार युवक युवतियों के लिए रोजगार का अवसर प्रदान किया गया.रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर मासिक 52 हजार तक का जॉब दिया जा रहा है. जिला श्रम नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि रोजगार मेला में करीब 24 कम्पनियों ने भाग लिया है. नन मैट्रिक से लेकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनेवाले छात्रों के लिए भी रोजगार मेला में जॉब पाने का अवसर दिया जा रहा है. मेला में एमटेक-बीटेक के भी छात्र पहुंचे हैं.उन्होंने बताया इनमे 12 से 14 कंपनीयां ऐसी हैं, जिनका जॉब लोकेशन धनबाद और धनबाद के आसपास के जिलों में है. कुल मिलाकर कंपनीयां लोकल स्तर पर जॉब बाँट रही है. श्रम विभाग के पुर्नावास पदाधिकारी राजीव कुमार ठाकुर ने बताया कि आज के दौर में कई कंपनीयां हैं जो दिव्यांगों को जॉब ऑफर करने में हिचकीचाती हैं. मसलन उन्हें लगता है कि दिव्यांगजन बेहतर काम नहीं कर सकते बल्कि ऐसा नहीं है. दिव्यांग भी बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं. श्रम विभाग भारत सरकार उन्हें जागरूक करने का प्रयास कर रही है. रोजगार मेला में जॉब की तलाश में आयी एक दिव्यांग युवती जहिदा खातून ने बताया कि उन्होंने इंटर किया है और अब जॉब की तलाश में हैं ताकि आत्मनिर्भर बन सके.

# आवंटित राशि की वर्तमान स्थिति की डीसी ने की समीक्षा

संवाददाता। धनबाद




उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभागों को योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन राशि की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की. उपायुक्त ने चिरकुंडा नगर परिषद, पशुपालन, नियोजन, मत्स्य, योजना, स्पेशल डिवीज़न, उद्यान, कृषि, लघु सिंचाई, पेयजल मैकेनिकल, भवन प्रमंडल, आरसीडी, सामाजिक सुरक्षा, सिविल सर्जन कार्यालय, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, सहकारिता, खेल, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, शिक्षा सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालयों, सभी अंचलाधिकारी के कार्यालयों समेत अन्य कार्यालयों के योजना और गैर योजना मद में प्राप्त आवंटन एवं उनके व्यय की समीक्षा की. समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लोगों के कल्याण एवं जिले के विकास के लिए विभागों को राशि आवंटित की जाती है. राशि का उपयोग नहीं होने से आम जनता राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाती है. बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अंचल अधिकारी मौजूद थे.

### नमस्ते स्कीम के तहत सफाई कर्मियों में पीपीई किट का वितरण

**धनबाद।** नगर निगम कार्यालय में नमस्ते स्कीम के तहत नगर आयुक्त ने सफाई कर्मियों के बीच पीपीई किट का वितरण किया. यहाँ पीपीई किट सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ध्यान के प्रति वितरित किया गया. नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गए नमस्ते योजना के अंतर्गत प्रोफाइलिंग किये गए सफाई कर्मी को पीपीई किट का वितरण किया गया. जिसमें सभी को किट में मास्क, गलब्स, जूता, टोपी इत्यादि किट में उपलब्ध कराया गया. नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने कहा कि यह किट पहन कर ही नाली की साफ सफाई एवं सीवरेज की साफ सफाई करनी है.

# स्मार्ट मीटर लगाने में हो रही घोर अनियमितता : संतोष

## आजसू नेता ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। धनबाद



सिंगल फेज स्मार्ट मीटर लगाने में घोर अनियमितता बरती जा रही है. इसे लेकर आजसू के जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुशवाहा ने शुक्रवार को महाप्रबंधक अशोक सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा है. संतोष ने बताया कि सिंगल फेज स्मार्ट मीटर लगाने की जिम्मेवारी बेनटेक मीटर एजेन्सी को दी गई है. जो कि निःशुल्क बिजली उपभोक्ताओं का लगा हुआ पुराना मीटर को बदल कर स्मार्ट मीटर में परिवर्तन करना है. मीटर बदलने के क्रम में बेनटेक कर्मियों के द्वारा पुराने मीटर का अंतिम पठन के साथ छेड़-छाड़ किया जा रहा है. अबतक जितना भी मीटर बदला गया है. उसमें बदले गये पुराने मीटर का अंतिम पठन उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों से जांच कराने की मांग की है. संतोष ने बताया कि मीटर रीडिंग को कम कर बिजली बोर्ड को नुकसान पहुँचाने की खेला चल रहा है. जिससे विभाग को राजस्व का नुकसान है.

### वाइल्ड वादी पार्क का शुभारंभ

**धनबाद।** शहर के मेमको मोड़ के समीप बिरसा मुंडा पार्क में वाइल्ड वादी पार्क का विधिवत शुभारंभ किया गया. पार्क में मनोरंजन और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम पेश करता है. पार्क में रंग-बिरंगे फूलों, विदेशी पक्षियों और बच्चों के खेल-कूद के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं. इसके साथ ही यहां बर्ड पार्क भी बनाया गया है, जहां कई विदेशी पक्षियों को रखा गया है. मौके पर मीडिया को जानकारी देते हुए संचालक शैलेंद्र जायसवाल ने बताया कि यह धनबाद का पहला ऐसा पार्क है. जहां मनोरंजन के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण का भी अनुभव मिलेगा. पार्क में बर्थडे पार्टियों और अन्य आयोजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. यहां झूले, फव्वारे, और विभिन्न प्रकार के खेल उपकरण लगाए गए हैं. बच्चों के लिए झूलों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्गों के लिए भी प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने के साधन मौजूद हैं.

# आईआईटी में नेतृत्व कौशल पर कार्यशाला

- देश भर के विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी पहुंचे
- नेतृत्व कौशल पर विचारों का अदान प्रदान

संवाददाता। धनबाद



शिक्षा मंत्रालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के तहत आयोजित प्रमुख पहल,नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के एमएमटीटी केंद्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम ने देशभर के विभिन्न संस्थानों जैसे बीएचयू वाराणसी, ईएफएलयू हैदराबाद, केंद्रीय कश्मीर विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, आईआईटी जोधपुर, काजी नजरूल विश्वविद्यालय, सिद्धो-कान्हो-बिरसा विश्वविद्यालय, और गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय अहमदाबाद के प्रतिभागियों में नेतृत्व कौशल का विकास किया. यह परिवर्तनकारी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के महत्वपूर्ण पहलुओं पर केंद्रित थी, जिसमें नेतृत्व विकास और हाइहर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के फैकल्टी की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने पर जोर दिया गया. शिक्षा मंत्रालय का मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत समर्थन इस दृष्टि को साकार करने में सहायक सिद्ध हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, माननीय डॉ. पंकज के.पी. श्रेयास्कर, उप महानिदेशक, मोएसपीआई, भारत सरकार द्वारा दिया गया प्रेरणादायक मुख्य भाषण प्रतिभागियों के बीच गहराई से प्रतिध्वनित हुआ. विशिष्ट अतिथि, प्रो. सागर पाल, डीन (आर एंड डी) ने अकादमिक क्षेत्र में नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, प्रतिभागियों को बदलाव के वाहक बनने के लिए प्रेरित किया.एमएमटीटी केंद्र की कार्यक्रम निदेशक, प्रो. मृणालिनी पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया. विशेष धन्यवाद सम्मानित विशेषज्ञों को दिया गया, जिनके ज्ञानवर्धक सत्रों ने प्रतिभागियों की सोच को गहराई से प्रभावित किया. ₹कार्यक्रम का सुचारू संचालन आयोजन समिति के सघन प्रयासों के कारण संभव हो पाया, जिनकी मेहनत ने सभी के लिए एक उत्पादक और समृद्ध अनुभव सुनिश्चित किया, प्रो. पांडेय ने आगे कहा. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नेतृत्व विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की. कार्यक्रम के समापन के साथ, प्रतिभागियों को सिखाए गए पाठ और बनाए गए संबंधों को आगे बढ़ाने, और अपने-अपने क्षेत्रों में प्रेरणा और नवाचार लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

## आसनसोल

# बैंक ने कुल्टी पार्षद का घर किया सील, परिवार फरार

- लोन नहीं चुकाने पर पार्षद के घर पर ताला

संवाददाता। बराकर



बैंक के लोन का भुगतान समय पर नहीं करने पर आसनसोल कोर्ट के कमिश्नर की उपस्थिति में हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बैंक ने पार्षद के घर को सील कर दिया. शुक्रवार को हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बैंक आसनसोल शाखा ने कुल्टी के वार्ड नंबर 63 के पार्षद सलीम अख्तर के घर पहुंचे तथा बैंक का लोन भुगतान नहीं करने को लेकर उनके घर पर ताला लगाकर सील कर दिया. इस दौरान बैंक के आदेश पर भारी संख्या में पुलिस के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कुल्टी के पतियाना स्थित वार्ड नंबर 63 के पार्षद सलीम अख्तर के घर पर अधिकारियों ने दविश डाला. मालूम हो कि बीते डेढ़ महीने से पार्षद सलीम अख्तर अपने परिवार के साथ फरार है .जब अधिकारी दल बल के साथ उनके आवास पर पहुंचे तो उनके घर में उनके भाई समीम अख्तर अंसारी एवं उनके परिवार के लोग थे. बैंक एवं पुलिस के अधिकारी काफी समय तक शमीम अख्तर अंसारी एवं उनके परिवार को समझा बूझकर घर को खाली करने का प्रयास कर रहे थे. बाद में बैंक के अधिकारी तारक सामंतों ने पार्षद के घर के अंदर सभी घरों के दरवाजे पर ताला लगाकर सील कर दिया. इस संबंध में बैंक के अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2018 में पार्षद सलीम अख्तर ने इस बैंक के आसनसोल स्थित शाखा से लगभग 19 लख रुपए लोन लिया था. लेकिन बीते दो वर्षो से उन्होंने लोन का एक भी किस्त जमा नहीं किया. इसके बाद बैंक द्वारा कानूनी प्रक्रिया अपना कर कोर्ट के कमिश्नर की उपस्थिति में पार्षद के घर को सील किया गया. हालांकि इस संबंध में पार्षद के भाई ने बताया कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी नहीं है.

### श्रेयांश गुप्ता ने यूसीएमएस परीक्षा में जीता अवार्ड

**रानीगंज।** रानीगंज के आठवीं क्लास के छात्र श्रेयांश गुप्ता ने यूसीएम एस की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा में थर्ड रनर अप अवार्ड जीतकर अपने परिवार और शहर को गर्व से भर दिया है. यह परीक्षा दिल्ली में आयोजित की गई थी, जहां विभिन्न राज्यों और विदेशों के लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था. श्रेयांश की इस उपलब्धि पर उनके परिवार के लोग काफी खुश हैं, जिनमें उनके पिता प्रवीण गुप्ता, मां प्रीति गुप्ता और दादी श्यामा गुप्ता शामिल हैं. श्रेयांश ने बताया कि वह आगे चलकर सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी करेंगे और वर्तमान में मंगलपुर एस के एस पब्लिक स्कूल के छात्र हैं. उनका सम्मान सुरक्षा संस्था की तरफ से भी प्रमाण पत्र देकर किया गया है. श्रेयांश की यह उपलब्धि उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है और हमें उम्मीद है कि वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे.

# पेयजल की मांग को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता। कुल्टी



कुल्टी सैल ग्रोथ वर्क्स के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में विगत कई दिनों से पीने के पानी की आपूर्ति सही ढंग से नहीं होने के कारण गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई. जिसको लेकर लगातार लोगो द्वारा सैल गए पर धरना प्रदर्शन जारी है. इसी कड़ी सैल के आई जी कॉलोनी की महिलाओं ने गुरुवार को रात्रि कुल्टी थाना पर विरोध प्रदर्शन किया. वही 62 नंबर वार्ड में शुक्रवार को पीने के पानी की मांग को लेकर सेल ग्रोथ वर्क्स कुल्टी कारखाना के मुख्य द्वार के पास स्थानीय लोगो ने धरना-प्रदर्शन दिया. इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों ने इडी की गाड़ी को भी रोक प्रदर्शन किया. ईडी के आश्वासन देने के बाद गाड़ी को प्रवेश करना दिया गया. इस दौरान दो घंटे तक धरना-प्रदर्शन चलता रहा. मामले को लेकर टीएमसी के पार्षद प्रतिनिधि सोदाइ मडंल ने कहां कि विगत कइ दिनों से सेल ग्रोथ वर्क्स द्वारा पीने के पानी की सप्लाई बंद कर दिए जाने से इंदिरा गांधी न्यू कॉलोनी के साथ लगभग 500 क्वार्टर में पानी की आपूर्ति बंद है, जहां सीआईएसएफ के 30 परिवार भी रहते हैं जहां किसी तरह टैंकर से पानी का सप्लाई किया जा रहा हैं. उन्होंने कहा कि टैंकर से इतनी बड़ी आबादी में पानी की सप्लाई करना मुश्किल भरा काम हैं. जिसका समाधान सेल ग्रोथ वर्क्स प्रबंधन को निकलना होगा. स्थानीय महिलाओ ने बताया कि सेल ग्रोथ वर्क्स में हम लोगों की तीन पुस्त काम कर चूंकि हैं. कई लोग बाहर काम कर रहे हैं. जिससे कई प्रकार की परेशानियों से गुजरना पड़ रहां हैं. इडी की गाड़ी रोके जाने के बाद इडी ने पार्षद प्रतिनिधि मंडल को बुलाया, इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सोदाइ मडंल और स्थानीय लोगो से मिलने गए. सोदाइ मडंल से हुई बातचीत पर उन्होंने बताया कि सेल डीभीसी से बातचीत कर डैम से पानी छोड़ने को कहा हैं और नया टेंडर भी किया किया जा रहा है. इसके बाद आनेदलन खत्म किया गया.

# सीएमओएआई ने ईसीएल के नए सीएमडी को किया सम्मानित



संवाददाता। सांकतोड़िया

कोल माइन्स ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया , ईसीएल शाखा की एक टीम ने शुक्रवार को ईसीएल के नव नियुक्त सीएमडी, सतीश कुमार झा से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया. इस टीम की ओर से सीएमओएआई ईसीएल शाखा के अध्यक्ष जे.पी. सिंह, कोषाध्यक्ष सुब्रतो बनर्जी उपाध्यक्ष आर.के.पी. सिंह, उपाध्यक्ष एपेक्स गौतम सेनगुप्ता, उपाध्यक्ष एपेक्स प्रभाकर कुमार, सलाहकार गौतम पोद्दार, संयुक्त महासचिव ईसीएल मुख्यालय सुधेश कुमार, संयुक्त कोषाध्यक्ष ईसीएल मुख्यालय आदित्य दुगर, कोषाध्यक्ष, ईसीएल शाखा धीरज ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे. टीम ने नव नियुक्त सीएमडी का स्वागत किया. कहा कि इनके भारत की कोयला खनन यात्रा की शुरुआत के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्थल पर हुआ. अध्यक्ष जे.पी. सिंह ने कहा कि यह एसोसिएशन और उद्योग के लिए गर्व का क्षण है जब सतीश कुमार झा ने 19 दिसंबर 2024 को आधिकारिक रूप से ईसीएल के सीएमडी के रूप में कार्यभार संभाला.

### क्रिसमस उत्सव का वर्चुअल उद्घाटन




**पुरुलिया।** पुरुलिया में क्रिसमस उत्सव का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया. इसका पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के एलन पार्क से शहर के जीईएल चर्च और एसेंशन चर्च के वर्चुअल क्रिसमस उत्सव का उद्घाटन किया. पुरुलिया जीईएल चार्ज परिसर में पुरुलिया के जिलाधिकारी रजत नंदा, जिला परिषद जिला सभाधिपति निवेदिता महतो, पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी, पूर्व मंत्री शांति महतो समेत विधायक सुशांत महतो और प्रमुख लोग मौजूद थे.

# पुरुलिया का पारंपरिक मेला तृणमूल की गुटबाजी से बंद

संवाददाता। पुरुलिया



तृणमूल कांग्रेस की गुटबाजी के कारण लगभग 350 साल पुराना पारंपरिक मेला बंद हो गया है. पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर 1 नंबर ब्लॉक में बेड़ो खेलाई चंडी मेला बड़ा मेला है. यह मेला हर साल 14 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित किया जाता है. यह मेला पुरुलिया के अन्य पारंपरिक मेलों में से एक है, जिसमें हर दिन हजारों आगंतुकों की भीड़ उमड़ती है. यह मेला 2021 तक आयोजित किया गया था. फिर 22, 23 और 24 में यह मेला बंद हो गया. मेला को लेकर कई दुकानें और विभिन्न व्यवसाय होते थे.

लेकिन इस मेले से होने वाली आर्थिक आय के स्रोत पर कई स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की नजर पड़ी. वित्तीय बंटवारे की लड़ाई शुरू हुई. 2024 में, जब मेले की अनुमति दी गई, तो तृणमूल के गुटीय संघर्ष ने विकराल रूप ले लिया, जिससे अंततः दोनों गुटों के बीच झड़प हुई. आपसी विवाद चरम सीमा पर पहुंचने पर इलाके के कई लोग मारपीट में घायल हो गये. मजबूरन प्रशासन को यह मेला बंद करना पड़ा. मेला कानूनी जटिलताओं में लटका रहा. हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि इस प्राचीन और पारंपरिक मेले को शुरू करने के लिए हर साल प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं हो सका. दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सौमेन बेलथरिया ने कहा कि हम इस वर्ष मेला आयोजित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. 23 दिसंबर को रघुनाथपुर अनुमंडल शासक कार्यालय में दोनों पक्षों के साथ और हम सभी की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गयी है. इस बैठक से हमें उम्मीद है कि इस वर्ष मेला आयोजित होगा. उन्होंने यह भी कहा कि हम मिल-बैठकर चर्चा करेंगे और उम्मीद है कि निर्णय निकलेगा कि हम यह मेला लगाएंगे. दूसरी ओर, भाजपा की ओर से बताया गया है कि पुरुलिया जिले का यह पारंपरिक मेला तृणमूल के पैसे के बंटवारे के कारण आज बंद होकर रह गया है. यह लज्जाजनक स्थिति है.सबको पता है तृणमूल नतलब ही काट मनी. इसलिय ये लोग सब सकते हैं. इन्हें धिक्कार जनाता हूं.

# नवनियुक्त आरपीएफ प्रभारी को किया सम्मानित




संवाददाता। बराकर

बराकर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बराकर के नवनियुक्त आरपीएफ प्रभारी हवा सिंह जाखड़ को सम्मानित किया है. यह सम्मान बराकर कल्याणेश्वरी रोड स्थित बराकर चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में दिया गया. चैंबर के सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल ने कहा कि चैंबर व्यवसाई का एक समूह है और हमेशा नए अधिकारियों का स्वागत करते हैं. उन्होंने आरपीएफ प्रभारी से बराकर में अपराधिक घटनाओं पर नकेल कसने का अनुरोध किया, क्योंकि बराकर सीमावर्ती क्षेत्र है जहां अपराधी घटनाओं के बाद सीमा पार चले जाते हैं. आरपीएफ इंस्पेक्टर ने व्यवसाइयों से कहा कि उनके सहयोग से अपराध को काफी हद तक समाप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे. इस अवसर पर चैंबर के कई सदस्य मौजूद थे, जिनमें बालमुकुंद अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल, महेश जालान, सीताराम, सीताराम बर्नवाल और विजय जैन शामिल थे.

न्यूज अपडेट

## मधुबन में अवैध डीजल लोड टाटा सूमो जब्त



**मधुबन।** मधुबन पुलिस ने गुरुवार की रात्रि लगभग 2 बजे महेशपुर में वाहन चेकिंग के दौरान अवैध डीजल लोड टाटा सूमो को जब्त किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फुलारीटांड़ की ओर से सिल्वर कलर की टाटा सुमो अवैध डीजल लेकर कतरास की ओर जा रही है। पुलिस ने टाटा सूमो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक सुनील कुमार महतो भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने टाटा सूमो को घेराबंदी कर रोक लिया और लगभग 300 लीटर डीजल जप्त किया। इस संबंध में एएसआई मंजीत पासवान के लिखित शिकायत पर अवैध डीजल चोरी का मामला दर्ज कर चालक सुनील कुमार महतो को हिरासत में जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

**गोविंदपुर।** प्लस टू हाई स्कूल नगरकियारी में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया. इसके साथ ही 12 दिसंबर से आयोजित खेल-खेल में गणित न्यूमरेसी कैंपेन 2024 का विधिवत समापन हुआ. महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. बच्चों को खेल-खेल में गणित का ज्ञान दिया गया. प्राचार्य डॉ मीरा सिंह ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे. उन्होंने अपने जीवनकाल में लगभग 3,900 गणित के सिद्धांतों को विकसित किया. उनके सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक है "रामानुजन प्राइम". उन्हें भारत के सबसे महान गणितज्ञों में से एक माना जाता है और उनकी जयन्ती 22 दिसंबर "राष्ट्रीय गणित दिवस" के रूप में मनाई जाती है. मौके पर शिक्षकों ने गणित के कई सरल सूत्र विद्यार्थियों को बताएं. बच्चों ने गणित के क्षेत्र में योगदान करने वाले गणितज्ञों को रेखांकित किया. मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे.

## निचितपुर से गोमो तक रेल चौड़ीकरण का कार्य अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा: दीप नारायण.

**कतरास।** झारखंडी रैयत रेल विस्थापित समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि डीएफसीसी द्वारा पूर्व-मध्य रेलवे डिवीजन में रेल चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है. निचितपुर से गोमो तक विस्थापित और प्रभावित रैयत इस योजना में काम मांग रहे हैं. परन्तु जो कम्पनी इस कार्य को कर रही है, उस कंपनी में किसी भी विस्थापित और प्रभावित रैयत को काम पर नहीं रखा जा रहा है. पिछले तीन माह से कंपनी के लोग विस्थापित और प्रभावित रैयतों को ठगने का काम कर रहे हैं. कंपनी गुंडों के बल पर काम करवाना चाह रही है, जो किसी कीमत पर हम होने नहीं देंगे. अगर कंपनी हमलोगों की मांग को नहीं मानती है तो हम गांव के लोग अपने अधिकार को छीन कर लेंगे. रैयतों की मांग के समर्थन एवं कंपनी का अड़ियल रवैया के विरुद्ध 21 दिसंबर से निचितपुर से गोमो तक रेल चौड़ीकरण के कार्य को अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा.

## परसिया में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस

**पुटकी।** अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस शुक्रवार को पुटकी, परसिया में मनाया गया. जिसकी अध्यक्षता पीबी क्षेत्र के अभियंता अरुण कुमार सिन्हा एवं संचालन रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी चिंता राम महतो ने किया. मौके पर सिन्हा ने मानव एकजुटता दिवस की प्रसंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किया. कार्यक्रम में पीबी एरिया एवं डबलू जे एरिया के कई गणमान्य लोग शामिल हुए. मौके पर संजय कुमार सिंह,निरंजन शर्मा,आनंद महतो,ह्रदय कुमार,भागीरथ महतो,प्रदीप कुमार,भरत भूषण महतो,प्रकाश वर्मा,विनोद कुमार महतो आदि.

# डिनोबिली डिगवाडीह में क्रिसमस सेलिब्रेशन



**संवाददाता। झरिया**

डिगवाडीह स्थित डिनोबिली स्कूल सीएफआरआई के प्रांगण में शुक्रवार को बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस सेलिब्रेशन मनाया गया. इस अवसर पर स्कूल के जूनियर सेक्शन एंवम सीनियर सेक्शन के बच्चों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया. इस दौरान बच्चों द्वारा नाट्य मंचन का आयोजन किया गया एवं ईसामसीह की जन्मस्थली की झांकी की प्रस्तुति की गई. जिसमें जीसस क्राइस्ट के जन्म की कहानी भी दिखाई गई. इस अवसर पर जूनियर सेक्शन एवं सीनियर सेक्शन के बच्चों ने रंगारंग मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. जूनियर सेक्शन की शिक्षिका मिस नीलम एवं जूनियर सेक्शन के छोटे-छोटे बच्चों ने संता क्लॉज बनकर बच्चों का खूब मनोरंजन किया.

स्कूल के रेक्टर फादर ऑस्कर होरो ने बच्चों को क्रिसमस के मौके पर संदेश दिया कि कैसे जीसस क्राइस्ट ने समाज के सभी वर्गों में शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रिंसिपल फादर थॉमस सीजी, एडमिनिस्ट्रेटर फादर अनिल, फादर राजेश, सर रिचर्ड, सर सोजन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# पौष मेला का एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दन ने किया उद्घाटन

## तीन दिवसीय पौष मेला शुरू, लगे आकर्षक स्टॉल

**संवाददाता। धनबाद**





लिन्डसे क्लब एवं लाईब्रेरी के प्रांगन में शुक्रवार से तीन दिवसीय पौष पार्बन मेला का आगाज हो चुका है. 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित इस पौष मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में धनबाद के एसएसपी ह्रदीप पी. जनार्दनन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसएलएनटी महाविद्यालय के प्राचार्या सह डीन शिक्षा बीबीएमकेयु के डॉ. शर्मिला राणी व लिन्डसे क्लब एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा,सचिव सलिल विश्वास, संस्कृतिक सचिव डॉक्टर देवयानी विश्वास व क्लब के महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे. मेले में आये हुए धनबाद के आस पास के क्षेत्र से लोगों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया. जिसमें सदस्याओं द्वारा बंगला गाना तत्पश्चात बच्चो द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया. मेले में बंगाल एव धनबाद के अलग अलग जगह से तरह-तरह के मिठाई एव फूड के लगभग बीस स्टॉल्स लगाया गया है. जिसमें पौषे हुल्लोर, पीठा घर, ऐपार बंगला, खाई खाई,सेनको, महुया बुटीक, माटीस फेशन, स्वादिष्ट बंगाली, तनिष्क, सर्फ साईट, स्पाइशी बाईट खास है. प्रवक्ता ने बताया मेला 2019 से अब तक निरंतर चल रहा है.पौष मेला के अवसर पर एक हर साल के तरह सोवेनियर का उनमोचन किया गया.एसएसपी ह्रदीप पी. जनार्दनन ने अपने भाषण में इस तरह का पारंपरिक मेला जारी रखने का आग्रह किये. साथ ही कार्यक्रम आयोजकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिये.मेले में शनिवार को बंगाल के वाउल और रविवार को बंगला बैंड का आयोजन होगा.

## आपके घर के मवेशियों की गिनती करने पहुंचेंगे प्रगणक

**खास बातें**

- पशुपालन विभाग ने शुरू किया पशुधन की गिनती का कार्य
- जिला पशुपालन पदाधिकारी ने दिया निर्देश

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद समेत पूरे झारखंड में शुक्रवार से पशुधन गणना की शुरुआत की गई हैं. इस कार्य में लगे प्रगणक अब आपका दरवाजा खटखटा कर पूछेंगे, आपके घर में कोई पालतू जानवर है क्या? अगले कुछ दिनों में आपके घर पर पशुपालन विभाग द्वारा नियुक्त प्रगणक यह सवाल पूछने के लिए पहुंचेंगे. अगले चार महीने तक जिले के सभी घरों में जाकर पशुओं की गणना की जाएगी. इतना ही नहीं पहली बार आवारा कुत्ते और मवेशियों की भी गणना होगी. जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. आलोक सिन्हा के निर्देश पर शुक्रवार को धनबाद में इसकी शुरुआत हुई. जिले में पशुगणना करने के लिए 190 प्रगणकों को लगाया गया है. प्रगणक जिले के सभी घरों में पहुंचेंगे और उनके घर में मौजूद पालतू जानवरों की जानकारी लेंगे. अगर किसी घर में जानवर नहीं भी हैं तो भी उनका नाम, पता, प्रोफेशन और परिवार की आमदनी के बारे में जानकारी ली जाएगी. पशुधन कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डा. अरूण कुमार ने बताया कि अगर किसी के घर में जानवर मिलते हैं उनसे पूछा जाएगा कि वह इसका उपयोग किस तरह करते हैं. अगर कोई मवेशी है तो दूध बेचने के लिए या फिर घर में खाने के लिए यूज किया जा रहा है, इनसब की जानकारी ली जाएगी. केंद्र सरकार द्वारा तय नियम में यह भी शामिल है.



### मुखिया-पार्षद बताएंगे मोहल्ले में आवारा पशुओं की संख्या

पशुगणना में इस बार मोहल्ले में घूमने वाले आवारा पशुओं की भी जानकारी ली जाएगी. इसके लिए प्रगणक तो अपनी आंखों से इसे देखेंगे ही साथ ही साथ उस इलाके के मुखिया, पार्षद या फिर वार्ड सदस्य से इसकी पुष्टि कराई जाएगी. इनकी संख्या भी केंद्र सरकार जानना चाहती है. जिले में आवारा पशुओं का कोई रिकार्ड न नगर निगम के पास है और न ही पशुपालन विभाग ही इसका आंकड़ा रखता है.

# फिट इंडिया वीक उत्सव



**संवाददाता। झरिया**

डिगवडीह नंबर 12 स्थित राजीव गाँधी मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को भारत के युवा और खेल मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों के बीच फिटनेस जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार साप्ताहिक 'फिट इंडिया वीक उत्सव' का आयोजन किया गया. जिसका समापन कार्यक्रम एवम विजेताओं को पुरस्कार सहित प्रमाणपत्र वितरण निदेशक डॉ आर एन चौबे के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों का स्वागत कर किया गया तदुपरांत निदेशक डॉ आर एन चौबे, प्रभारी प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी, एम एड विभागाध्यक्ष डॉ अरविंदर कौर, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह,जे एन एम एस की प्रधानाचार्य मती रूना दुबे, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी किशोर ने दीप प्रज्ज्वलित किया. संस्थान के सचिव सह निदेशक डॉ आर एन चौबे ने प्रशिक्षुओं को इस अवसर पर बधाई दी तथा कहा कि हमारा यह महाविद्यालय विद्यार्थियों का, विद्यार्थियों के लिए एवम विद्यार्थियों के द्वारा है. प्रशिक्षुओं को प्रेरित करने के लिए स्वामी विवेकानंद का वृतांत सुनाया. जेएनएमएस की प्रधानाचर्य रूना दूबे ने प्रशिक्षुओं को योग, फिटनेस का महत्त्व की अमूल्य जानकारी दी.डॉ सुनील कुमार शाह, कार्यालय प्रभारी शुभ्र छाया पांडेय, इमरान हुसैन, शाहीन प्रवीण, सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष चौहान, अल्बिना कच्छप, सत्य प्रकाश मिश्र, सिम्पल कुमारी, शबनम प्रवीन ने महती भूमिका निभाई. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर इंचार्ज डॉ निलेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी ने किया.

# एक क्विंटल धान में हो रही 10 किलो की कटौती : राज सिन्हा

## भाजपा किसान मोर्चा ने डीसी को बताई किसानों की समस्या

**संवाददाता। धनबाद**



भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल सिन्हा के नेतृत्व में धान खरीद प्रक्रिया में किसानों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने के लिए धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिलकर झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया. मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य में इस वर्ष धान खरीद प्रक्रिया में किसानों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि प्रति क्विंटल धान पर 10 किलो ग्राम कटौती "मास्चयर" के नाम पर की जा रही है, जो किसानों की मेहनत की अवहेलना है और उनके आर्थिक शोषण का भी उदाहरण है. इसके अलावा, उन्होंने बताया कि चुनाव के समय राज्य सरकार ने किसानों से वायदा किया था कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपए प्रति क्विंटल होगा. लेकिन इसे अब घटाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है. यह कदम किसानों के साथ किया गया वायदा खिलाफी है और जिससे झारखंड सहित धनबाद के किसान आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं. विधायक ने कहा कि किसान हमारे देश और राज्य की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत के बिना राज्य की खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी नहीं की जा सकती. किसानों की सहूलियत के लिए मांगे लिखित रूप से दी गईं.

# कांग्रेसियों ने गृहमंत्री अमित शाह का फूंका पुतला

**संवाददाता। झरिया**



बाबा साहब अंबेडकर पर दिए हुए आपत्तीजनक बयान को लेकर शुक्रवार को अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया. इस पुतला दहन कार्यक्रम में महागठबंधन के समर्थक आक्रोशित थे. सभी ने हाथों में बाबा साहेब की फोटो लेकर नारेबाजी की. इनलोगों ने गृह मंत्री अमित शाह को अविलंब बर्खास्त करने मांग की. बस्ताकोला चौक से सभी ने हाथों में बाबा साहब की प्रतिमा लेकर निकले और यात्रा करते हुए बस्ताकोला अंबेडकर चौक पर अमित शाह का पुतला दहन किया.

इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि शिवदत्त कुमार व राजू दास ने कहा कि देश के संविधान निर्माता बाबा साहब के ऊपर किया गया टिप्पणी देकर देश के सम्मान को अपमान करने का काम किया है. इसे कांग्रेस पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी. इसके खिलाफ आंदोलन करेंगे.मौके पर भगवान दास,नवल किशोर पासवान, पिंटू तुरी, सतीश रजक, नीतीश पासवान, गणेश रजक देवी प्रसाद व रीना कुमारी पासवान सहित अन्य थे.

## पुटकी मोड़ पर अमित शाह का पुतला दहन





**पुटकी।** गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब अम्बेडकर पर लोकसभा में दिए गए बयान के विरोध में शुक्रवार की शाम बहुजन समाज के लोगों ने पुटकी मोड पर शाह का पुतला दहन किया. साथ ही गृह मंत्री से इस्तीफा देने की मांग भी की. मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संविधान निर्माता के विरुद्ध बयानबाजी को बहुजन समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा. मौके पर निवास रजवार, शंभू पासवान, संतोष दास, गुड्डू धारी, सद्दाम अंसारी, अनुज पासवान, सुदाम पासवान, रामसेवक प्रजापति, भीम पासवान, कपिल पासवान,सूरज, राजेश भारती आदि मौजूद थे.

# तोपचांची पुलिस ने चलाया एंटी ड्रग्स अभियान

## डुमरी विधायक ने की प्रशंसा



**संवाददाता। तोपचांची**

वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, तोपचांची पुलिस ने शुक्रवार को तोपचांची चौक में एंटी ड्रग्स अभियान के तहत वाहन चोकिंग अभियान चलाया. इस दौरान, डुमरी विधायक जयराम महतो ने जवानों से हाल चाल लेने के लिए रुके और उनकी सेवाओं की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड में जवान अपने ड्यूटी को बखुबी निभा रहे हैं और उन्होंने जवानों को ठंड में अपना सेहत का ख्याल रखने का बात कही. मौके पर तोपचांची थाना में पदस्थापित एएसआई शैलेंद्र राम सहित अन्य जवान उपस्थित थे.

मंथन

## संसद में धक्का-मुक्की से गिरा देश का मान

19 दिसंबर को संसद में जो कुछ हुआ, वह न केवल भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला था, बल्कि पूरे देश के सम्मान पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है. देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था संसद में हुए हंगामे और धक्का-मुक्की ने हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यह सही है कि हमारे नेताओं का व्यवहार इस स्तर तक गिर जाए? लोकतंत्र में विरोधी दलों का काम सत्ता पक्ष से सवाल करना और अपने मतों का प्रतिवाद करना होता है. लेकिन इस प्रक्रिया में जब शिष्टाचार और मर्यादा की सीमाएं टूटती हैं, तो यह केवल संसद के भीतर के वातावरण को ही नहीं, बल्कि देश की छवि को भी खराब करता है. ऐसे में पूरे विश्व में यह गलत संदेश जाता है कि भारत में संसद की कार्यवाही सही तरीके से नहीं हो पाती और यहां के नेता अपने विचारों को शांतिपूर्वक नहीं रख पाते. संसदीय कार्यवाही में हिंसा या शारीरिक झगड़े का कोई स्थान नहीं होता. इसे राजनीतिक असहमति के समाधान का एक मंच होना चाहिए, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान हो. इस शर्मनाक घटना ने भारत के लोकतंत्र की ताकत को कमजोर किया है और हमें यह समझने की आवश्यकता है कि इस प्रकार के कृत्य से केवल हमारी आंतरिक राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे देश की प्रतिष्ठा भी गिरती है. हमें (माननीयों व जनता जो उन्हें चुनकर भेजती) इस पर गंभीरता से विचार करना होगा कि कैसे संसद में चल रही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है.

नजरिया

## बांग्लादेश का आरएसएस पर बयान तनाव बढ़ाने वाला

हाल ही में बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा भारतीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में दिए गए बयान ने एक नई बहस को जन्म दिया है. बांगलादेश के एक मंत्री ने आरएसएस को फासीवादी और नफरत फैलाने वाला संगठन करार दिया. उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और बांगलादेश के रिश्ते लगातार बदल रहे हैं और इस बयान ने दोनों देशों के बीच संभावित तनाव को और बढ़ा दिया है. बांग्लादेश का यह आरोप आरएसएस पर भारत में धार्मिक असहिष्णुता फैलाने और अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भड़काने का है. बांगलादेश का यह भी मानना है कि आरएसएस का एजेंडा न केवल भारत, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ाने का है. हालांकि, भारत में आरएसएस एक बड़ा संगठन है जो समाज में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा देता है, लेकिन उसके खिलाफ बांग्लादेश की आलोचना में एक राजनैतिक दृष्टिकोण भी निहित हो सकता है. इस प्रकार के बयान द्विपक्षीय रिश्तों को प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि ये बयान सीधे तौर पर दोनों देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखे जा सकते हैं. हालांकि, बांगलादेश का यह बयान एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और सांप्रदायिक मुद्दों को प्रमुखता देने की कोशिश हो सकती है. दोनों देशों को यह समझने की जरूरत है कि ऐसे बयानों से संबंधों में कोई सार्थक सुधार नहीं आएगा, बल्कि इससे सिर्फ तनाव बढ़ेगा.

# लिव इन-समलैंगिक विवाह फिर चर्चा में

राहुल शर्मा



भारतीय लोकतंत्र में संसदीय मूल्यों मानकों की बहुत महत्ता है.

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह को गलत करार दिए जाने से एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में आ गया है. उनके इस बयान ने न केवल भारतीय समाज के पारंपरिक दृष्टिकोण को व्यक्त किया है, बल्कि आधुनिकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच बढ़ती बहस को भी सामने लाया है.नितिन गडकरी का यह बयान भारतीय समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक मान्यताओं की ओर एक पुनः रुख करता है**

भारत में समाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा अक्सर तीव्र होती है और जब यह मुद्दे किसी बड़े राजनेता द्वारा उठाए जाते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं देशभर में व्यापक बहस का कारण बनती हैं. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह को गलत करार दिए जाने से एक बार फिर यह मुद्दा चर्चा में आ गया है. उनके इस बयान ने न केवल भारतीय समाज के पारंपरिक दृष्टिकोण को व्यक्त किया है, बल्कि आधुनिकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच बढ़ती बहस को भी सामने लाया है.नितिन गडकरी का यह बयान भारतीय समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक मान्यताओं की ओर एक पुनः रुख करता है, जहां पारिवारिक संरचनाएं और शादी के पारंपरिक रूपों को महत्वपूर्ण माना जाता है. उनके अनुसार, लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह भारतीय संस्कृति के खिलाफ हैं, और उन्हें एक गलत प्रथा के रूप में देखा गया है. गडकरी का यह दृष्टिकोण भारतीय समाज में व्यापक रूप से लोकप्रिय है, जहां परंपरागत परिवार व्यवस्था को सर्वोपरि माना जाता है और किसी भी प्रकार का 'विकृति' या बदलाव सामान्यतः स्वीकार नहीं किया जाता.

भारत में विवाह और परिवार का महत्व सांस्कृतिक दृष्टिकोण से गहरा है. हिंदू धर्म, जो भारत के अधिकांश नागरिकों का जीवन मार्गदर्शन करता है, में विवाह को एक धार्मिक कर्तव्य और जीवन के उद्देश्य के रूप में देखा जाता है. यही कारण है कि समलैंगिक विवाह या लिव-इन रिलेशनशिप को भारतीय संस्कृति के खिलाफ माना जाता है. नितिन गडकरी का यह बयान भी इसी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता है, जो पारिवारिक संरचना और परंपराओं को आधुनिकता से ऊपर रखता है. हालांकि, गडकरी का यह बयान भारतीय समाज के एक हिस्से की सोच को दर्शाता है, यह जरूरी है कि हम समाज के बदलते हुए स्वरूप और नए सामाजिक मानदंडों को समझें. पिछले कुछ दशकों में भारत में लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह जैसे मुद्दों पर बहस ने जोर पकड़ा है. भारत में न्यायपालिका ने भी समलैंगिक विवाह और लिव-इन रिलेशनशिप के अधिकारों पर ध्यान दिया है. उदाहरण के लिए, 2018 में भारतीय सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर किया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पसंद को भी सम्मान मिलना चाहिए. इसके अलावा, लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर भी भारत में कई बदलाव आए हैं. कानून में बदलाव और जागरूकता ने इसे समाज के कुछ हिस्सों में स्वीकार्यता दिलाई है. हालांकि, इसे पूरी तरह से स्वीकार करने में भारतीय समाज अभी भी संकोच करता है, लेकिन बदलाव की प्रक्रिया जारी है. नितिन गडकरी का बयान इस बहस का हिस्सा है कि क्या आधुनिकता और सांस्कृतिक परंपराओं को साथ लाया जा सकता है. एक ओर जहां भारत जैसे पारंपरिक देश में परंपराएं और सांस्कृतिक धारा महत्वपूर्ण मानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर वैश्वीकरण और आधुनिक विचारधाराओं ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और समानता की अवधारणा को प्रबल किया है. इसमें कोई शक नहीं कि समाज का यह बदलाव नई सोच और विचारधाराओं को जन्म दे रहा है, जो पारंपरिक सीमाओं को चुनौती देती है. समाज में परिवर्तन के लिए समय लगता है, और इस प्रक्रिया में विरोध और सहमति दोनों ही जरूरी होते हैं. नितिन गडकरी का बयान इसी विरोध का हिस्सा हो सकता है, जहां कुछ लोग परिवर्तन से डरते हैं और उसे सामाजिक ढांचे के लिए खतरे के रूप में देखते हैं, जबकि दूसरे लोग इसे समानता और व्यक्तिगत अधिकारों के रूप में देखते हैं.

नितिन गडकरी के विचारों के विपरीत भारतीय कानून ने लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिकता को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं. जैसे कि समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का सुप्रीम कोर्ट का निर्णय, और लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर विभिन्न हाई कोर्ट के फैसले, जिनमें इस प्रकार के रिश्तों को कानूनी मान्यता देने की बात की गई है. ऐसे फैसले इस बात को स्पष्ट करते हैं कि भारतीय समाज और कानून अब अपने पुराने विचारों से आगे बढ़ चुका है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को मान्यता दे रहा है. नितिन गडकरी का बयान एक ऐसे मुद्दे पर आधारित है, जो भारतीय समाज के पारंपरिक और आधुनिक दृष्टिकोण के बीच संतुलन की तलाश कर रहा है. एक ओर जहां गडकरी पारंपरिक परिवार संरचना और विवाह को महत्वपूर्ण मानते हैं, वहीं दूसरी ओर समाज में बदलाव की प्रक्रिया भी जारी है, जो आधुनिकता, समानता और व्यक्तिगत अधिकारों को स्वीकार करता है. यह बहस न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संबंध में है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी चुनौती का प्रतिनिधित्व करती है. भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में, इस मुद्दे पर सहमति का आना समय की मांग है, और इसके लिए हमें खुले विचारों और संवाद की आवश्यकता है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

1898: रसायन शास्त्री पियरे और मैरी क्यूरी ने रेडियम की खोज की थी.

1910 : इंग्लैंड के हुलटन में कोयला खदान में हुए विस्फोट में 344 श्रमिकों की मौत.

1914 : अमेरिका में पहली मूक हास्य फीचर फिल्म तिल्लीस पंचर्ड रोमां रिलीज हुई.

1931 : आर्थर वेन का बनाया दुनिया का पहला क्रॉसवर्ड 'न्यूयॉर्क वर्ल्ड' अखबार में प्रकाशित हुआ था.

1949 : पुर्तगाली शासकों ने इंडोनेशिया को संप्रभु राष्ट्र घोषित किया था.

1952 : सैफुद्दीन किचलू तत्कालीन सोवियत संघ का लेनिन शांति पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने थे.

1963 : जाने-माने फिल्म अभिनेता गोविंदा का जन्म हुआ था.

1974 : पनडुब्बी के संचालन का प्रशिक्षण देने वाला पहला संस्थान आईएनएस सतवाहन विशाखापत्तनम में खुला था.

## अहंकार से हमेशा परेशानी और दुख ही मिलता है

चिंतन

बहुत समय पहले की बात है. एक गांव में एक मूर्तिकार (मूर्ति बनाने वाला) रहता था. वह ऐसी मूर्तियां बनता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था. आस-पास के सभी गांव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे. इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था. जीवन के सफर में एक वक्ता ऐसा भी आया जब उसे लगने लगा कि अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा. उसे जब लगा कि जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया. यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई. उसने हूबहू अपनी जैसी 10 मूर्तियां बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया.

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी 11 आकृतियों को देखकर दंग रह गए. वे पहचान नहीं कर पा रहे थे कि उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है. वे सोचने लगे अब क्या किया जाए. अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा. अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया. उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा, कितनी सुंदर मूर्तियां बनी हैं, लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है. काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो मैं उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है.

यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा, मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियां बनाने में समर्पित कर दिया, भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है? वह बोल उठा, कैसी त्रुटि... झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा, बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में कि बेजान मूर्तियां बोला नहीं करती...! इस कहानी की शिक्षा यही है कि अहंकार ने हमेशा इंसान को परेशानी और दुख के सिवा कुछ नहीं दिया.

## X इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. प्रकाश चौटाला
2. #OmPrakashChautala
3. पूर्व मुख्यमंत्री
4. #SprightAgroAchieves
5. #UiTheMovie
6. #FairPayForDrivers
7. #InvestmentInBihar
8. मोहन भागवत
9. प्रदीप मिश्रा
10 B. LIT AF

# बहुरंग



### वीर का हिस्सा बनते-बनते रह गई थीं कैट

कटरीना कैफ और सलमान खान की जोड़ी हमेशा से हिट रही. लेकिन सलमान खान की एक फिल्म में कैट के साथ दोनों की जोड़ी बनते-बनते रह गयी. यह फिल्म थी वर्ष 2010 में रिलीज हुई वीर. फिल्म के निर्देशक थे अनिल शर्मा. फिल्म के कैट का नाम फाइनल हो गया था, मगर डेट के कारण फिल्म कैट के हाथ से निकल गयी.

फिल्म समीक्षा

## वनवास : दर्शकों को अपने साथ बांधे रखती है



सालों बाद सिनेमाघरों में एक ऐसी फिल्म रिलीज हुई है, जो पूरी तरह से पारिवारिक है. 'गदर 2' के बाद, अनिल शर्मा ने एक बार फिर अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा के साथ सिमरत कौर की जोड़ी को बड़े पर्दे पर पेश किया है. नाना पाटेकर अभिनीत फिल्म 'वनवास' 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई. यह फिल्म बेहतरीन है, पूरे परिवार के साथ देखने लायक है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह एक महत्वपूर्ण संदेश भी देती है. आइए जानते हैं कि फिल्म 'वनवास' कैसी है. फिल्म की कहानी हिमाचल प्रदेश के पालमपुर से शुरू होती है, जहां दीपक त्यागी (नाना पाटेकर) नामक एक वृद्ध व्यक्ति अपने तीन शादीशुदा बेटों के साथ रहता है. दीपक अपनी पत्नी से बहुत प्यार करता था, लेकिन अब वह इस दुनिया में नहीं है. बढ़ती उम्र के साथ दीपक को भूलने की बीमारी हो गई है. उसे केवल अपनी पत्नी और छोटे बेटे की याद है. उसे यह भी पता है कि उसके तीनों बेटे अब बड़े हो चुके हैं, उनकी शादी हो चुकी है और उनके भी बच्चे हैं.

दीपक अपने बच्चों के साथ जिस घर में रहता है, वह पालमपुर के एक पॉश इलाके में स्थित है, और वह इस घर को ट्रस्ट में बदलना चाहता है, जो उसके बेटों और बहुओं को बिल्कुल भी पसंद नहीं आता. इसके कारण, वे सब मिलकर दीपक को बनारस भेजने का निर्णय लेते हैं. अपनी कमजोर याददाश्त के चलते, दीपक बनारस में अपनी पत्नी और छोटे बेटे को खोजता रहता है. इस दौरान उसकी मुलाकात एक ठग वीरू (उत्कर्ष शर्मा) से होती है. वीरू दीपक से छुटकारा पाना चाहता है, लेकिन ऐसा नहीं हो पाता. अब सवाल यह है कि क्या दीपक त्यागी अपने घर वापस लौट पाएगा? .

फिल्म की कहानी अपनी दिल छूने वाली भावना के लिए खास है, जिसे अनिल शर्मा ने लिखा है. उन्होंने कहानी में ह्यूमर, टकराव और माफी को बहुत खूबसूरती से जोड़ा है. कहानी के केंद्र में नाना पाटेकर हैं. 'वनवास' का फोकस भावनाओं पर है, लेकिन इसे आवश्यकता से ज्यादा ड्रामैटिक नहीं बनाया गया है. कहानी दर्शकों से गहराई से जुड़ती है, और हर मुस्कान और आंसू को असली महसूस कराती है. अनिल शर्मा का निर्देशन इन भावनात्मक क्षणों में जान डाल देता है, जिससे फिल्म की कहानी शुरू से अंत तक दर्शकों को अपने साथ बांधे रखती है. अगर एक्टिंग की बात की जाए, तो नाना पाटेकर की अदाकारी के आगे अन्य कलाकारों की एक्टिंग हल्की पड़ जाती है. हालांकि, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर ने भी अपनी भूमिका में अच्छा प्रदर्शन किया है. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पारिवारिक माहौल को खूबसूरती से दर्शाती है, जो फिल्म की निजी भावना को और भी गहरा बनाती है. बैकग्राउंड म्यूजिक भी फिल्म के भावनात्मक उतार-चढ़ाव से पूरी तरह मेल खाता है, जिससे दर्शकों का अनुभव और भी गहरा होता है. 'गदर 2' के बाद अनिल शर्मा ने एक बार फिर मिथुन शर्मा को संगीत की जिम्मेदारी दी थी, लेकिन फिल्म के गाने थोड़े निराशाजनक हो सकते हैं, क्योंकि वे कहानी के मूड के साथ पूरी तरह मेल नहीं खाते. कुल मिलाकर, 'वनवास' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन के रिश्तों की नाजुकता और मजबूती का आईना है.

## पुष्पा-2 की आंधी के बीच एटली की फिल्म 'बेबी जॉन' 25 को होगी रिलीज



**एटली ने कहा- पुष्पा-2 से मेरी फिल्म को कोई खतरा नहीं**

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन अभिनीत पुष्पा 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपना 14 दिन का सफर पूरा कर लिया है. इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी भी उत्साह बना हुआ है. इस शुक्रवार 20 दिसंबर को बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्म मुफासा और हिन्दी फिल्म वनवास का प्रदर्शन हुआ है, जिसके चलते पुष्पा 2 के शोज और सिनेमाघरों में कमी आई है, इसके बावजूद इसे लेकर दर्शकों में उत्साह बना हुआ है. फिल्म निर्माता एटली वरुण धवन अभिनीत एक्शन से भरपूर फिल्म बेबी जॉन की बहुप्रतीक्षित रिलीज के लिए कमर कस रहे हैं. यह फिल्म क्रिसमस की छुट्टियों के मौसम में 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली है, लेकिन इसे अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अभिनीत पुष्पा 2: द रूल से कड़ी टक्कर मिलेगी, जो रिकॉर्ड तोड़ वैश्विक प्रदर्शन के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए हुए है. 5 दिसंबर को रिलीज हुई पुष्पा 2: द रूल ने पहले ही दुनिया भर में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है, जिससे यह एक बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है. हालांकि, एटली बेबी जॉन की संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं और उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में सीधे तौर पर टकराएंगी नहीं.

हाल ही में मुंबई में एक प्रेस मीट में एटली ने पुष्पा 2 के साथ प्रतिस्पर्धा की धारणा को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, यह एक पारिस्थितिकी तंत्र है. मैं और अल्लू अर्जुन सर बहुत अच्छे दोस्त हैं.

बर्थ डे स्पेशल

## गोविंदा: बॉलीवुड के जिंदादिल मेहनती और सदाबहार हीरो



हिंदी सिनेमा के एक चमकते सितारे गोविंदा 21 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाते हैं. उनका जन्म 1963 में हुआ था. वे भारतीय फिल्म उद्योग के सबसे लोकप्रिय और प्रिय अभिनेता में से एक रहे हैं. 90 के दशक में अपने अद्वितीय अभिनय और नृत्य शैली से उन्होंने दर्शकों का दिल जीता. उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अलग और मजेदार रहती है. गोविंदा ने अपनी फिल्मी यात्रा की शुरुआत 1986 में की थी, लेकिन राजा बाबू, कुली नं. 1, हीरो नंबर 1, दूल्हे राजा जैसी हिट फिल्मों से उन्होंने असाधारण सफलता प्राप्त की।गोविंदा की खासियत उनकी कॉमिक टाइमिंग, शानदार डांस और मल्टी-टैलेंटेड व्यक्तित्व में थी. वे न केवल हास्य भूमिकाओं में, बल्कि गंभीर किरदारों में भी अपनी छाप छोड़ने में सक्षम थे. उनका अद्वितीय अभिनय और हर भूमिका में जान डालने की कला उन्हें अपने समकालीन अभिनेताओं से अलग करती थी. वे कुछ वर्षों के लिए राजनीति से भी जुड़े. चुनाव भी लड़ा, मगर इस पारी में उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी. वह हमेशा अपने फैंस के बीच प्यार और प्रशंसा के पात्र रहे हैं. गोविंदा के योगदान को सिनेमा जगत में लंबे समय तक याद रखा जाएगा और उनके जन्मदिन पर हम उनकी कला और व्यक्तित्व को सलाम करते हैं.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. शुभांक-1-3-5

**वृष :** अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. शुभांक-2-4-6

**मिथुन :** काम को प्राथमिकता से करें. बुरी संगति से बचें. आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. हाथ-पैरों में पीड़ा हो सकती है. शुभांक-4-7-9

**कर्क :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपए पैसों की सुविधा मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. शुभांक-2-4-5

**सिंह :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. यात्रा शुभ रहेगी. सुविधाओं में बाधा आएगी. चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-4-5-6

**कन्या :** संतोषजनक सफलता मिलेगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. मेहमानों का आगमन होगा. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. विद्यार्थियों को लाभ. वाहन चालन में सावधानी बरतें. आय के अच्छे योग बनेंगे. शुभांक-2-4-7

**तुला :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-5-6-9

**वृश्चिक :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी. शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. शुभांक-3-6-8

**धनु :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं. समय व्ययकारी सिद्ध होगा. वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें. शुभांक-3-5-7

**मकर :** व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी. यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. व्यापार में वृद्धि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें. कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. कार्य भार बढ़ेगा. जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है. सलाह उपयोगी सिद्ध होगी. शुभांक-2-6-9

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. शुभांक-5-6-8

## न्यूज अपडेट

### आमरण अनशन पर बैठे वार्ड सदस्य की तबीयत बिगड़ी

**सासाराम।** रोहतास जिले के दिनारा प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत मिलने वाले अनुदान के भुगतान को लेकर वार्ड सदस्य नर्वदेश्वर चौबे 14 दिसंबर से आमरण अनशन पर बैठे हैं. उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही है. बता दें कि इससे पहले भी चौबे ने इस मुद्दे को लेकर प्रखंड कार्यालय पर धरना दिया था, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया. स्थानीय प्रशासन द्वारा मेडिकल टीम को मौके पर भेजा गया है और वार्ड सदस्य संघ के अध्यक्ष की स्वास्थ्य जांच की गई है. चौबे का आरोप है कि 2 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक का अनुदान का पैसा अभी तक नहीं मिला है. यह राशि वार्ड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए बेहद जरूरी है.

### मुजफ्फरपुर में बड़ा हादसा टला

**मुजफ्फरपुर।** जिले के गरहां थाना क्षेत्र में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है. मुजफ्फरपुर से दरभंगा जा रहा एक गैस सिलेंडर से भरा ट्रक मुजफ्फरपुर-दरभंगा फोर लेन पर अनियंत्रित होकर पलट गया. इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है.घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया. लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती कराया जहां उसका इलाज जारी है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ट्रक में लदे सभी गैस सिलेंडर भरे हुए थे. हालांकि, किसी तरह के गैस रिसाव की सूचना नहीं मिली है.

### किसान का बेटा बना इसरो का वैज्ञानिक

**खगड़िया।** जिले के परबत्ता प्रखंड के झंझरा गांव के बेटे मनीष कुमार ने इसरो के केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड परीक्षा में 95वां रैंक हासिल कर वैज्ञानिक एससी (मेकेनिकल) के पद पर चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है.एक किसान के बेटे मनीष कुमार के पिता राजू शर्मा और माता आशा ने बेटे के इस मुकाम तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई. बता दे कि तीन महीने पहले मनीष का चयन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में लेवल 10 गजेटेड अधिकारी के पद पर भी हुआ था. वर्तमान में वे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्टी इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं. इससे पहले वे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन में रिसर्च फेलो के पद पर भी एक साल कार्य कर चुके हैं.मनीष कुमार के इसरो में वैज्ञानिक बनने पर उनके परिजनों ने बधाई दी है.

### बेगूसराय में फायरिंग, छात्रा की गोली लगने से मौत

**बेगूसराय।** जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र के रामगिरी महाजी टोला में एक बार फिर अपराधियों का तांडव देखने को मिला है. शुक्रवार को कोचिंग से घर लौट रही अरुण पासवान की पुत्री बबीता कुमारी दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में फंस गई और उसे सिर में गोली लग गई.घटना के वक्त इलाके में दहशत का माहौल था और लोग अपने घरों में दुबके हुए थे. गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल छात्रा को तत्काल एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के रामगिरी महाजी टोला की है. मृत छात्रा की पहचान अरुण पासवान की पुत्री बबीता कुमारी के रूप में की गई है.

# नवादा के सन्नी हत्याकांड का खुलासा, प्रेम-प्रसंग में हुआ था मर्डर

## रांची से 3 गिरफ्तार

संवाददाता। नवादा

बिहार के नवादा में 15 दिसंबर को किशोर सन्नी कुमार की लाश मिली थी. अब इस हत्याकांड का पुलिस ने ना सिर्फ खुलासा कर दिया बल्कि तीन आरोपितों को रांची से गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस ने बताया कि प्रेम-प्रसंग में सन्नी कुमार की हत्या की गई है. नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने प्रेस वार्ता कर इस संबंध में पूरी जानकारी दी. एसपी अभिनव धीमान ने बताया कि पकरीबरावां प्रखंड के बढ़ौना स्थित पोखर से 15 दिसंबर को एक नाबालिग का गला और हाथ रेता हुआ शव मिला था. 16 दिसंबर को शव की पहचान कर ली गई. किशोर शेखपुरा के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के ओनावो गांव निवासी साकेत कुमार पटेल के 17 वर्षीय इकलौते पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई थी. सदर अस्पताल पहुंचकर साकेत कुमार पटेल ने शव की पहचान की थी. इसके बाद कागजी प्रक्रिया के बाद उन्हें उनके बेटे का शव सौंप दिया गया था.




## पूछताछ में कबूल किया अपना गुनाह

इस हत्याकांड में वजह का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका जताते हुए जांच शुरू की गई थी. इसके बाद पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के ओनावो गांव के रहने वाले सौरभ प्रसाद उर्फ बिट्टू, रांची (झारखंड) के बरियातु थाना क्षेत्र के सरहुल नगर कॉलोनी निवासी विजय कुमार रजक और रांची के थाना लालपुर क्षेत्र के करमटोली के रहने वाले सत्यम कुमार को रांची से गिरफ्तार किया. तीनों आरोपियों को नवादा लाया गया. पूछताछ की गई तो इन लोगों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया.

**आरोपी की चचेरी बहन से था प्रेम-प्रसंग :** पुलिस को तीन आरोपियों के पास से चार मोबाइल और एक कार भी बरामद हुई है. पूछताछ में पता चला है कि आरोपी सौरभ प्रसाद उर्फ बिट्टू की चचेरी बहन के साथ सन्नी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था. इससे बिट्टू नाराज था. इसको लेकर उसके घर में भी विवाद हुआ था. यह कारण है कि बिट्टू ने सन्नी की हत्या करने की प्लानिंग की. सन्नी को शराब पिलाकर उसका गला घोंटा गया. फिर गला और हाथ रेतकर उसकी हत्या कर दी गई. हत्या के बाद शव को पानी में फेंक दिया गया था.

## सृजन का फर्जीवाड़ा : बिहार का शातिर घोटालेबाज

# डीएम का फर्जी दस्तखत कर 15 करोड़ की संपत्ति बना ली

संवाददाता। भागलपुर

सृजन घोटाले में फंसे मुख्य आरोपियों में से एक एनवी राजू करीब दो साल दस महीने की जेल यात्रा के बाद जमानत पर रिहा हो गया है. राजू पर तत्कालीन जिलाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर करोड़ों रुपये की सरकारी राशि को सृजन महिला विकास सहयोग समिति में ट्रांसफर करने का आरोप था. इसमें करीब 15.50 करोड़ सृजन संस्था में अवैध रूप से ट्रांसफर करने का आरोप था. बताया जाता है कि एनवी राजू ने राशि अपने कलिंगा सेल्स प्रतिष्ठान के खाते में ट्रांसफर करा ली थी.

**कौन हैं एनवी राजू :** ओडिशा के एनवी राजू ने भागलपुर में अपना कारोबार जमाया था. वह सृजन संस्था और अधिकारियों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करते थे. अधिकारियों को रिश्वत देकर वह सरकारी धन को सृजन संस्था में ट्रांसफर करवाता था. इसी के जरिए उसने अकूत संपत्ति अर्जित की. बताया जाता है कि एनवी राजू ने सबसे पहले महादेव टॉकीज के पास भागलपुर में सिलाई मशीन की दुकान खोली. इस दौरान उसकी मुलाकात सृजन महिला विकास सहयोग समिति की संचालिका स्वर्गीय मनोरमा देवी हुई थी.

**कैसे हुआ घोटाला :** राजू ने सृजन संस्था की संचालिका मनोरमा देवी के साथ मिलकर सरकारी राशि की हेराफेरी का खेल खेला. उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये को सृजन संस्था में ट्रांसफर करवाया और उसमें से बड़ी रकम अपने व्यक्तिगत खाते में डाल ली. इन पैसों से राजू ने इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों से लेकर ब्रांडेड कपड़ों के शोरूम तक बनाया. बताया जाता है कि एनवी राजू मुख्य रूप से अफसर और सृजन के बीच लाइजनर का काम करता था. इस दौरान उसकी पूर्व डीएम केपी रमैया से संबंध बन गया और सृजन के साथ खुद लाभ उठाया.



**कानूनी कार्रवाई :** सीबीआई ने राजू के खिलाफ आठ चार्जशीट दायर की. सीबीआई की चार्जशीट में दो मामलों में सुप्रीम कोर्ट और छह मामलों में हाईकोर्ट से बेल मिली है. विभिन्न अदालतों से बेल मिलने के बाद वह अब जेल से बाहर है. राजू दो साल 10 माह तक जेल में रहा. उसपर तत्कालीन डीएम का फर्जी हस्ताक्षर चेक पर साइन कर राशि सृजन महिला विकास सहयोग समिति में ट्रांसफर करने का आरोप है. एनवी राजू 24 फरवरी 2022 से ही बेउर जेल में बंद था.

**क्या है सृजन घोटाला :** सृजन घोटाला बिहार का एक बड़ा वित्तीय घोटाला है. इसमें सरकारी धन को गैरकानूनी तरीके से निकाल कर निजी खातों में जमा किया गया था. इस घोटाले में कई बड़े अधिकारी और राजनेता शामिल थे. सृजन घोटाले की नींव साल 2004 में ही रख दी गई थी. जैसे-जैसे जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी, वैसे–वैसे रकम भी बढ़ती गई. वहीं भागलपुर में पदस्थ रह चुके डीएम केपी रमैया का भी नाम इसमें सामने आया. केपी रमैया को भागलपुर के लोग एक अच्छे व्यक्ति के रूप में जानते थे. लेकिन सृजन घोटाले में संलिप्तता होने के कारण छवि खराब हो गई. केपी रमैया अभी फरार चल रहे.

### बैंक से लिया था 1.55 करोड़ रुपए का लोन

यही नहीं राजू के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था और उसकी कई संपत्तियां जब्त की थीं. दरअसल, बैंक ऑफ बड़ौदा से लोन लेकर एनवी राजू की ने कचहरी चौक, महादेव टॉकीज और खलीफाबाग के पास जमीन लेकर अपना व्यापार शुरू किया था. लेकिन जब लोन नहीं चुका सका, तो पहले बैंक की ओर से बार-बार नोटिस दिया गया. इसके बाद कलिंगा सेल्स के मालिक एनवी राजू की अलग-अलग तीन संपत्ति को बैंक ऑफ बड़ौदा ने जब्त कर लिया. जानकारी अनुसार राजू के पास बैंक का एक करोड़ 55 लाख 85 हजार 366 रुपए मूलधन सहित 1.88 करोड़ रुपए बकाया था.

# नीतीश की तबीयत बिगड़ी, सभी कार्यक्रम रद्द

संवाददाता। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. सीएम की तबीयत बिगड़ने से सभी कार्यक्रम रद्द कर दी गई है. शुक्रवार की सुबह ये बड़ी खबर आई कि नीतीश तबीयत बिगड़ गई है. जिसके कारण उनके सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है.

जानकारी के अनुसार तबीयत खराब होने से नीतीश के तमाम कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया. शुक्रवार को पटना के ज्ञान भवन में उन्हें एक कार्यक्रम में शामिल होना था. सुबह 11 बजे बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 में सीएम को मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होना था. लेकिन कार्यक्रम रद्द होने से सीएम बिजनेस कनेक्ट का हिस्सा नहीं बने. बता दें कि दो दिवसीय बिहार बिजनेस कनेक्ट का आयोजन 19 दिसंबर को हुआ. कार्यक्रम के दूसरे दिन सीईओ राउंड टेबल का आयोजन किया गया. इसमें कई विभागों के मंत्री, अधिकारी और प्रमुख उद्योगपतियों के बीच चर्चा हुई. इसके बाद मुख्य एमओयू सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में साइन किया जाना था लेकिन तबीयत खराब होने के कारण सीएम नीतीश इस कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाए.



**राजगीर में भी था कार्यक्रम :** वहीं राजगीर में भी सीएम का कार्यक्रण था, नीतीश वहां भी नहीं जा पाए. बताया जा रहा है सीएम की तबीयत एकाएक खराब हो गई है, जिसके कारण नीतीश कुमार ने तमाम कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया. सीएम कार्यालय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनके सभी कार्यक्रम रद्द कर दिये गये हैं.

**23 दिसंबर से प्रगति यात्रा पर जाएंगे सीएम नीतीश :** मालूम हो कि, सीएम नीतीश 23 से प्रगति यात्रा पर जाने वाले हैं, लेकिन यात्रा पर जाने से दो दिन पहले ही सीएम की तबीयत खराब हो गई. सीएम की यात्रा पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है. फिलहाल नीतीश का इलाज जारी है. डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है.

### जमुई: श्राद्धकर्म में गोलीबारी, दो गंभीर

**जमुई।** सदर प्रखंड स्थित काकन गांव में बीती रात श्राद्धकर्म समारोह में गोली चलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, सकलदेव के बाएं पैर और नीतीश के हाथ में गोली लगी. सूचना मिलते ही दोनों सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सकलदेव का ऑपरेशन कर गोली निकाली गई. दोनों घायल अब खतरे से बाहर हैं. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोली किसने और क्यों चलाई. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. जमुई सदर थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

## एके 47 तस्करी मामले में एनआईए की जांच तेज, होगा बड़ा खुलासा

संवाददाता। पटना

बिहार में एके-47 बरामदगी मामले में जांच चल रही है. एनआईए कार्रवाई कर रही है. हाल ही में मुजफ्फरपुर के मनकौली में एक श्मशान से एके-47 बरामद होने के बाद से ही एनआईए इसकी जांच कर रही है. मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, सारण और वैशाली समेत चार राज्यों राज्यों के 17 ठिकानों पर बुधवार को एनआईए की टीम ने एके-47 तस्करी मामले में छापेमारी की थी

**कई साक्ष्य बरामद :** एजेंसी बरामद लैपटॉप, मोबाइल फोन, वित्तीय लेनदेन और बैंक खातों की गहन जांच में जुटी है. पेन ड्राइव में भी एनआईए को कुछ संदिग्ध फाइलें मिली हैं, उन्हें खंगालने में जुटी है. एजेंसी फोन के सीडीआर, सोशल मीडिया डेटा और पेन ड्राइव में मिली संदिग्ध फाइलों का विश्लेषण कर रही है. इन डिजिटल साक्ष्यों से तस्करी के नेटवर्क, हथियारों की खरीद और धनराशि के लेन-देन से जुड़े अहम सुराग मिलने की उम्मीद है.

**होंगे कई खुलासे :** एनआईए यह पता लगाने की कोशिश कर रही कि तस्करी में इस्तेमाल की गई धनराशि किस खाते से आई और किस खाते में भेजी गई. यह जांच यह पता लगाने में मदद करेगी कि इस रैकेट में और कौन लोग शामिल हैं. हालांकि, एजेंसी ने अभी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है.

## कारोबार

### अमेरिका में कर्मचारियों के सैलरी देने के पैसे नहीं

शटडाउन में 24 घंटे से भी कम का समय



एजेंसी। नयी दिल्ली

अमेरिका पर इस समय आर्थिक संकट आ गया है. उसके पास इतना पैसा नहीं बचा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को सैलरी दे सके. हालात शटडाउन जैसे हो चुके हैं. सरकार को फंड जुटाने के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थित बिल गुरुवार रात अमेरिकी संसद में गिर गया. इससे बचने के लिए अमेरिका के पास 24 घंटे से भी कम का समय बचा है. दरअसल, गुरुवार रात अमेरिकी संसद में सरकारी शटडाउन से बचने के लिए बिल लाया गया था. इस बिल को ट्रंप का समर्थन था. इस बिल का विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसदों ने विरोध किया और इसके खिलाफ वोटिंग की. नतीजा हुआ कि यह बिल संसद में पास नहीं हो पाया. दरअसल, डेमोक्रेट्स ट्रंप को उनके नए कार्यकाल के पहले साल के दौरान बातचीत का फायदा नहीं देना चाहते. इस वजह से उन्होंने इस बिल का विरोध किया. ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से जीते हैं.

**...तो अमेरिका में हो जाएगा शटडाउन:** इस बिल को पास कराने के लिए शुक्रवार रात तक का ही समय है. यानी अमेरिकी सरकार के पास 24 घंटे खर्च चलाने लायक पैसा भी नहीं है. अगर यह पास नहीं हो पाया तो अमेरिका में शटडाउन लग जाएगा. ऐसा होने पर अमेरिका पर बड़ी मुसीबत आ जाएगी. उसकी अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान होगा. इसका सबसे ज्यादा असर ट्रंप पर पड़ेगा.

## ईपीएफओ ने पेंशनर्स को दी बड़ी राहत

# अब 31 जनवरी तक नियोक्ता को देनी ही होगी सैलरी डिटेल

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशनर्स को बड़ी राहत दी है. ईपीएफओ ने एम्प्लॉयर 3.1 लाख पेंडिंग हाई पेंशन आवेदनों को 31 जनवरी, 2025 तक निपटाने का मौका दिया है. यानी कि एम्पलॉयर को सैलरी से जुड़ी हर जानकारी ऑनलाइन अपलोड करने की मोहलत दी गई है.

**नियोक्ताओं को दिए कई मौके :** ईपीएफओ ने 18 दिसंबर, 2024 को एक प्रेस रिलीज जारी किया. इसमें बताया गया कि हाई सैलरी पर पेंशन के लिए 3.1 लाख से अधिक आवेदन पेंडिंग हैं. रिटायरमेंट फंड बॉडी ईपीएफओ ने इससे पहले एम्प्लॉयर से 15 जनवरी, 2024 तक 4.66 लाख लंबित मामलों की जानकारी जानकारी अपडेट करने के लिए कहा था.

ईपीएफओ ने कहा, इतना वक्त दिए जाने के बावजूद यह देखा जा रहा है कि एम्प्लॉयर के पास विकल्पों/संयुक्त विकल्पों के सत्यापन हेतु 3.1 लाख से अधिक आवेदन अब भी पेंडिंग हैं.एम्प्लॉयर और एम्प्लॉयर एसोसिएशन द्वारा वेतन संबंधी विवरण अपलोड करने के लिए अतिरिक्त समय दिए जाने का हमें आवेदन मिला इसलिए अब लंबित 3.1 लाख आवेदनों की सैलरी डिटेल वगैरह अपलोड करने के लिए नियोक्ताओं को 31 जनवरी तक आखिरी मौका दिया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे इन लंबित आवेदनों का जल्द निपटारा करते हुए इन्हें अपलोड करें.




**कई आवेदनों पर मांगा गया स्पष्टीकरण**

ईपीएफओ ने नियोक्ताओं से यह भी अनुरोध किया गया कि वे 15 जनवरी, 2025 तक उन 4.66 लाख से अधिक मामलों पर अपने जवाब या जानकारी जमा करें, जिनमें जांचे गए आवेदनों को लेकर अतिरिक्त स्पष्टीकरण मांगा गया है. ईपीएफओ ने नियोक्ताओं द्वारा सैलरी डिटेल अपलोड करने की समय-सीमा को कई दफा बढ़ाया. पहले नियोक्ताओं को ईपीएस पेंशनभोगियों और ईपीएफ सदस्यों की सैलरी डिटेल आदि ऑनलाइन जमा करने के लिए 30 सितंबर, 2023 तक का समय दिया गया. इसके बाद फिर 31 दिसंबर, 2023 तक और उसके बाद 31 मई, 2024 तक कई मौके दिए गए, ताकि पक्का किया जा सके कि नियोक्ता आवेदनों का निपटारा करने में सक्षम है.

**पेंशन के लिए किए गए आवेदन को ऐसे करें ट्रैक :** कोई भी ईपीएस पेंशनभोगी ईपीएफओ के पोर्टल पर जाकर पेंशन के लिए अपने आवेदन को ट्रैक कर सकता हैं. इसके लिए सबसे पहले https://unifiedportal-mem.epfindia.gov.in/memberInterfacePohw/ पर जाएं और इसके बाद track status of EPS higher pension applications ऑप्शन पर क्लिक करें. अब एक्नॉलेजमेंट नंबर, यूएएन, पीपीओ नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करें. इसमें ध्यान रखने वाली बात यह है कि वर्तमान समय में कार्यरत कर्मचारियों को यूएएन नंबर देना होगा, जबकि ईपीएस पेंशनभोगियों को पीपीओ नंबर देना होगा. इसके बाद अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए चेक बॉक्स पर क्लिक कर अपना आधार नंबर, बायोमेट्रिक/वन-टाइम पिन (ओटीपी) शेयर करें. ओटीपी के लिए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर एक वन-टाइम पासवर्ड आएगा. अब अपने पेंशन का स्टेटस जानने के लिए इस ओटीपी को दर्ज कराएं.

### आरबीआई ने राज्यों के सब्सिडी खर्च बढ़ाने पर जतायी चिंता

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को सब्सिडी पर राज्यों की ओर से बढ़ते खर्च पर चिंता जताई और इस तरह के खर्चों को तर्कसंगत बनाने का आह्वान किया है. केंद्रीय बैंक ने राज्य वित्तः 2024-25 के बजट का अध्ययन रिपोर्ट में कहा कि राज्यों को अपने सब्सिडी खर्चों को नियंत्रित और तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह के खर्च से अधिक उत्पादक व्यय प्रभावित न हों. राज्यों की ओर से दी जाने वाली सब्सिडी में कृषि ऋण माफी, मुफ्त/सब्सिडी वाली सेवाएं (जैसे कृषि और घरों को बिजली, परिवहन, गैस सिलेंडर) और किसानों, युवाओं और महिलाओं को नकद हस्तांतरण शामिल हैं. सब्सिडी, जिसे कभी-कभी राजनीतिक चर्चा में मुफ्त उपहार कहा जाता है, का राजनीतिक दल, विशेष रूप से चुनावों से पहले जीत हासिल करने के लिए सहारा लेते हैं. कई राज्यों ने कृषि ऋण माफी, कृषि और घरों को मुफ्त बिजली, लोगों के एक वर्ग को मुफ्त परिवहन, बेरोजगार युवाओं को भत्ते और महिलाओं को मौद्रिक सहायता से संबंधित रियायतों की घोषणा की है.

## गैरकानूनी तरीके लोन देनेवाले हो जाएं सावधान

# सरकार ला रही बिल, शिकायत मिलने पर पीसेंगे जेल की चक्की

एजेंसियां। नयी दिल्ली

इंस्टेंट पर्सनल लोन ऐप वालों की प्रताड़ना से परेशान लोगों को अब खुदकुशी की नौबत नहीं आएगी. भोले-भाले लोगों को कर्ज की जाल में फंसाकर उनका शोषण करने वालों की अब खैर नहीं है. ऐसे शातिरों से निपटने के लिए भारत सरकार नया कानून लाने जा रही है. जल्दी ही यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा. इसके तहत डिजिटल या किसी अन्य माध्यम से भी अनरेगुलेटेड लोन देकर परेशान करने वालों को 10 साल तक जेल की चक्की पीसनी होगी. इतना ही नहीं उन्हें दो करोड़ तक का जुर्माना भी भरना होगा. लोन देकर अगर प्रताड़ित नहीं भी किया, परंतु लोन अनरेगुलेट है या रिजर्व बैंक या दूसरे किसी रेगुलेटर द्वारा मंजूर नहीं है तो सात साल तक के जेल की सजा भुगतनी होगी. एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना भी भरना होगा.

**बिल का ड्राफ्ट तैयार, जनता से मांगी राय :** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के फाइनेंशियल सर्विसेज डिपाक्टमेंट ने बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड लेंडिंग एक्टिटीज (बुला) नामक इस बिल का ड्राफ्ट तैयार कर लिया है. केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि रिजर्व बैंक या दूसरे किसी रेगुलेटर से रजिस्टर्ड कराए बिना या किसी कानून के प्रावधान के तहत नहीं आने वाले डिजिटल या अन्य मनीलेंडर्स के खिलाफ इस बिल में कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है. बिल के ड्राफ्ट को पब्लिक के लिए सार्वजनिक कर दिया गया है. 13 फरवरी तक इस पर राय दी जा सकती है या कोई संशोधन सुझाया जा सकता है. इसके तहत पब्लिक लेंडिंग एक्टिविटी को डिफाइन किया गया है. इसमें ब्याज पर दी गई कोई भी रकम लोन माना जाएगा. केवल खुद को या रिश्तेदार को बिना ब्याज के दिया गया पैसा पब्लिक लेंडिंग एक्टिविटी के तहत नहीं आएगा. इसके तहत भारतीय संविधान की पहली अनुसूची में आने वाले उन 20 कानूनों को भी समाहित किया गया है, जिनसे लोन एक्टिविटी संचालित की जाती है.




## अच्छा मौका | जेवर खरीदने वालों के लिए है यही सुनहरा मौका

# बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसियां। नयी दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को भी कमजोरी नजर आई. सोना 650 रुपए से 710 रुपए प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया. सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना शुक्रवार को भी 77,280 रुपए से लेकर 77,130 रुपए प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,850 रुपए से लेकर 70,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के बीच बिका. चांदी भी 1 हजार रुपए प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुई है. कीमत में आई इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई.देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 77,280 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,130 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,180 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,750 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,130 रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिका. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,130 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 77,280 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,180 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि 22 कैरेट सोना 70,750 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,280 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,850 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिका. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,700 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिका.



# बिहार में 21 हजार करोड़ निवेश करेगा आईओसी

एजेंसी। नयी दिल्ली

शेयर मार्केट में उतारचढ़ाव के बीच इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के शेयरों में शुक्रवार तेजी आई है. कंपनी का शेयर बीएसई पर करीब 1.5% फीसदी तेजी के साथ 141.65 रुपए पर पहुंच गया. इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 196.80 रुपए है. आईओसी बिहार में अपनी बरौनी रिफाइनरी का विस्तार करने और पूरे राज्य में सिटी गैस वितरण नेटवर्क स्थापित करने के लिए 21,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी. कंपनी बरौनी रिफाइनरी की सालाना कैपेसिटी 6 मिलियन टन से बढ़ाकर 9 मिलियन टन करने जा रही है. साथ ही वह बिहार में एक पेट्रोकेमिकल प्लांट भी लगाएगी जिसकी अनुमानित लागत 16,000 करोड़ रुपए है.

- **गिरते बाजार में चढ़ गया कंपनी का शेयर**

**क्या है कंपनी का टारगेट**

साथ ही कंपनी बिहार में एक पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट भी बना रही है, जो 200,000 टन पॉलीप्रोपाइलीन का उत्पादन करेगा. पॉलीप्रोपाइलीन प्लास्टिक इंडस्ट्री के लिए एक प्रमुख कच्चा माल है. रिफाइनरी विस्तार और पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट के 2025 के अंत तक चालू होने की उम्मीद है. इसके अलावा, आईओसी बिहार के 27 जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क बनाने के लिए 5,600 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है. इससे पहले, आईओसी ने दूसरे पार्टिसिपेंट्स के साथ मिलकर बरौनी खाद कारखाने को रिवाइव करने के लिए 9,512 करोड़ रुपए का निवेश किया था. इसमें अक्टूबर 2022 में फिर से यूरिया उत्पादन शुरू हुआ था.

आईओसी ने साल 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है. 110 अरब डॉलर के मार्केट कैप वाली यह कंपनी अगले दशक में रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार करने, पेट्रोकेमिकल्स को इंटिग्रेट करने, सहायक बुनियादी ढांचे को विकसित करने और अक्षय ऊर्जा एसेट्स को बढ़ाने के लिए 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने की योजना बना रही है. कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल में 17% की बढ़ोतरी हुई है, वहीं पिछले 5 साल में इसने 65% रिटर्न दिया है.

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी : भारत के खिलाफ आखिरी दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम किया परिवर्तन

# कोनस्टास और रिचर्डसन को मिला एकादश में मौका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की बार्डर गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुक़ाबला 26 दिसंबर से मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा.यह सीरीज 1-1 से ड्रा चल रही है.ऐसे में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपने स्क्वाड में दो बड़े बदलाव किए हैं.

टीम ने सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया है. वहीं चोट के चलते तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड भी अगले दो मैचों के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं. मैकस्वीनी के स्थान पर 19 साल के सैम कोनस्टास को भी जगह मिली है. वहीं हेज़लवुड



की जगह तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को शामिल किया गया है. रिचर्डसन तीन साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं. आखिरी बार उन्हें 2021-22 में द एशेज सीरीज खेलते हुए देखा गया था.

### डेब्यू करते ही कोनस्टास बना सकते हैं ये बड़ा रिकॉर्ड

एमसीजी में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ मैकस्वीनी की जगह कौन ओपन करेंगा ये बड़ा सवाल है.अगर सैम कोनस्टास को इस मैच में डेब्यू करने का मौका मिलता है तो वह पिछले 70 सालों में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बनेंगे.इससे पहले 1952 में इयान क्रेग ने 17 साल 239 दिन की उम्र में डेब्यू किया था,वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं.

### कोनस्टास ने अंडर 19 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था

कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम का हिस्सा थे और इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था. इसके अलावा शेफील्ड शील्ड में उन्होंने साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलते हुए पहले मैच में 152 और 105 रन की पारी खेली थी. फिर एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते हुए भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन बनाए थे. कोंस्टास और रिचर्डसन के अलावा तेज गेंदबाज सीन एबॉट भी मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के स्क्वॉड में शामिल किया गाय है.

**आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर.

## आईओसी ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के दस्तावेज जारी किये

**एजेंसी। जिनेवा**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में होने वाले आईओसी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों के उम्मीदवारी दस्तावेज जारी किए.ये दस्तावेज सभी के लिए ioc.org पर डाउनलोड करने और देखने के लिए उपलब्ध हैं, और कुछ दस्तावेज अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश संस्करणों में उपलब्ध कराए गए हैं.सात उम्मीदवार, एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन (जॉर्डन ओलंपिक समिति के अध्यक्ष), डेविड लैपर्टिएंट (यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनेल के अध्यक्ष), जोहान एलियाश (अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड फेडरेशन के अध्यक्ष), जुआन एंटोनियो समरंच (आईओसी के उपाध्यक्ष), क्रिस्टी कोवेंट्री (जिम्बाब्वे के तैराक और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता), सेबेस्टियन को (विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष), मोरिनारी वतनबे (अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष), 30 जनवरी, 2025 को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में आईओसी सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन अपने अध्यक्षीय उम्मीदवारी की प्रस्तुति देंगे. आईओसी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 18-21 मार्च, 2025 को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र के दौरान होगा. नए अध्यक्ष थॉमस बाक का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल 2025 में समाप्त हो रहा है. आईओसी ने घोषणा की, उम्मीदवारी दस्तावेजों का ऑनलाइन प्रकाशन अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुशासन का एक महत्वपूर्ण तत्व है.

### अर्जेंटीना लगातार दूसरे वर्ष फीफा पुरुष फुटबॉल रैंकिंग में शीर्ष पर

**नयी दिल्ली।** फ़ुटबॉल विश्व चैंपियन अर्जेंटीना लगातार दूसरी साल फीफा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हुई है.गुरुवार को प्रकाशित रैंकिंग में केवल सीमित बदलाव हुए और नवंबर में पिछली रैंकिंग जारी होने के बाद से केवल 21 अंतरराष्ट्रीय मैच हुए.अर्जेंटीना ने वर्ष के अंत में फ्रांस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है.जबकि यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने पोडियम पूरा किया. शेष शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है. शीर्ष दस टीमों के क्रम में,अर्जेंटीना, फ्रांस, स्पेन, इंग्लैंड, ब्राजील, पुर्तगाल, नीदरलैंड, बेल्जियम, इटली और जर्मनी है. रैंकिंग जारी करते हुए फीफा ने कहा कि अंगोला, जिसने 2024 में सबसे अधिक मैच खेले, ने पिछले 12 महीनों में बड़ी प्रगति दर्ज की है. वो 32 स्थान ऊपर चढ़कर 85वें स्थान पर पहुंच गया. फीफा की अगली टीम रैंकिंग अप्रैल में प्रकाशित की जाएगी.

### पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

**नयी दिल्ली।** पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा, जो अगले मार्च में पहली बार विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स की मेजबानी भी करेगा.अगले साल पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप नई दिल्ली में होगी.जो पहली बार भारत में इस आयोजन की मेजबानी करेगा.विश्व पैरा एथलेटिक्स ने उक्त घोषणा की.पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप, दुनिया की सबसे बड़ी एकल पैरा खेल प्रतियोगिता, 26 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जाएगी.

### भारत अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में

# सुपर फोर मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से पराजित किया

**एजेंसी। कुआलालंपुर**

बाएं हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला ने शानदार चार विकेट लेकर भारत को शुक्रवार को बेयूमास क्रिकेट ओवल में श्रीलंका पर चार विकेट से जीत के साथ अंडर-19 महिला एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया. भारत की पिछली सुपर फोर जीत में बांग्लादेश पर तीन विकेट लेने वाली आयुषी ने 4-10 के आंकड़े हासिल किए और श्रीलंका को 20 ओवरों में 98/9 पर सीमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.उन्हें साथी बाएं हाथ की स्पिनर परुनिका सिसोदिया का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो विकेट लिए, जबकि शबनम शकील और द्रिथी केसरी ने एक-एक विकेट लिया, क्योंकि मनुदी नानायकारा के 33 रन को छोड़कर, श्रीलंका की कोई भी बल्लेबाज 25 रन तक नहीं पहुंच पाई.पीछा करते हुए, ईश्वरी अवसारे और सानिका चालके को जल्दी खोने के बावजूद, जी त्रिशा और जी कमलिनी ने सुनिश्चित किया कि भारत 99 रन का पीछा करने की कोशिश में पटरी पर रहे. 2023 महिला अंडर 19 टी 20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य त्रिशा ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए और जी कमलिनी के साथ 63 रन की साझेदारी की, जिन्होंने 26 गेंदों में 28 रन बनाए.लेकिन श्रीलंका ने मैच में वापसी की क्योंकि चामुदी मुनासिंघे ने त्रिशा को आउट किया, जबकि



#### आयुषी शुक्ला ने बरपाया कहर

भारत के लिए आयुषी शुक्ला ने काफी अच्छी गेंदबाजी की. उन्होंने 4 ओवरों में महज 10 रन दिए और 4 विकेट झटके. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. परुनिका ने भी 2 विकेट लिए. उन्होंने 4 ओवरों में 27 रन दिए. शबनम और धृति को 1-1 विकेट मिला.

#### संक्षिप्त स्कोर

श्रीलंका 98/9 (मनुडी नानायकारा 33; आयुषी शुक्ला 4-10) भारत से 102/6 (जी त्रिशा 32, जी कमलिनी 28; चामुदी मुनासिंघे 3-16, शशिनी गिम्हानी 2-18) से चार विकेट से हार गया.

शशिनी गिम्हानी ने कमलिनी को आउट किया. कप्तान निकी प्रसाद और विकेटकीपर भाविका अहिरे के सस्ते में आउट होने से भारत की गिरावट जारी रही.

लेकिन शांत और संयमित मिथिला विनोद ने चार चौके लगाए, जिसमें विजयी रन भी शामिल थे, और 12 गेंदों पर 17 रन बनाकर नाबाद रहीं और भारत ने 14.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. आयुषी को उनके चार विकेट के लिए अंततः प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.भारत अब रविवार को बयूमास क्रिकेट ओवल में होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश-नेपाल सुपर फोर गेम के विजेता से भिड़ेगा.

## पाकिस्तान ने द. अफ्रीका को हराया

### सीरीज भी जीती

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है.पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े. छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई. इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया. रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई. हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली. पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका.

दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई. कामरान गुलाम को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया. पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने चार विकेट तथा नसीम शाह ने तीन विकेट लिये. अबरार अहमद को दो विकेट मिले. आगा सलमान ने एक बल्लेबाज को आउट किया.इससे पहले कल देर रात खेले गये मुकाबले में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 330 रनों का लक्ष्य दिया था. दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (पांच) का विकेट गवां दिया. इसके बाद बल्लेबाज करने आये बाबर आजम ने सईम अयूब के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया. 10वें ओवर में वेना मफाका ने सईम अयूब (25) को आउट कर पाकिस्तान को दूसरा झटका दिया.इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मोहम्मद रिजवान ने बाबर आजम के साथ तीसरे विकेट के लिये 115 रनों की साझेदारी की. तीसरे विकेट के रूप में बाबर आजम (73) रन बनाकर आउट हुये. आगा सलमान (33), इरफान खान (15) और शाहीन शाह अफरीदी (16) रन बनाकर आउट हुये. मोहम्मद रिजवान ने 82 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (80) रन बनाये.वही कामरान गुलाम ने 32 गेंदों में चार चौक और पांच छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में (63) रनों की पारी खेली. पाकिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 329 रन बनाये. दक्षिण अफ्रीका की ओर से वेना मफाका ने चार विकेट लिये. मार्को यानसन को तीन विकेट मिले. ब्योर्न फोर्टेन और एंडिले फेहुक्वायो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

### अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला

## जिम्बाब्वे टीम में बेन कुरेन समेत सात अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी। हरारे**

जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी ऐतिहासिक बॉक्सिंग डे और नए साल के टेस्ट के लिए अपनी टीम में सात अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया है.ये खिलाड़ी बल्लेबाज बेन कुरेन और जॉनथन कैंपबेल, विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी और न्याशा मायावो,तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू,ताकुदज़्वा चताइरा और न्यूमैन न्यामहुरी हैं.इन सात खिलाड़ियों में से छह पहले भी सफ़ेद गेंद के प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के साथ खेल चुके हैं, लेकिन 26 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज चताइरा को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है. वह वर्तमान में चल रहे लोगन कप प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के लिए विकेट लेने वालों की सूची में छठे स्थान पर



हैं.इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम और सैम के मझले भाई और जिम्बाब्वे के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केविन कुरेन के बेटे बेन कुरेन को लोगन कप में सबसे ज़्यादा रन बनाने का इनाम मिला है.18 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज न्यामहुरी ने अफ़गानिस्तान के खिलाफ़ पहले वनडे में जिम्बाब्वे के लिए पदार्पण किया था और वह टी20 टीम का भी हिस्सा हैं,अब उनके पास एक महीने के अंदर तीनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने का अवसर है.सिकंदर रजा, सीन विलियम्स, ब्लेसिंग मुजारबानी और रिचर्ड नगारवा की अनुभवी चौकड़ी टेस्ट टीम का मुख्य हिस्सा है, जिसका नेतृत्व क्रेग एर्विन करेंगे.चयन समिति ने जुलाई में आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलने वाली जिम्बाब्वे टीम के सात खिलाड़ियों को बाहर रखा है. वे बल्लेबाज क्लाइव मदंडे, रॉय कैया और प्रिंस मास्वाउरे, तेज गेंदबाज तेंदई चतारा, तनाका चिवांगा और विक्टर न्याउची और बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा हैं.

#### जिम्बाब्वे टेस्ट टीम

क्रेग एर्विन (कप्तान), बेन कुरेन, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, ताकुदज़्वा चताइरा, जॉयलॉर्ड गुंबी, ट्रेवर ग्वांडू, ताकुदज़्वानाशे काइतानो, तादिवानाशे मारुमानी, ब्रैंडन मावुता, न्याशा मायावो, ब्लेसिंग मुज़ारबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामुरी, सिकंदर रजा, सीन विलियम्स.

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

### 3-0 से अपने नाम किया सीरीज

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बांग्लादेश ने तीसरे टी20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से हरा दिया है. इस तरह बांग्लादेश ने 3 टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम किया. वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 190 रनों का लक्ष्य था, लेकिन कैरेबियन टीम 16.4 ओवर में 109 रनों पर सिमट गई. इससे पहले बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 189 रनों का स्कोर बनाया.

**वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो... :** बांग्लादेश के 189 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही. वेस्टइंडीज के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर पवैलियन का रूख करते रहे. ओपनर ब्रैंडन किंग



बिना खाता खोले चलते बने. वहीं, जॉनसन चार्ल्स ने 18 गेंदों पर 23 रनों का योगदान दिया. वेस्टइंडीज के लिए रोमरिया शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 27 गेंदों पर 33 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में 1 चौका और 3 छक्के जड़े. इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाए. रोस्टन चेस, रोवमन पॉवेल और जस्टिन ग्रेव्स जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया.

बांग्लादेश के लिए रिशाद हौसेन सबसे कामयाब गेंदबाज रहे. रिशाद हौसेन ने वेस्टइंडीज के 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इसके अलावा तस्कीन अहमद और मेंहदी हसन मिराज ने 2-2 विकेट झटके. जबकि तंजीम हसन साकिब और हसन महमूद को 1-1 कामयाबी मिली.

#### बांग्लादेश के लिए जाकेर अली चमके

इससे पहले बांग्लादेश के लिए जाकेर अली ने तूफ़ानी पारी खेली. जाकेर अली ने 41 गेंदों पर 72 रनों का योगदान दिया. उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 6 छक्के जड़े. परवेज हौसेन इमोन ने 21 गेंदों पर 39 रन बनाए. जबकि मेंहदी हसन मिराज ने 23 गेंदों पर 29 रनों का योगदान दिया. वेस्टइंडीज के लिए रोमरियो शेफर्ड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए. इसके अलावा अल्जारी जोसेफ, रोस्टन चेस और गुदाकेश मोटे को 1-1 कामयाबी मिली.

**समीक्षा**

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच जस्टिन लेंगर ने अपनी ही टीम को डराया, कहा

# जसप्रीत बुमराह का सामना करना बुरे सपने देखने जैसा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच जस्टिन लेंगर ने जसप्रीत बुमराह की जमकर तारीफ की हैं. उन्होंने बुमराह की तुलना पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम से की है. उन्होंने बुमराह की तारीफ करते हुए यह तक बोला कि उनका सामना करना बुरे सपने जैसा है.वो दाएं हाथ के वसीम अकरम हैं. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की बात करें तो जसप्रीत बुमराह अभी शानदार फॉर्म में हैं. वे अभी तक सर्वाधिक 21 विकेट के साथ टॉप पर चल रहे हैं. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 25.14 का है जो बाकी गेंदबाज से बहुत बेहतर है.जस्टिन लेंगर ने बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच शुरू होने से पहले प्रेस से बात करते हुए कहा,'मुझे उनका सामना करना बिल्कुल पसंद नहीं है. वे वसीम अकरम की तरह हैं. मेरे लिए,वे दाएं हाथ के वसीम अकरम हैं.हर बार जब मुझसे पूछा जाता है कि आपने अब तक का सबसे अच्छा गेंदबाज कौन सा खेला है तो मैं कहता हूं-वसीम अकरम'.जस्टिन लेंगर ने बुमराह की तारीफ करते हुए आगे कहा, 'उनके पास एक अच्छी गति है और महान गेंदबाज एक ही जगह पर




गेंद डालते हैं.उनके पास एक अच्छा बाउंसर है. इसलिए यह उन्हें एक भयानक बुरा ख्वाब जैसा बनाता है. उनके पास गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता है. उनकी सीम सचमुच एक दम सही है.यदि आप एक सही सीम पेश करते हैं और यह उंगलियों से बिल्कुल सही तरीके से निकलती हैं, जैसे कि उनके साथ होता है तो आपको निश्चित कामयाबी मिलती है. अकरम यही करते थे और उनका सामना करना एक बुरे सपने जैसा था.लेंगर ने आगे कहा,'मुझे बुमराह का सामना करना बिल्कुल पसंद नहीं है.वह एक बेहतरीन कॉम्पिटीटर हैं. वे अच्छी गति से गेंदबाजी करते हैं और वे कमाल के हैं. मैंने सीरीज की शुरुआत में कहा था कि अगर बुमराह फिट रहता है तो ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के लिए यह बहुत मुश्किल गर्मी होगी.अगर वो फिट नहीं रहता है तो वो ऑस्ट्रेलिया आसानी से सीरीज जीत जाएगी और मैं अब भी यही मानता हूं.

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया है, जो उस खिलाड़ी के सम्मान में होगा जिसने सीमित ओवरों के खेल में क्रांति ला दी थी.इस वर्ष की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अभियान शुरू किया गया था, जिसमें टूर्नामेंट का नाम रखने के लिए खिलाड़ियों की एक सूची बनाई गई थी, जिसमें जोन्स, माइकल बेवन और एंड्रयू साइमंड्स शामिल थे, जिनका मूल्यांकन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फेम समिति द्वारा किया गया था.पुरस्कार के लिए मुख्य मानदंडों में पुरुषों की एक दिवसीय प्रतियोगिता में उनका रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी होना और 50 ओवर के प्रारूप का पर्याय बनने वाला



खिलाड़ी होना शामिल था. सितंबर 2020 में 59 वर्ष की आयु में निधन हो जाने वाले जोन्स ने विक्टोरिया के लिए 55 घरेलू एक दिवसीय मैचों में 50.52 की औसत से 2122 रन बनाए और उन्हें 1994-95 का खिताब दिलाया, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, जहां वह 50 ओवर के खेल में अग्रणी थे, उन्होंने सात शतकों सहित 44.81 की औसत से 6068 रन बनाए और 1987 के एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे.

### अंबेडकर पर अपमान जनक टिप्पणी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ सड़क पर उतरे कांग्रेसी

# गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफा मांगा, किया प्रदर्शन

- केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ लगाये नारे



संवाददाता । हजारीबाग

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न भीमराव आम्बेडकर के बारे में राज्यसभा में बेहद अपमान जनक टिप्पणी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार किए जाने पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर आन्नदा चौक तक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया . कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब का अपमान लगातार करते रहते है . उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार और फर्जी मुकदमा कर भाजपा अडानी के मुद्दे से जनता को भटकाने का प्रयास कर रही है .सभी ने एक स्वर में कड़ा विरोध करते हुए अमित शाह से इस्तीफा की मांग की. विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह,बिनोद सिंह,जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान,लाल बिहारी सिंह,अजय गुप्ता,रघु जायसवाल, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, गोविंद राम, गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, सदरूल होदा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सुनिल सिंह राठौर, सुनिल अग्रवाल, महिला अध्यक्ष बेबी देवी, युवा अध्यक्ष प्रकाश यादव, मनिषा टोप्पो, डॉ. प्रकाश कुमार, कोमल कुमारी, जयप्रकाश यादव, अनिल कुमार भुईंया, राशिद खान, सुनिता देवी, शफा रजा, अमर सिंह यादव, सैयद अशरफ अली, मो. वारिस, अशोक कुमार, अजित कुमार गुप्ता, मुस्ताक अंसारी, रियाजउद्दिन अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे .

## कांग्रेस ने किया चतरा में भी जोरदार प्रदर्शन

**चतरा।** आज चतरा जिला कांग्रेस कमिटी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ किए गए धक्का मुक्की के खिलाफ चतरा में प्रदर्शन किया.जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था. चतरा जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जमकर केंद्र के खिलाफ नारेबाजी की एवं संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के खिलाफ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा दिए गए बयान कि कड़ी निंदा की . इस दौरान नेताओं ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफे कि मांग की एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ किए गए झूठे मुकदमे वापस लेने कि मांग की. मौके पर जिला महासचिव के कौसर, चतरा जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यालय प्रभारी अजीमुद्दीन ख्वाजा, नंदकिशोर साव, मुहम्मद मुबारक, गुडु आलम, पूर्व जिला उपाध्यक्ष एनएसयूआई हर्षित चित्रांश, सौरव कुमार सौरव (मुन्ना यादव), अजीत यादव, ऋतिक श्रीवास्तव, लोकेश यादव, विकि भोक्ता, अनुज कुमार, एवं अन्य उपस्थित थे.

### समीक्षा बैठक में शामिल हुईं विधायक ममता देवी, कहा

## नप क्षेत्र में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे



संवाददाता । रामगढ़

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चल रहे सभी योजनाओं को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई जिसमें रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई समीक्षा बैठक के दौरान विधायक ममता देवी ने उपस्थित आधिकारियों को पारदर्शी तरीके से सभी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया.

इस दौरान ममता देवी ने कहा कि रामगढ़ नगर परिषद एवं छावनी परिषद में घर-घर पाइप लाइन से पानी पहुंचाने की योजना का प्रगति संतोषजनक नहीं है यथाशीघ्र इस योजना को पूर्ण कर रामगढ़ शहर और नगर में जलापूर्ति को दुरुस्त किया जाए , रामगढ़ छावनी क्षेत्र एवं नगर परिषद क्षेत्र के गंदा पानी से दूषित हो रहे दामोदर नदी को प्रदूषित होने से बचने के लिए चल रही शिव रेज ट्रीटमेंट प्लांट योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया वही प्रधानमंत्री आवास योजना फेज 2 अभी चालू नहीं हुआ है बावजूद इसके दलालों द्वारा क्षेत्र में घूम कर लाखों का फॉर्म भरने का नाम पर पैसे की ठगी की जा रही है . इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इस पर जांच कर नागरिकों को प्रचार प्रसार के माध्यम से इस तरह के दलालों के चक्कर में नहीं पड़े इसकी व्यवस्था सुरक्षित करने का भी निर्देश दिया है .

रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने ,रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के आठ जगहों पर आरोग्य आयुष्मान आरोग्य मंदिर को दुरुस्त कर सुचारू ढंग से चलाने ,डी एन यु एल एम योजना से महिलाओं का ज्यादा से ज्यादा ग्रुप बनाने का निर्देश दिया है .

# संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की रणनीति रही है बेहतर : डीआईजी

संवाददाता । रामगढ़



रामगढ़ जिले में संगठित अपराध के खिलाफ पुलिस की रणनीति काफी सफल रही है. यहां जितने भी अपराधियों ने कदम रखा, पुलिस ने उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया है. अपराधी रामगढ़ जिले में मिले हों, झारखंड के किसी कोने में हों या दूसरे प्रदेशों में ही क्यों न छापेमारी करनी पड़ी हो.

हर जगह से अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. यह बातें शुक्रवार को रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के कार्यालय की समीक्षा के दौरान हजारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर ने कही. उन्होंने कहा कि वार्षिक समीक्षा के दौरान एसडीपीओ कार्यालय में किए जा रहे कार्य और क्षेत्र में हुए कार्यों का अवलोकन किया जाता रहा है. इस बार की रिपोर्ट बेहद सकारात्मक है.डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि चुनावी वर्ष होने के बावजूद रामगढ़ जिले की पुलिस काफी सक्रिय रही है. लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को सफल पूर्वक संबंध करने के बावजूद अपराधियों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त कार्रवाई कार्य बता दिया है कि झारखंड पुलिस 24 * 7 कम कर रही है. रामगढ़ जिले की पुलिस को मिली सफलता की सराहना मुख्यालय के अधिकारी भी कर रहे हैं.

डीआईजी सुनील भास्कर ने कहा कि रामगढ़ जिले में एटीएम लूट कांड की घटना हुई थी. वह घटना सिर्फ रामगढ़ जिले में ही नहीं, झारखंड के दूसरे जिलों और बिहार के अन्य जिलों में भी हुई थी. उस वारदात को अंजाम देने वाले अपराधी यहां से भाग कर हरियाणा राज्य में जाकर छुप गए थे. उस गिरोह में बिहार राज्य के भी अपराधी शामिल थे. लेकिन रामगढ़ एसपी अजय कुमार के नेतृत्व में उन सभी अपराधियों को पुलिस ने ना सिर्फ गिरफ्तार किया, बल्कि लूट की रकम से खरीदी गई गाड़ी और कैश भी बरामद किया.

यह झारखंड पुलिस के लिए गर्व की बात है. डीआईजी सुनील भास्कर ने इस उपलब्धि के लिए उस टीम में शामिल पदाधिकारियों को अवार्ड देने की अनुशंसा की है.सीडीपीओ कार्यालय के समीक्षा के दौरान डीआईजी सुनील भास्कर ने दस्तावेजों की भी छानबीन की. उन्होंने बेहतर तरीके से संचिका बनाने और निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया. साथ ही कांड अनुसंधान करने को लेकर भी कई निर्देश दिए. इस दौरान रामगढ़, यातायात, रजरप्पा, महिला थाना, मांडू, गोला, बरलांगा थाना, वेस्ट बोकारो और कुजू ओपी में दर्द हुई प्राथमिकी तथा उन पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई. इस दौरान डीएसपी हेडक्वार्टर चंदन वत्स, रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी फौजान अहमद, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, मांडू थाना प्रभारी रंजीत यादव, कुज्जू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडे, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे.

## स्कॉर्पियो का शीशा तोड़ कर चोरों ने उड़ा लिये पांच लाख

- गाड़ी का शीशा टूटने की आवाज सुनकर लोगों ने शोर मचाया. अजय कुमार जब वहां पहुंचे तो अपना सिर पीट लिए.

संवाददाता । रामगढ़

रामगढ़ शहर में एक बार फिर चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है. चोरों ने रामगढ़ कॉलेज जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में एक स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपए उड़ा लिए हैं. यह घटना रामगढ़ शहर की जेजे टेंट के मालिक अजय कुमार महतो के साथ घटी है. चोरों ने जैसे ही गाड़ी की डिक्की का शीशा तोड़ा वह रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए. गाड़ी का शीशा टूटने की आवाज सुनकर लोगों ने शोर मचाया. अजय कुमार जब वहां पहुंचे तो अपना सिर पीट लिए. रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में (कांड संख्या 397/24)अंकित कर कार्रवाई शुरू कर दी है.रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोसा निवासी अजय कुमार महतो ने शुक्रवार को बताया कि डीएस कॉम्प्लेक्स में स्थित एक्सिस बैंक से पांच लाख रुपए निकाले थे. फिर वे स्टाफ सचिन कुमार के साथ स्कॉर्पियो ( जेएच 24 ई 7771) से नईसराय एप्पल शोरूम पहुंचे. यहां उन्होंने मोबाइल खरीदा. बाद में रामगढ़ कॉलेज गेट के पास रोड किनारे लगाकर जी मार्ट के अंदर चले गए. थोड़ी देर बाद हल्ला होने पर बाहर निकले तो देखा कि गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है और रुपये गायब हैं.रामगढ़ जिले में चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है. एक के बाद एक चोरी, छिनतई की घटनाओं से शहर वासी परेशान है. लेकिन पुलिस के हाथ इन चोरों तक नही पहुंच पा रहे. जिससे चोरों का मनोबल बढ़ते जा रहा है और एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं.

चोरी की इस घटना का पता लगाने के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को कंगाल रही है. कुछ संदिग्ध लोगों को पुलिस ने पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया है.

### बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**हजारीबाग ।** सीपीआईएम नेता गणेश कुमार सीटू ने बाबासाहेब अंबेडकर के बारे में गृह मंत्री द्वारा दिया गया बयान की निंदक करते हुए कहा है कि देश के उच्च सदन के अंदर जिस तरह से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के बारे में भारत सरकार के गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह जी ने जो बयान दिया है वह अति निंदनीय है. उन्हें बाबा साहेब के विषय में ऐसा नहीं बोलना चाहिए था. बाबा साहब देश को चलाने के लिए संविधान बनाया और इस संविधान के तहत आज तक देश चल रहा है. इस देश में महिलाओं, दलितों आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को को जो न्याय, अधिकार और सम्मान मिल रहा है वह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की देन है. अगर वह ना होते तो आज देश के महिलाओं, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ो और गरीबों की हालत बाद से बदतर होती. मंडल कमीशन के समय भी भाजपा के लोगों ने बीपी सिंह का काफी विरोध किया था और मंडल कमीशन लागू किया जाने के तुरंत बाद आडवाणी साहब ने राम मंदिर के लिए रथ यात्रा निकालने की घोषणा कर दिया थे.

## जल्द होगा सेलहारा स्कूल का उवि में अपग्रेडेशन : विधायक



संवाददाता । चौपारण (हजारीबाग)

बरही विधायक मनोज कुमार यादव क्षेत्र भ्रमण के दौरान मध्य विद्यालय सेलहारा पहुँचे. जहां उन्होंने स्कूली बच्चों से मिलकर उनका हाल जाना. साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं से मिल कर शैक्षणिक व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने से सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए. इससे पहले विद्यालय के शिक्षकों ने विधायक का फूल भेंटकर स्वागत किया. वही स्थानीय मुखिया अनिता देवी व उपमुखिया प्रवीण सिंह ने अंगवस्त्र देकर विधायक को जीत की बधाई दी. प्राचार्य रामखेलावन रविदास, शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, जन्मजेय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश पासवान ने विद्यालय को सामूहिक रूप माँग पत्र सौंपी. जिसपर विधायक ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से मिलकर जल्द सेलहारा स्कूल का अपग्रेडेशन के लिए पहल करूँगा. बच्चो को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आप अपने माता पिता के साथ देश का भविष्य है. खेलकूद के साथ पढ़ाई पर ज्यादा धयान दे. उन्होंने कहा कि जो बच्चे पढाई के साथ साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियों में भी भाग लेते हैं उनका बौद्धिक, शारिरिक व मानसिक रूप से बेहतर विकास होता है. मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, बिनोद यादव, सचिन पासवान, शिक्षक राकेश कुमार, डैजी सिंह, रागिनी सिंह, राजेन्द्र राम, सहित अन्य.

### ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर,आक्रोश

**सिमरिया।** चोपे और बड़गांव के ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन देकर वन विभाग के कारगुजारियों का पर्दाफाश किया है. ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में डीसी को बताया गया है कि वन विभाग को जिन लोगों ने लकड़ी तस्करी की सूचना दी, उनके खिलाफ ही वन विभाग ने एफआईआर कर जेल भेज दिया. डीसी को बताया गया कि 13 दिसंबर को मंजीत कुमार साहु, शशि कुमार पासवान, संजय कुमार यादव और मोहन यादव ने बिरहु रेंज के वनकर्मी सत्यनारायण रविदास, मनोज राम और विजय कुमार को लकड़ी कटे होने की सूचना दी गई थी. सूचक लोगों के सहयोग से वन विभाग ने दो ट्रैक्टर लकड़ी सिमरिया भिजवाया. 15 दिसंबर को वनकर्मी सत्यनारायण रविदास द्वारा अपने मोबाइल से सूचक से यह आग्रह किया गया कि बचे लकड़ियों को ट्रैक्टर के माध्यम से ले आएं. उन्हें ट्रैक्टर का किराया मिल जाएगा. जब्त लकड़ियों को वन अध्यक्ष चोपे पप्पु साहु और वन अध्यक्ष भयपुर रामविलास यादव के ट्रैक्टर में लाद कर सूचक जब वन विभाग को सुपुर्द करने चतरा गए तो सूचक को गिरफ्तार कर लिया गया.

## न्यूज अपडेट

### बालू के अवैध खनन व परिवहन पर हाईवा जब्त

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है . इसी क्रम में खान निरीक्षक राहुल कुमार के द्वारा गस्ती के क्रम में बाजार टांड़ के पास एक हाईवा अवैध बालू के साथ पाया गया जांच के क्रम में पाया गया कि हाईवा वाहन संख्या जे एच 02 ए ई 8022 पर 607 घन फिट बालू खनिज लोड पाया गया . हाईवा में जांच पड़ताल किया गया लेकिन बालू का परिवहन चालान कागजात नहीं पाया गया .जिसके बाद वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज ( विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत जिला खान निरीक्षक रामगढ़ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी .

### दो संस्थानों ने अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

**हजारीबाग।** बीते 17 तारीख को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग से एक अज्ञात पुरुष का शव प्राप्त हुआ .जिसे अस्पताल प्रशासन द्वारा मोर्चरी में 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया . इस दौरान पुलिस और अन्य माध्यमों से शव की पहचान कराने का हरसंभव प्रयास किया गया .लेकिन पहचान सुनिश्चित नहीं हो सकी . शव की पहचान न हो पाने के कारण शुक्रवार को मुक्तिधाम सेवा संस्थान, हजारीबाग के नीरज कुमार और शिरत मैय्यत कमिटी के सदस्यों के सहयोग से मुस्लिम धर्मानुसार खिरगांव कब्रिस्तान हजारीबाग में शव का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया .इस कार्य में शिरत मैय्यत कमिटी शबीर अली व मोहम्मद मुर्तजा, समाज सेवी आसीत गुप्ता रेड क्रॉस से सनत सिन्हा, अस्पताल प्रशासन, कब्रिस्तान प्रबंधन और स्थानीय समुदाय का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ . यह पहल समाज में उन अज्ञात व्यक्तियों के सम्मान और अंतिम संस्कार के अधिकार को सुनिश्चित करने का उदाहरण प्रस्तुत करती है .

### केरेडारी के डुमरी में डे नाइट फुटबॉल मैच शुरू

**केरेडारी( हजारीबाग ) ।** केरेडारी प्रखंड के मनातू पंचायत अंतर्गत डुमरी में डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के सौजन्य से बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में शुभारंभ किया गया ! टूर्नामेंट का उद्घाटन केरेडारी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक शिव प्रसाद एवं केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी जिला परिषद गीता देवी मुखिया देवंती देवी पंचायत समिति सदस्य चरमी देवी उप मुखिया पूजा कुमारी मुखिया प्रतिनिधि लाल बिहारी गंजू संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं फुटबॉल को कीक मारकर खेल का आगाज किया . इस टूर्नामेंट में केरेडारी प्रखंड जिला एवं दूसरे जिले से भी कुल 32 टीम भाग ले रही हैं इन सभी टीमों को जर्सी जूता फुटबॉल भेंट किया जाएगा ज्ञात हो के टूर्नामेंट में विजेता एवं उप विजेता तृतीय स्थान को नगद राशि के साथ आकर्षक शील्ड देकर खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा .

### बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया

**केरेडारी( हजारीबाग ) ।** प्रखंड अंतर्गत पचडा पंचायत के जोरदाग में आंगनबाड़ी केंद्र एक एवं दो में केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी के द्वारा बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया . प्रमुख ने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन आने की सलाह दी वही उनके परिजनों को इस बढ़ती ठंड में बच्चों को ठंड से बचाए रखने की सलाह दी इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र वन सेविका माधुरी देवी सहायिका आनो देवी एवं आंगनबाड़ी केंद्र दो की सेविका प्रमिला देवी सहा यिका डालो देवी एवं बच्चों के परिजन उपस्थित थे .

### पांच वर्ष बाद परिजनों से मिली बालिका

**हजारीबाग।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,हजारीबाग शिप्रा सिंहा के दिशा-निर्देश पर एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है . शक्ति सदन में आवासित एक बालिका लगभग 05 वर्ष पूर्व अपने माता-पिता व परिवार से भटक गई थी जिसे पुलिस के द्वारा 16 अक्टूबर को संस्था को सुपुर्द किया गया था . संबंधित बालिका के साथ उत्पीडन किए जाने के कारण वह अपने घर-परिवार के बारे में स्पष्ट रूप से कुछ बताने में सक्षम नहीं थी . बालिका से पूछताछ पर वह अपना घर चतरा जिले के नवाटाँड बता रही थी . ऐसी स्थिति में चतरा जिले के बाल कल्याण समिति से संपर्क स्थापित किया गया तथा संबंधित क्षेत्र का सत्यापन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया था . परन्तु सफलता नहीं मिली . तत्पश्चात अन्य स्रोतों से भी जानकारी प्राप्त की गई, परन्तु कोई स्पष्ट जानकारी नही मिल पाई . तदोपरांत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी हजारीबाग के निर्देश पर दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया .

### प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिशाखी पंचायत से प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन किया गया .कार्यक्रम की विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य अनिता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया सुमिरा कुमारी, बीससूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान,वरीय पदाधिकारी देवंती देवी,बीडीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा, द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया . कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के अधिकारी व कर्मी मौजूद थे . कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए गए थे .वही ग्रामीणों द्वारा वृद्धा पेंसन,अबूवा आवास, मईया सम्मान योजना आदि के फार्म जमा किये गए . कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी ने प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया .साथ ही इसका लाभ लेने की बात कही . मौके पर पंचायत सेवक दिगम्बर पांडे, बीपीओ राजकुमार सिंह, रोजगार सेवक सहित अन्य उपस्थित थे .

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**खूंटी।** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजय गांव के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से 49 वर्षीय कसरू भेंगरा घायल हो गई, उनका इलाज खूंटी के सदर अस्पताल में चल रहा था, जहां उनकी मौत हो गई . परिजनों ने बताया कि गुरुवार को कसरू भेंगरा हाट गए हुए थे, जहां से वापस अपने घर लौट रहे थे . इसी क्रम में गांव के करीब ही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया . घायलावस्था में परिजन उन्हें लेकर तोरपा के रेफरल अस्पताल गए, जहां से उन्हें सदर अस्पताल, खूंटी रेफर किया गया था . सदर अस्पताल में इलाज के दौरान कसरू भेंगरा की मौत हो गई . पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है .

### सुरक्षा कर्मियों ने 72 टन कोयला जब्त कर किया

**चरही।** सीसीएल हजारीबाग एरिया के तापिन नॉर्थ परियोजना में शुक्रवार को 42 नाला के पास से करीब 72 टन कोयला सीसीएल सुरक्षा गश्ती दल और परियोजना सुरक्षा दल के संयुक्त सहयोग से उक्त कोयले का जप्त कर किया गया . जप्त कोयले को सीसीएल तापिन नॉर्थ परियोजना के कांटा घर में वजन कर परियोजना प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया है . इस संबंध में सीसीएल हजारीबाग एरिया के सुरक्षा अधिकारी डॉ विमल ने बताया कि 72 टन कोयला को जप्त कर परियोजना को सुपुर्द कर दिया गया है . उक्त कोयले के जमा और उसके पीछे के व्यक्तियों कि छानबीन कर मामला दर्ज किया जाएगा .

**आक्रोश** नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की बैठक कर लिया निर्णय

# नौकरी परमानेंट कराने के लिए कोर्ट जाएंगे कर्मी

संवाददाता । हजारीबाग



नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की बैठक हॉल परिसर हरी नगर में संपन्न हुई. झारखंड के नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों को सरकार के द्वारा परमानेंट नौकरी नहीं देने एवं कई सालों से कई प्रकार के बहाने नगर विकास झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है.

सफाई कर्मचारी लगभग 20 सालों से सरकार को जगाने का प्रयास कर रही है. जिसका नेतृत्व झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के नेता अशोक सिंह कर रहे थे. इस साल भी सफाई कर्मचारियों ने पूरे दमखम के साथ में सभी नगर निकायों में हड़ताल किया. जिसका परिणाम असफल रहा सफाई कर्मचारियों का विश्वास खोते जा रहा है. सफाई कर्मचारी दैनिक कार्य में ही रिटायरमेंट होते जा रहे हैं . कुछ सफाई कर्मचारियों की दैनिक मे ही मृत्यु हो रही है.नगर निगम हजारीबाग के सफाई कर्मचारियों ने आज की मीटिंग में यह तय क्या है कि हम लोग अब हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे.जनहित याचिका के द्वारा सरकार तक अपनी बातों को पहुंचाएंगे.20 सालों से हम लोगों ने अशोक सिंह पर विश्वास किया सरकार को कभी भी इनके द्वारा झुकाया नहीं जा सका.हर बार इसके द्वारा आश्वासन देकर हड़ताल तुड़वाया जाता रहा.इस बैठक में सफाई कर्मचारियों ने यह तय किया है कि सफाई जो सफाई कर्मचारी इच्छुक है अपनी इच्छा अनुसार प्रत्येक सफाई कर्मचारी 1500 देकर न्यायालय के शरण में जाएंगे.अब हम लोगों की आखिरी उम्मीद न्यायालय है .हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखेंगे. इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष विवेक कुमार वाल्मीकि ने किया.बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित ज्योति चंद्र, दीपक कुमार, रविकांत सिंह, सुबोध पासवान, ननकू राम, संतोष राम, कैलाश कुमार, सुरेश राम, मनोहर राम, तुलसी यादव, सूरज कुशवाहा, अजय कुमार, संजय कुशवाहा ,अजय कुशवाहा, संदीप ,महेंद्र राणा, जीवन तिवारी , मनोज यादव एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे.

# हर व्यक्ति तक कानून की सही जानकारी पहुंचाएं : चंदन कुमार

संवाददाता । रामगढ़



लैंगिक हिंसा के विरुद्ध अभियान पर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं पलाश जेएसएलपीएस द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ.कार्यशाला में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा की लिंग आधारित हिंसा के रोकथाम के लिए सभी विभागों द्वारा मिलकर काम किया जा रहा है. 10 साल पूर्व विभिन्न प्रकार के महिला हिंसा से संबंधित मामले प्रकाश में आते थे परंतु जिला प्रशासन एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा हिंसा के खिलाफ विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बाद इस तरह के मामलों में कमी आई है. उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिका एवं जेएसएलपीएस के कर्मी एवं पदाधिकारियों को जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध अपने घर व आसपास के लोगों को हिंसा रोकने हेतु जागरूक करने, प्रत्येक व्यक्ति तक इससे संबंधित नियमों व कानून की सही से जानकारी पहुंचाने की अपील की. साथ ही उन्होंने सभी महिलाओं को इन कानून के संबंध में जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया गया. कार्यशाला के दौरान स्वागत संबोधन देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने उपस्थित सभी को महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा को रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में लोगों व ग्रामीणों तक इस जानकारी को पहुंचाने उन्हें विभिन्न अधिनियम एवं कानून के प्रति जागरूक करने की अपील की.

## न्यूज अपडेट

### एसएसबी की नक्सलवाद से निपटने में बड़ी भूमिका: अमित शाह

**कोलकाता ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के रानीडांगा में सिलीगुड़ी फ्रंटियर मुख्यालय में आयोजित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 61वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया. इस मौके पर उन्होंने एसएसबी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह बल नेपाल और भूटान के साथ भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभा रहा है. उन्होंने कहा कि एसएसबी ने न केवल सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की है, बल्कि बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में नक्सलवाद के खतरों को भी कमजोर किया है. उन्होंने कहा कि भारत की 2450 किमी की अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा सशस्त्र सीमा बल द्वारा की जाती है.

### केजरीवाल- सिसोदिया की याचिका पर जवाब के लिए ईडी को मिला वक्त

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की उनके खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को समय दे दिया है. जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी को करने का आदेश दिया. मामले की सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है. कहा था कि सिसोदिया के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए ईडी ने जरूरी अनुमति नहीं ली थी.

### द. कोरिया के राष्ट्रपति को पूछताछ के लिए फिर से बुलाया गया

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को एक बार फिर मार्शल लॉ की अल्पकालिक घोषणा से संबद्ध देशद्रोह के आरोप में पूछताछ के लिए संयुक्त जांच दल के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है. इससे पहले उन्हें 16 दिसंबर को समन जारी कर 18 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था. मगर वह नहीं गए थे. द कोरिया टाइम्स के अनुसार, संयुक्त जांच दल के इस समन में राष्ट्रपति को भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) में 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे तलब किया गया है. संयुक्त जांच दल में सभी एजेंसियों के उच्च अधिकारी शामिल हैं. सीआईओ ग्योंगगी प्रांत के ग्वाचेन में हैं. राष्ट्रपति से राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी और राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के संबंध में पूछताछ की जानी है. समन में सभी आरोप निर्दिष्ट किए गए हैं. इनमें देशद्रोह के कृत्यों को अंजाम, सत्ता का दुरूपयोग शामिल हैं.

### लावारिस कार से 52 किलो सोना 10 करोड़ रुपये नकद भी बरामद



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के जंगल में एक कार में सूत्रों के मुताबिक 52 किलो सोना और करीब 10 करोड़ रुपये कैश मिलने से हड़कंप मच गया है. भोपाल के नजदीक मंडोरी गांव में आयकर विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर सोना जब्त किया और अब इस बात की तस्दीक की जा रही है कि यह कार और यह सोना किसका है. दरअसल, गुरुवार की रात करीब दो बजे आयकर विभाग की टीम ने एक लावारिस इनोवा क्रिस्टा को जब्त किया, जिसके अंदर से 52 किलो सोना बरामद किया गया. बताया जा रहा है कि एक खाली पड़े प्लॉट पर यह इनोवा क्रिस्टा लावारिस खड़ी थी.

### आरजी कर कांड के विरोध में डॉक्टरों के धरने को कोर्ट की मंजूरी

**कोलकाता ।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर डॉक्टरों का एक समूह शुक्रवार शाम से धर्मतला के मेट्रो चैनल पर धरने पर बैठा. कलकत्ता हाई कोर्ट ने डॉक्टरों के इस धरने को मंजूरी दे दी है, हालांकि कुछ शर्तें भी लगाई गई हैं. राज्य सरकार ने डॉक्टरों के धरने पर आपत्ति जताई थी और इसे रोकने की कोशिश की थी लेकिन हाई कोर्ट के न्यायाधीशने राज्य की आपत्ति खारिज करते हुए डॉक्टरों को मेट्रो चैनल पर धरना देने की अनुमति दी. निर्देश दिया कि धरना स्थल डोरिना क्रॉसिंग से कम से कम 50 फीट की दूरी पर होना चाहिए.

### अब 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे विलंबित आईटीआर

**नयी दिल्ली ।** आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल किया जा सकता है. यह जानकारी आयकर विभाग ने शुक्रवार को दी है. आयकर विभाग ने एक्स पोस्ट पर एक बयान जारी कर कहा कि यदि आप आकलन वर्ष 2024-25 कि लिए अपना आईटीआर दाखिल करने से चूक गए हैं, तो आपके लिए विलंबित आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है. आखिरी समय का इंतजार न करें और आज ही अपना आयकर रिटर्न दाखिल करें.

---

## अंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे पर विपक्ष ने किया प्रदर्शन, वहीं, धक्का-मुक्की में घायल सांसद के मुद्दे पर भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोला







**नयी दिल्ली ।** भाजपा सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया. अंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विपक्ष ने विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया. सभी गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे.

### हंगामेदार सत्र : लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

# एक देश-एक चुनाव... से जुड़ा विधेयक जेपीसी को भेजा गया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के स्थगित कर दी गई. इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के जोरदार हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129 वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया. इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई. लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया. विपक्षी सदस्य सदन के बीचों बीच पहुंच गए. इस दौरान सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे. विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा. हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई. जेपीसी में 27 सदस्य हैं. इनमें से 12 राज्यसभा से हैं.

**संसद परिसर में प्रदर्शन की अनुमति नहीं :** लोकसभा अध्यक्ष ने इस दौरान सदस्यों को संसदीय परंपराओं और गरिमा का सम्मान करने का आग्रह किया. उन्होंने सदस्यों को चेताया कि संसद परिसर धरना या प्रदर्शन के लिए नहीं है. ऐसा करने पर कार्यवाही भी की जा सकती है. उन्होंने सदस्यों को आगाह किया कि संसद के किसी द्वार पर अगर प्रदर्शन किया गया, तो अच्छा नहीं होगा. इसके बाद वंदेमातरम के साथ ही कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया.



**राज्यसभा में भी हंगामा :** अंबेडकर और सांसदों के बीच हुई धक्का मुक्की के मुद्दे को लेकर हंगामे के बीच शुक्रवार को राज्यसभा भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई. शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. सभापति जगदीप धनखड़ ने पहले सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित की. उसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया. इनमें सांसद घनश्याम तिवाड़ी, भुवनेश्वर कलिता, के. लक्ष्मण, कविता पाटीदार, संजय कुमार झा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, मुकुल बालकृष्ण वासनिक, साकेत गोखले, पी. विल्सन, संजय सिंह, मानस रंजन मंगराज और वी. विजयसाई रेड्डी शामिल हैं. इस सप्ताह के शुरुआत में लोकसभा से 27 सदस्यों को जेपीसी के लिए नामित किया गया था.

**गंभीर चिंतन के क्षण :** शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने सभा के शीतकालीन सत्र में अपने समापन भाषण में कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सत्र का समापन करते हुए हमें गंभीर चिंतन का क्षण देखना पड़ रहा है. ऐतिहासिक संविधान सदन में संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि करना था लेकिन इस सदन में हुए कार्य एक अलग कहानी बयां करते हैं. उन्होंने कहा कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ. उन्होंने कहा कि सांसदों के रूप में हम भारत के लोगों से कड़ी आलोचना का सामना कर रहे हैं. संसद की कार्यवाही में लगातार व्यवधान हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को लगातार कम कर रहे हैं. इस सत्र में तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक और बॉयलर्स विधेयक 2024 पारित किया गया और भारत-चीन संबंधों पर विदेश मंत्री का बयान सुना लेकिन इन उपलब्धियों से कहीं ज्यादा इस सदन की विफलताएं रही हैं. सभापति ने कहा कि संसदीय विचार विमर्श से पहले मीडिया के माध्यम से नोटिसों को प्रचारित करने और नियम 267 का सहारा लेने की बढ़ती प्रवृत्ति हमारी संस्थागत गरिमा को और कम करती है. भारत के 1.4 बिलियन नागरिक हमसे बेहतरी की उम्मीद करते हैं.



## एफआईआर दर्ज न करने पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी



**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने गुरुवार को संसद परिसर में सांसदों के बीच हुई धक्का-मुक्की वाली जगह के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई किए जाने की मांग की है. इसके साथ ही कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह से राज्यसभा में अंबेडकर के बारे में की गई अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने और अपने पद से इस्तीफा देने की मांग भी दोहराई.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा में पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी और लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया. कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि यह पहली बार हुआ जब सत्तारूढ़ दल ने संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी. उन्होंने कहा कि गुरुवार को भाजपा सासंदों ने जिस तरह संसद के दरवाजे को डंडे और झंडे के साथ घेर रखा था, उससे साफ जाहिर होता है कि वो पूरी तैयारी के साथ आए थे. उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ और राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गई. संसद परिसर के सीसीटीवी में एक-एक मिनट की रिकार्डिंग होती है. उस समय के सीसीटीवी फुटेज जब्त किए जाएं और उन्हें सार्वजनिक किया जाए. कांगेस नेता तिवारी ने कहा कि भाजपा की एफआईआर लिख दी गई और हमारी एफआईआर अभी तक नहीं लिखी गई है. इस पर हमारे पास सभी विकल्प खुले हैं. जो दो सांसद अस्पताल में उपचाराधीन हैं,

### विश्व धर्म संसद में गूंजे स्वर!

## पाक और बांग्लादेशी हिंदुओं के लिए अलग देश बनाएं पीएम मोदी

**एजेंसी । हरिद्वार**

श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में आयोजित विश्व धर्म संसद के दूसरे दिन संतों और प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की मांग की. उन्होंने एक स्वर में यह आह्वान किया कि मोदी सरकार इन देशों में हिंदुओं के सुरक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई करें और इन देशों का बंटवारा करके हिंदुओं के लिए एक अलग राष्ट्र की स्थापना करें. संतों और जनसमुदाय ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री खुद को हिंदुओं का नेता मानते हैं, तो उन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की स्थापना के लिए तुरंत कदम उठाना चाहिए. अगर वे ऐसा नहीं करते तो यह हिंदू समाज के लिए विश्वासघात होगा और उनकी नेतृत्व की विश्वसनीयता पर सवाल उठेगा. विश्व धर्म संसद के आयोजकों ने मौके पर उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ा आक्रोश व्यक्त किया. संतों का आरोप था कि राज्य के अधिकारी धर्म संसद के आयोजन में व्यवधान डाल रहे हैं, जिससे सनातन धर्म का उन्होंने कहा कि ये अधिकारी अब सनातन धर्म के मजाक का कारण बन चुके हैं. महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने सभा में कहा कि हम हिंदुओं की सबसे बड़ी दुर्दशा का कारण यही है कि हमारा अपना राष्ट्र नहीं है.अपमान हो रहा है.

### धार्मिक कार्यक्रम में हादसा

## मेरठ में कथावाचक की कथा के दौरान भगदड़ मची, कई घायल

**एजेंसी । मेरठ**

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में शुक्रवार को कथावाचक प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण की कथा के दौरान भगदड़ मच गयी. इसमें कई लोग घायल हो गए हैं. घटना की जानकारी पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर तुरंत पहुंचे. मेरठ के परतापुर के शताब्दी नगर सेक्टर-4 में प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण की कथा का शुक्रवार को छठा दिन था. हर दिन की तरह भीड़ ज्यादा थी. श्रद्धालुओं की संख्या डेढ़ लाख से अधिक थी. पंडाल पूरी तरह से भरा हुआ था, जबकि बाहर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे थे. सुरक्षा में मुस्तैद बाउंसरों ने जब भीड़ को रोकने का प्रयास किया तो भीड़ में धक्का-मुक्की शुरू हो गई. इस दौरान कुछ लोगों के नीचे गिरने से भगदड़ मच गयी. इसमें कई श्रद्धालु घायल हो गए. आयोजकों को कहना है कि कथा का अंतिम दिन होने के कारण कई जगह बैरिकेडिंग की गई है. सुरक्षा व्यवस्था के भी सारे प्रबंध किए गये थे. भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, ऐसे में पंडाल के बाहर जमा श्रद्धालुओं की व्यवस्था बनाने में परेशानी हुई. इस दौरान कुछ महिलाएं गिर गईं. जिलाधिकारी दीपक मीना ने बताया कि कथा मंडप के प्रवेश द्वार पर भीड़ थी. कुछ महिलाएं वहां पर खड़ी थीं. धक्का-मुक्की में एक-दो महिलाएं गिर गयी थीं.

## श्रीनगर का पारा शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस

**एजेंसी । श्रीनगर**

कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर लंबे समय तक शुष्क मौसम जारी रहने के कारण घाटी के कई हिस्सों में पारा इस मौसम के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है जिसमें श्रीनगर में अब तक की सबसे ठंडी रात शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई. कश्मीर में शीत लहर ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित अधिकांश क्षेत्रों में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई. श्रीनगर में इस मौसम का सबसे कम तापमान शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दक्षिण कश्मीर के शोपियां में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा कश्मीर के प्रवेशद्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## कोलंबो: 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचाया

**कोलंबो ।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तर-पूर्वी तट के निकट समुद्र क्षेत्र में संकट में फंसे म्यामांर के 25 बच्चों समेत 102 रोहिंग्याओं को बचा लिया. स्थानीय मछुआरों ने इनको सबसे पहले मुल्लईतिवु जिले के वेल्ला मुल्लीवैक्कल क्षेत्र में देखा. मछुआरों ने नौसेना को इसकी सूचना दी. डेली न्यूज समाचार पत्र के अनुसार, नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन गयान विक्रमसूर्या ने कहा कि म्यांमार से 102 संदिग्ध अवैध प्रवासियों को ले जा रही नाव रास्ता भटक कर उत्तर-पूर्व में मुल्लईतिवु जिले में मुल्लैवैक्कल तट से दूर समुद्र की ओर बह गई थी. मछुआरों ने इनको 19 दिसंबर को देखा था. सूचना मिलते ही नौसेना के जवान उनके पास पहुंचे .

## गुजरात का गौरव: सूरत का इच्छापोर पुलिस स्टेशन बना देश का सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन




**सूरत ।** सूरत के इच्छापोर पुलिस स्टेशन को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है. यह गौरवपूर्ण पुरस्कार भुवनेश्वर में आयोजित डीजीपी सम्मेलन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री के हाथों इच्छापोर पुलिस स्टेशन को प्रदान किया गया. इस पुरस्कार के लिए कानून और व्यवस्था के क्षेत्र में स्टेशन के अद्वितीय कार्य, नागरिक सहयोग और आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग को मुख्य आधार माना गया है.

### सुर्खियों में

### अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ, पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी

# सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया में सब सुरक्षित : योगी

**एजेंसी । अयोध्या**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अशर्फी भवन मंदिर में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया. योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की. इस दौरान मुख्यमंत्री ने आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन



धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है. इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है.

उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है. ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए. उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है. रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है. योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है. उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है.

### सुप्रीम कोर्ट

## नेपाल में जनयुद्ध शब्द हटाने का आदेश

**काठमांडू ।** नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार देते हुए सरकारी अभिलेखों और दस्तावेजों से इसे हटाने का आदेश दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने यह अहम फैसला गुरुवार को सुनाया. नेपाल में माओवादी अपने 10 वर्ष के सशस्त्र द्वंद्व काल को जनयुद्ध कहते हैं. इन्होंने सत्ता में रहते हुए बजट सहित अन्य सरकारी कामकाज में इस शब्द का इस्तेमाल है. सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश प्रकाशमान सिंह राउत की अध्यक्षता वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच ने फैसले में जनयुद्ध शब्द को असंवैधानिक करार दिया.

# ट्रंप से किसी भी समय बातचीत को तैयार पुतिन

**एजेंसी । मॉस्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध पर वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने को तैयार हैं. पुतिन ने कहा कि चूंकि युद्ध खत्म करने के लिए रूस और यूक्रेन दोनों को समझौता करना होगा. इसके लिए कोई शर्त नहीं है. दरअसल, एक बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यालय में आने के कुछ ही घंटों के भीतर वो यूक्रेन शांति समझौता कराने की बात कही थी. इसी को लेकर रूसी राष्ट्रपति ने साल की आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वो अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार हैं. पुतिन ने आगे कहा कि रूस इस समय 2022 से ज्यादा मजबूत स्थिति में है. यूक्रेन में रूसी सेना आगे बढ़ रही है, पर वह वार्ता और समझौते के लिए तैयार हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुतिन ने यह भी स्वीकार किया कि यूक्रेन में लड़ाई जटिल है लेकिन रूसी सेना यूक्रेनी सशस्त्र बलों को कुर्स्क क्षेत्र से जरूर बाहर निकाल देगी.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487** ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)